ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● माघ शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 04 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-05 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

नयनतारा भी हुई थीं कास्टिंग काउच की शिकार... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 से

रांची। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से 24 मार्च तक चलेगा। सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। संसदीय कार्य विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव के मुताबिक, मार्च के पहले सप्ताह में राज्य सरकार अपना बजट पेश करेगी। यह हेमंत सोरेन सरकार का चौथा बजट होगा। बजट सत्र के दौरान ही होली की छुट्टी होगी।

अमूल का दूध महंगा

नई दिल्ली। अमूल दूध के मूल्य में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि यह सरकार दूध के दाम तक को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। सांसद चौधरी ने कहा कि लगातार दूध के दाम बढ़ाए जाने से लोग दुखी हैं। मोदी सरकार को देश के बच्चों की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर यह सरकार बच्चों के प्रति संवेदनशील होती तो बढ़ते दूध के दामों को नियंत्रित करने के लिए कोई कदम जरूर उठाती। उल्लेखनीय है कि अमूल ने पाउच दूध (सभी वेरिएंट) की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।

कैश कांड : अब सुनवाई 24 को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में शुक्रवार को 46 लाख के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता रंजीत कुमार ने पैरवी की। कोर्ट ने राज्य सरकार को मामले में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने बंगाल पुलिस द्वारा मामले की जांच करने लेकिन चार्जशीट दाखिल नहीं करने के अंतरिम आदेश को 24 फरवरी तक बरकरार रखा है। अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

अखिलेश के काफिले की 6 गाड़ियां आपस में टकराईं, कई घायल

हरदोई। हरदोई में सपा मुखिया अखिलेश यादव के काफिले में शामिल 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। अखिलेश सुरक्षित हैं। उन्हें कोई चोट नहीं पहुंची है। वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

नो फ्री वॉटर

- शहरी क्षेत्रों में 3.80 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से देना होगा वॉटर टैक्स
- नए वाटर टैरिफ का विभागीय नोटिफिकेशन जारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शहरी क्षेत्र में 3.80 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से अब वाटर टैक्स देना होगा। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों को वाटर टैक्स से मुक्त रखा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को राज्य सरकार ने नए वाटर टैरिफ-2023 तैयार कर विभागीय नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है, जिसे पहली अप्रैल से पूरे राज्य में लागू कर दिया जायेगा। अब नगर निगम, नगर पालिका और शहरी अधिसूचित क्षेत्र में पांच हजार लीटर तक पानी फ्री नहीं मिलेगा। केवल ग्रामीण क्षेत्र में निर्मित नहर से पानी इस्तेमाल पर 4.30 रुपये प्रति हजार लीटर भुगतान करना होगा। एपीएल और बीपीएल स्लैब को भी हटा दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र का वाटर टैक्स शून्य रखा गया है। केवल नहर से पानी इस्तेमाल पर 4.30 रुपये प्रति हजार देना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अन्य स्रोत से इस्तेमाल पानी पर कोई शुल्क नहीं देना होगा। औद्योगिक क्षेत्र के आवासीय परिसर को इंडस्ट्रियल रेट से बाहर कर दिया गया है। इसे 4.30 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से वाटर टैक्स देना होगा। ओवरऑल 7.5 प्रतिशत बढ़ोतरी की गयी है। यह मुद्रास्फीति की दरों के आधार पर औसत वृद्धि है। एक अप्रैल से अब इसी प्रतिशत से बढ़ोतरी की जाएगी। सरकार ने तर्क दिया है कि ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में लागू वाटर टैक्स स्लैब पर विचार करने के बाद इसे झारखंड में लागू किया जा रहा है। अब पानी के स्रोत को तीन भाग में बांटा गया है। इसमें प्राकृतिक जलस्रोत (नदी, नाला, जलधारा), जलाशय एवं जलाशय की डाउन स्ट्रीम और निर्मित नहर आदि शामिल हैं। नये वाटर टैरिफ में कहा गया है कि लेट पेमेंट सरचार्ज (डीपीएस) को 10 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में अगर उपभोक्ता अपने पूरे वर्ष के वाटर टैक्स की राशि जमा करा देते हैं, तो उन्हें वाटर टैक्स के बिल में प्रतिशत तक छूट दी जाएगी।

जजों के तबादले में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा

हमें कठोर कदम उठाने को न करें मजबूर

ब्यूरो

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत के कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी देने में देरी पर केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक और न्यायिक दोनों तरह की कार्रवाई हो सकती है, जो सुखद नहीं हो सकती है।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा, हमें कोई स्टैंड न लेने दें जो बहुत असुविधाजनक होगा। न्यायाधीशों के तबादले को लंबित रखा जाना एक गंभीर मुद्दा है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि स्थानांतरण एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है और इस प्रक्रिया में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने एजी को बताया कि कभी-कभी सरकार इसे रातों-रात करती है और कभी-कभी इसमें अधिक समय लगता है। इसमें एकरूपता नहीं होती है। कोर्ट ने कहा कि मुख्य न्यायाधीशों के स्थानांतरण भी लंबित हैं।

पीठ ने मौखिक रूप से एजी से कहा, हमें एक कठिन निर्णय लेना होगा। हमें कड़ा रुख अपनाने के लिए मजबूर न करें। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा, ऐसा होता रहा है! लेकिन ऐसा कब होगा? चीजें सालों से नहीं हो रही हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अमित पई ने कहा कि कोर्ट पर बाहर से हमला किया जा रहा है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हम इसके अभ्यस्त हैं। निश्चिंत रहें कि यह हमें परेशान नहीं करता है। यह अधिकारियों को पता है कि कहां जाना है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को निर्धारित की।

बीबीसी डॉक्यूमेंट्री : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

एजेंसी। नई दिल्ली

2002 गुजरात दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर रोक के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से डॉक्यूमेंट्री के बारे में किए गए ट्वीट हटाने को लेकर जारी आदेश की फाइल भी मांगी है। अप्रैल के महीने में मामले पर अगली सुनवाई होगी। जस्टिस संजीव खन्ना और एम एम सुंदरेश की बेंच के सामने 2 याचिकाएं सुनवाई के लिए लगी थीं। पहली याचिका वरिष्ठ पत्रकार एन राम, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और वकील प्रशांत भूषण की थी।

इसमें डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : दी मोदी क्वेश्चन' पर लगी रोक का विरोध किया गया है। साथ ही याचिकाकताओं की तरफ से इसके बारे में किए गए ट्वीट को ट्विटर से हटाए जाने का मसला भी उठाया गया है। दूसरी याचिका वकील एमएल शर्मा की थी। पहली याचिका की पैरवी के लिए वरिष्ठ वकील सी यू सिंह कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल कर ट्विटर से याचिकाकर्ताओं के ट्वीट हटवा दिए। इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा कि उन्होंने इस बारे में हाई कोर्ट में याचिका क्यों नहीं दाखिल की? सिंह ने जवाब दिया आईटी रूल्स के जिन नियमों के तहत सरकार ने यह कार्रवाई की है, उसका मामला सुप्रीम कोर्ट में ही लंबित है।

दुमका में झामुमो की विशाल रैली

केंद्र सरकार व राज्यपाल पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री सोरेन

नवीन मेल नेटवर्क/एजेंसी। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ऐलान किया है कि राज्य में 1932 के खतियान पर आधारित डोमिसाइल पॉलिसी हर हाल में लागू होगी। विधानसभा से पारित इस पॉलिसी का बिल राज्यपाल ने असंवैधानिक बताते हुए लौटा दिया है, लेकिन ऐसी ही पॉलिसी कर्नाटक में पारित कर दी गई है। पार्टी ने कहा कि यह पॉलिसी झारखंड की भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। झारखंड में इसे लागू कराने के लिए पार्टी किसी भी स्तर पर लड़ाई और संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी।

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में पार्टी के स्थापना दिवस पर गुरुवार रात आयोजित सम्मेलन सह रैली में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि झारखंडियों को वाजिब हक देने के लिए हमने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाई लेकिन इसे रोकने के लिए ताकतें सक्रिय हो गई हैं। हमारे खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। ऐसी ताकतें झारखंड के लोगों को बोका (मूर्ख) समझती हैं, पर अब बोका ऐसे लोगों को उनकी औकात बताएगा। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने कहा कि विपक्ष की साजिशों को समझें और जवाब दें।

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्र पर बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ मांगा तो हमारे पीछे सीबीआई-ईडी को लगा दिया गया। भाजपा जब चुनावी मैदान में हमसे नहीं जीत पा रही, तब सरकारी संस्थाओं का हमारे खिलाफ दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा की कथनी और करनी में भारी अंतर है। इसके विपरीत हमारी सरकार जो कहती है, वही करती है।

सम्मेलन और रैली में जुटे लाखों लोगों के बीच झामुमो ने कुल 47 राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए। इसमें छोटानागपुर-संथाल परगना टेनेंसी एक्ट को सख्ती से लागू करने, दुमका में उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना, दुमका को पूर्ण तौर पर उपराजधानी बनाने, सीएए और एनआरसी को खारिज करने, ओबीसी आरक्षण को लागू करने, सभी विद्यालयों में संथाली, बांग्ला व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू करने, तृतीय-चतुर्थ वर्गीय पदों को स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने की मांगों के प्रस्ताव शामिल हैं।

शाह आज देवघर में करेंगे रैली

बाबा के दर्शन कर नैनो खाद कारखाना की रखेंगे आधारशिला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को देवघर पहुंच रहे हैं। वो सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद संताल परगना को बड़ी सौगात देंगे। गृहमंत्री जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में इफको के नैनो खाद कारखाना की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद शाह विजय संकल्प रैली के माध्यम से संथाल में भाजपा की जीत के लिए कार्यकताओं को संकल्प दिलायेंगे। शाह विशेष विमान से सुबह 11 बजे देवघर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां से सीधे बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर डेढ़ बजे जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचेंगे। वो इफको के नैनो फर्टिलाइन प्लांट का शिलान्यास करेंगे। अपराह्न 3.15 से शाम 4.45 बजे तक आरके मिशन विद्यापीठ के शताब्दी समारोह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

अमित शाह पर टिप्पणी का मामला : राहुल गांधी को राहत

झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुजनाथ की कोर्ट में शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट द्वारा जारी नोटिस पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को लिखित बहस प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 17 फरवरी निर्धारित की है। चार फरवरी को रांची सिविल कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ दायर शिकायतवाद पर सुनवाई की तिथि निर्धारित थी। इससे पहले नोटिस पर रोक लगने से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। रांची सिविल कोर्ट की न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कु की कोर्ट ने उन्हें वर्ष 2019 से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी किया है।

ग्लोबल लीडर्स में मोदी का जलवा

बाइडेन, सुनक, मैक्रों समेत 22 देशों के दिग्गज पीछे

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी देखने को मिल रहा है। ऐसा मॉर्निंग कंसल्ट के ताजा सर्वे में दिख रहा है। सर्वे के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने लोकप्रियता के मामले में 22 देशों के दिग्गिज नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। ताजा सर्वे में पीएम मोदी को 78 फीसदी की अप्रूवल रेटिंग मिली है। 'मॉर्निंग कंसल्ट' की ये रेटिंग 26 जनवरी से 31 जनवरी के बीच की है।

छठे नंबर पर जो बाइडेन

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 50 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ इस लिस्ट में 5वें नंबर हैं। हैरानी की बात है कि सुपरपावर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन इस लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 40 प्रतिशत है। उनके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का नाम आता है। उनकी रेटिंग भी 40 प्रतिशत है। भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। वर्ल्ड लीडर्स के बीच उनकी रेटिंग 30 प्रतिशत है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस लिस्ट में 11 स्थान पर हैं। उनकी रेटिंग 29 प्रतिशत है।

राहुल ने पीएम को लिखा ओपन लेटर

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में हुए टारगेट किलिंग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को ओपन लेटर लिखा है। उन्होंने दावा किया कि सरकारी अधिकारी कश्मीरी पंडितों पर घाटी में काम करने के लिए दबाव बना रहे हैं। राहुल ने चिट्ठी में लिखा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मिलकर अपने दुखद हालात बताए। आतंकियों की टारगेटेड किलिंग के शिकार कश्मीरी पंडितों को बिना सुरक्षा गारंटी घाटी में जाने के लिए विवश करना निर्दयी कदम है।

वाह रे बिहार आवेदन तो रद्द कर दिया गया पर इलाके में इसकी जबरदस्त है चर्चा

'टॉमी' ने दिया ऑनलाइन आवेदन!

गया जिले के गुरारू अंचल कार्यालय का मामला है

जहां एक कुत्ते की जाति के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है

आवेदन में आवेदक का नाम- टॉमी, पिता का नाम शेरू, माता का नाम गिन्नी है जबकि लिंग में पुरुष लिखा हुआ है

एजेंसी। गया

अब तक आपने किसी मनुष्य या व्यक्ति को ही जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते देखा और सुना होगा, लेकिन बिहार के गया जिले के गुरारू प्रखंड के अंचल कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र बनवाने का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां एक कुत्ते ने जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया है। ऑनलाइन मिले इस आवेदन को हालांकि जांच के बाद रद्द कर दिया गया है, लेकिन इस आवेदन की चर्चा खूब हो रही है।

दरअसल, यह पूरा मामला गया जिले के गुरारू अंचल कार्यालय का है, जहां एक कुत्ते की जाति के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है। आवेदन के लिए जो आधार प्रस्तुत किया गया है, उसमें कुत्ते की तस्वीर भी लगी हुई है। आवेदन में आवेदक का नाम- टॉमी, पिता का नाम शेरू, माता का नाम गिन्नी है जबकि लिंग में पुरुष लिखा हुआ है। आवेदक अपने पता में गांव पाण्डेपोखर, पंचायत रौना, वार्ड नंबर 13, अंचल गुरारू एवं थाना कोंच लिखा है।

आवेदन पत्र के साथ जो आधार कार्ड दिया गया है, उसमे कुत्ते की तस्वीर है और आधार संख्या 993460458271 है। आवेदन में आवेदक ने पेशा स्टूडेंट, जाति बढ़ई, जाति अनुक्रमांक- 113, जन्म तिथि-14 अप्रैल 2022 लिखी गई है। जाति में वर्ग अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची 1) लिखा गया है।

अंचल कार्यालय के मुताबिक, 24 जनवरी को जाति प्रमाण पत्र के यह ऑनलाइन आवेदन किया गया था। जब यह आवेदन आया तो अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक भी परेशान हो गए, बाद में जांच के बाद इस आवेदन को रद्द कर दिया गया है। जांच में आधार कार्ड भी फर्जी निकला है। इस मामले मं गुरारू के अंचल अधिकारी संजीव कुमार त्रिवेदी ने आईएएनएस को बताया कि यह किसी ने शरारत की है। उन्होंने कहा कि आवेदन के साथ जो मोबाइल नंबर दिया गया है, उस पर डायल करने से ट्रूकालर पर राजा बाबू का नाम दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि इसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इन्हें चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बिहार में जाति आधारित जनगणना भी शुरू है।

आजसू ने रामगढ़ सीट पर सुनीता चौधरी को बनाया उम्मीदवार

रांची। आजसू पार्टी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को लेकर उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। वे चार फरवरी यानी आज नामांकन करेंगी। आजसू प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में कहा कि रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सुनीता चौधरी आजसू से उम्मीदवार होंगी। यह निर्णय आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में संसदीय बोर्ड की बैठक में किया गया। उन्होंने कहा कि चार फरवरी को नामांकन के दौरान सहयोगी भाजपा के भी नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी से उपचुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गई है। नामांकन की प्रकिया सात फरवरी तक चलेगी।

सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड

नवीन मेल नेटवर्क। रांची

राज्य में सर्द हवाओं ने जाती ठंड को रोक लिया है। दिसंबर जैसी ठंड का एहसास फरवरी में हो रहा है। सर्द हवा चलने से राजधानी समेत राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान तीन से छह डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गयी है। आलम यह है कि सुबह की कनकनी ने लोगों का बिस्तर से उठना मुश्किल कर दिया है। ठंड का सबसे ज्यादा असर खूंटी में रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राज्य के कई हिस्सों में भी ठंड बढ़ी है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। जमशेदपुर का तापमान अधिकतम रहा। यहां का तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के विभिन्न हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से

अधिक चल रहे हैं। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अगले दो से तीन दिनों में ठंड से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी माह में रांची का न्यूनतम तापमान पिछले आठ साल में 10 डिग्री से नीचे भी पहुंचा है। वर्ष 2014 में 18 फरवरी को 7.3 डिग्री, 2015 में एक फरवरी को 6.0 डिग्री, 2016 में पांच फरवरी को 9.4 डिग्री, 2018 में दो फरवरी को 9.0 डिग्री, 2019 में 11 फरवरी को 8.2 डिग्री, 2020 में 10 फरवरी को 6.5 डिग्री, 2021 में एक फरवरी को 6.3 डिग्री व वर्ष 2022 मंव सात फरवरी को 8.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

NEWS इन ब्रीफ

सात खिलाड़ियों का नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी विश्व प्रतियोगिता के लिए चयन

सिल्ली। सिल्ली कॉलेज के 7 खिलाड़ीयों का चयन नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी वुशु प्रतियोगिता में हुई । खेल प्रभारी प्रभा मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी सातों वूशु खिलाड़ी शनिवार 4 फरवरी को को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के लिए रवाना होगी जिसमें शशिकांत महतो, दिपक महतो, अविनाश कोईरी,भुनेशवर शर्मा, वर्षा रानी, सबीता कुमारी शामिल है। इन खिलाड़ियों का नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी वुशू प्रतियोगिता में चयन होने पर कॉलेज के प्राचार्य मुकुंद महतो, प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो सावित्री देवी, प्रो अर्चना, श्यामल डे आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।

सड़क दुर्घटना में 21 वर्षीय युवक घायल

सिल्ली। सिल्ली थाना अंतर्गत रामपुर निवासी महिपाल बेदिया उम्र 21 वर्ष एक टेलर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया! जानकारी के अनुसार महिपाल वेदिया अपने बाइक से बरलांगा पचांडू घूमने गया हुआ था! वापस अपने घर लौटने के क्रम में गेड़ेवीर पुल के समीप एक ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह पूरी तरह जख्मी हो गए! ग्रामीणों द्वारा उसे इलाज के लिए सिंहपुर नर्सिंग होम ले जाया गया।

केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह चार फरवरी को आएंगे रांची

रांची। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह शनिवार को रांची आ रहे हैं। 12 बजे एयरपोर्ट पर उनका पार्टी के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। इसके बाद वे सरला बिरला स्कूल में प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के 'बजट पर चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होंगे।

आम जन की राय से ही बनाएंगे बजट : सीएम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, शोषित, जरूरतमंद समुदाय सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को मद्देनजर रखते हुए एक बेहतर और समावेशी बजट बनाया जा सके, इसी सोच के साथ 'हमीन कर बजट' अंतर्गत राज्य की आम जनता एवं विशेषज्ञों के सुझाव राज्य सरकार ने बजट से पूर्व लेने का काम किया है। आप सभी के सुझाव के अनुरूप लोक कल्याणकारी बजट बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। वर्ष 2023-24 का बजट ऐसा बने, जिससे एसटी, एससी, ओबीसी, माइनॉरिटी सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल सके।

शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में वित्त विभाग द्वारा आयोजित बजट-पूर्व गोष्ठी 2023-24 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वरोजगार सृजित करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर राज्य सरकार विशेष बल दे रही है। सड़क, बिजली, पानी की उपलब्धता हर व्यक्ति की जरूरत है। वर्तमान समय में झारखंड राज्य में सड़क मार्ग, हवाई मार्ग तथा जल मार्ग की स्थिति संतोषजनक है। इन क्षेत्रों में काफी विकासात्मक काम हुए हैं। झारखंड के 24 में से 23 जिले किसी न किसी दूसरे राज्यों से जुड़े हैं। आने वाले समय में इन कनेक्टिविटी का उपयोग रोजगार सृजन के साथ-साथ रेवेन्यू जेनरेट का जरिया बने ऐसी कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। राज्य सरकार चाहती है कि झारखंड के लोगों को क्या सपोर्ट दें कि यहां के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। बजट राज्य के विकास के लिए बनायी जाती है। मुझे विश्वास है कि जिन महानुभावों ने बजट पर अपना सुझाव राज्य सरकार को दिया है, उनके सुझाव राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राज्यों तथा बड़े-बड़े शहरों में बजट के प्रति आम लोगों की उत्सुकता देखने को मिलती है, परंतु हमारे राज्य में बजट के प्रति लोगों में उत्सुकता कम नजर आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोग बजट को जानने का प्रयास करें तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों मैं एक ऐसे क्षेत्र में गया जहां 40 वर्षों के बाद वहां के लोगों ने शहर के लोगों को देखा। हमारे राज्य में इसी तरह के कई और क्षेत्र हैं जहां विकास की योजनाएं न के बराबर पहुंच पायी हैं। हमारी सरकार की सोच है कि राज्य के भौगोलिक बनावट को ध्यान में रखकर बजट ऐसा बनाया जाए जिसका लाभ प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश के अन्य राज्यों के मुकाबले बिल्कुल डिफरेंट स्टेट है। हमारे राज्य में दूसरे राज्यों के बजट मॉडल को कॉपी पेस्ट नहीं किया जा सकता है।

नीति निर्धारण पर हुआ है कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नीति निर्धारण पर कार्य कर रही है। राज्य में कई बेहतर पॉलिसी बनाई गई है जिसमें खेल नीति, टूरिज्म नीति सहित कई नीतियां शामिल है। खेल नीति के तहत युवाओं को नौकरियां भी मिल रही हैं। खेल के क्षेत्र में झारखंड हमेशा से आगे रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। वर्तमान में भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड के 5 से 6 बच्चियां देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। पंचायत स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र को भी मजबूत करने का काम किया जाएगा। स्कूल तथा कॉलेजों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर लगाया जा रहा है। स्कूलों तथा कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इस निमित्त प्रोफेसर तथा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी। राज्य सरकार टूरिज्म पॉलिसी के तहत रोजगार सृजन के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हमारे राज्य में पहले नक्सल गतिविधियों के कारण टूरिज्म को अनदेखा किया गया था लेकिन अब स्थिति वैसी नहीं है अब राज्य सरकार टूरिज्म सेक्टर पर आगे बढ़ रही है। बजट गोष्ठी में महानुभावों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप राज्य सरकार सभी जिलों में हॉस्टल, महिला हॉस्टल का निर्माण तथा पीपीपी मोड पर शहरों का विकास इत्यादि क्षेत्रों पर कार्य करेगी।

सीसीएल के स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की हुई जांच

रांची। रांची के हाथीगोंडा में सीसीएल के तत्वावधान में शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 ग्रामीणों के हाइपरटेंशन तथा मधुमेह की निःशुल्क जांच की गई। उल्लेखनीय है कि सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के कुशल निर्देशन में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के लिए समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहती है। इससे सीसीएल के कमांड क्षेत्रों और आस-पास के ग्रामीणों को काफी लाभ होता है। सीसीएल के इस प्रयास को ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अरूणा हेंब्रोम, डॉ. अनिता होरो, डॉ. रजनी दीपा कुजूर तथा डॉ. नीलू कुमारी सहित गांधीनगर अस्पताल के अन्य चिकित्सक और पारा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

प्रतिभा दर्शन महोत्सव के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई

नवीन मेल संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली खेलगांव लगाम मैदान में चल रहे चार दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव में दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें कई टीमें अगले चक्र में प्रवेश किया।वही भूमि स्पोर्ट्स फुटबॉल एकेडमी को खेल में अनुशासनहीनता के कारण उन्हें खेल कमेटियों ने इस प्रतियोगिता से बाहर निकाला। दूसरे दिन के क्रिकेट प्रतियोगिता में कालीमाटी इलेवन बनाम रेलवे मुरी के बीच खेला गया जिसमें कालीमाटी ने 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए अगले चक्र में प्रवेश किया वही सिल्ली इलेबन बनाम झालदा वीणा पानी के बीच खेला गया।। जिसमें झालदा वीणापानी क्रिकेट क्लब में सुपर ओवर में जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वही सोना इलेबन गोराडीह बनाम धनाडीह लायंस क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सोना इलेबन गोंराडीह ने 65 रन से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। रोशन इलेबन कोकाराना बनाम स्टार इलेबन क्लब के बीच खेला गया।जिसमें रोशन इलेवन ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। कोई सेकंड राउंड के क्रिकेट प्रतियोगिता में कालीमाटी इलेबन बनाम झालदा वीणा पानी के बीच खेला गया। जिसमें झालदा वीणापानी ने 12 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वही रोशन इलेबन कोकाराना बनाम सोना इलेबन गोराडीह के बीच खेला गया जिसमें सोना इलेबन गोराडीह ने 51 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एडवांस क्लब बोकारो और भीटीसी टाटीसिलवे फाइल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में एडवांस क्लब बोकारो ने राइजिंग क्लब दंगल को 25-17, 25-20 से हराया तथा भीटीसी टाटीसिलवे ने झीरकी क्लब को 25-23, 29-27से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

22 फरवरी से 3 मार्च तक पर्यावरण मेले का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

युगांतर भारती तथा नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह 22 फरवरी से 3 मार्च तक रांची के मोराबादी मैदान में लगाया जाएगा। मेले में देश के जाने-माने तथा प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् कानूनविद् आदि लोकहित व्याख्यानों द्वारा पर्यावरण के विभिन्न आयामों पर अपने अनुभव एवं विचार रखेंगे। यह जानकारी मेले के संयोजक डॉ.एम.के. जमुआर ने दी। डॉ.जमुआर ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में पर्यावरण के प्रति रूचि बढ़ाना है। इसके लिए राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए पर्यावरण विषय पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी शैक्षणिक संस्थानों से चुने गये उत्कृष्ट प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 23 फरवरी को मेला परिसर में किया जायेगा। विशेषज्ञ पैनल द्वारा घोषित किये गये विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र, पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को पर्यावरणीय मानदंडों के अनुरूप कार्य करने वाले निजी एवं सरकारी औद्योगिक इकाईयों को पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार दिया जायेगा। 25 फरवरी को फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए इको टूरिज्म फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 25 फरवरी को ही सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय उपाध्याय पर्यावरणीय कानून पर व्याख्यान देंगे। 26 फरवरी को पाक कला के माहिरों के लिए ह्यस्थानीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 27 फरवरी को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के वैज्ञानिक सलाहकार तथा हैदराबाद और जामिया हमदर्द के पूर्व कुलपति, पद्मश्री प्रो. एस.ई. हसनैन इको साइंसह्ल की महता पर प्रकाश डालेंगे। 01 मार्च को वरिष्ठ पर्यावरणविद् और झारखण्ड सरकार के पूर्व पीसीसीएफ, संजय कुमार पर्यावरण और झारखण्ड विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

माकपा का राज्य स्तरीय शिक्षण शिविर जामताड़ा में चार से

नवीन मेल संवाददाता। रांची

माकपा का राज्य स्तरीय शिक्षण शिविर जामताड़ा में चार और पांच फरवरी को आयोजित किया गया है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी कार्यकताओं को संगठित रुप से आने वाले दिनों मे आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उनकी राजनीतिक चेतना और सांगठनिक दक्षता को और विकसित किए जाने के उद्देश्य से दो दिवसीय शिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिक्षण शिविर में बुनियादी मार्क्सवाद, भारतीय दर्शन की प्रगतिशील परंपरा और पार्टी एवं जनसंगठन तथा संतालपरगना, छोटानागपुर काश्तकारी कानून जैसे विषयों पर कक्षाएं होगी। शिक्षक के रूप मे जाने - माने मार्क्सवादी चिंतक बादल सरोज और मेहनतकशों की हिंदी पत्रिका सीटू मजदूर तथा अंग्रेजी पत्रिका "द वर्किंग क्लास के कार्यकारी संपादक ज्ञान शंकर मजुमदार इस शिक्षा शिविर को संबोधित करेंगे।

शिक्षण शिविर का उद्घाटन माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद डॉ रामचंद्र डोम करेंगे। शिविर के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता पार्टी के सचिव मंडल सदस्य सुरजीत सिन्हा, समीर दास और प्रफुल्ल लिंडा करेंगे। शिविर में में पूरे राज्य के विभिन्न जिलों से छात्र, युवा,महिला श्रमिक और किसान संगठनों के 200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगें।

सारे लोगों को मिलेगी जवाबदेही ईमानदारी से काम करें : जयप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय रांची में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जयप्रकाश नारायण यादव ने की। बैठक में उन्होंने झारखंड में पार्टी की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। श्री यादव ने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं-कार्यकताओं को मिलकर सदस्यता अभियान को जोरदार तरीके से चलाना है। पूरे झारखंड में संगठन को मजबूत करना है, पार्टी को बेहतर से बेहतर बनाना है। पार्टी मजबूत होगी तभी हम सब मजबूत होंगे। इसलिये सारे भेदभाव भुलाकर संगठन को मजबूत करने में लग जाएं। प्रमंडलीय स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक प्रभारी बनाया जायेगा। सभी को जबाबदेही दी जाएगी। सारे लोग ईमानदारी से अपनी-अपनी जवाबदेही निभाएं और संगठन को मजबूत करें। जिस तरह से लालू प्रसाद यादव राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समय से लेकर आज तक झारखंड में जो जनाधार है कम नहीं हुआ है, भले ही चुनाव में हमारा सीट कम रहा, किंतु झारखंड की जनता का प्यार स्नेह राष्ट्रीय जनता दल को मिलता रहा है। उन्होंने झारखंड में संगठन के विस्तार पर जोर दिया कहा जिस तरह से लालू प्रसाद यादव की विचारधारा बिहार में विस्तारित हुआ है उसी तरह झारखंड में भी उनके विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची आ रहे हैं। उन्होंने सभी नेताओं कार्यकताओं को निर्देश दिया कि 12 फरवरी के कार्यक्रम के लिए तैयारी में लग जायें। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सर्वसम्मति से चतरा के लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी राजद के वरिष्ठ नेता श्री सुभाष प्रसाद यादव को संयोजक बनाया गया है।

जिला समादेष्टा कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–01/2022

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी के विज्ञापन संख्या–01/2022 के अन्तर्गत गृह रक्षकों के नवनामांकन की सभी प्रक्रिया सम्पन्न हो जाने के पश्चात प्रमाण–पत्र सत्यापन एवं पुलिस सत्यापन में कुल–12 अभ्यर्थियों असफल/अनुपस्थित पाए गए है, जिसकी सूची निम्नवत् है उक्त 12 असफल/अनुपस्थित अभ्यिर्थियों की सूची एवं सभी प्रक्रियाओं में सफल 479 अभ्यिर्थियों की सूची Khunti.nic.in पर भी अपलोड कर दिया गया है।

क्र0सं0	रौल नं0	नाम	पिता/पति का नाम	प्रखण्ड	असफल होने का कारण
1	ARK-F-0024	जुलियानी सोय	हनुक सोय	अड़की	प्रमाण–पत्र सत्यापन में।
2	ARK-F-0179	चाँदमनी सिंह मुण्डा	रविन्द्र नाथ सिंह मुण्डा	अड़की	प्रमाण–पत्र सत्यापन में।
3	TOR-F-0329	एतवारी आईन्द	रेटका आईन्द	तोरपा	प्रमाण–पत्र सत्यापन में।
4	TOR-M-0062	सुनिल आईन्द	सनिका आईन्द	तोरपा	पुलिस सत्यापन में।
5	KHU-F-0027	एतवारी मुण्डू	बुदु मुण्डू	खूँटी	प्रमाण–पत्र सत्यापन में।
6	KHU-F-0125	सरीता कुमारी	सोमरा महली	खूँटी	प्रमाण–पत्र सत्यापन में।
7	KHU-M-0069	जॉनसन संगा	पौलुस संगा	खूँटी	अनुपस्थित।
8	KHU-M-0289	सुखदेव पाहन	महादेव पाहन	खूँटी	अनुपस्थित।
9	KHU-M-0621	अमरदीप महतो	देवन्द्र महतो	खूँटी	प्रमाण–पत्र सत्यापन में।
10	RAN-F-0130	फुलमनी गुड़िया	करमा गुड़िया	रनिया	अनुपस्थित।
11	MUR-M-549	अमर कैथा	चैतन कैथा	मुरहू	अनुपस्थित।
12	KAR-M-0806	सुनिल हमरोम	मांगु हेमरोम	कर्रा	अनुपस्थित।

ह0/–
उपायुक्त, खूँटी –सह– अध्यक्ष।

PR.NO.289152 District(22-23):D

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 86/22–23.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 13/02/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 14/02/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 14/02/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

क0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	डोरण्डा, रॉंची स्थित जैप–1 के फूड कोर्ट/ सेमिनार हॉल मे 4 अदद् 20 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य।	3,78,195=00	12,000=00	750=00	7 दिन
2.	बिरसा मुण्डा एयर पोट (धुर्व हैगर) रॉंची के एविऐसन विंग में 01 अदद् 1 .5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयत्र के अधिष्ठापन का कार्य।	81,712=00	2,000=00	500=00	7 दिन
3.	धुर्वा स्थित पुलिस हेड क्वार्टर में विभिन्न कार्यालय कक्षों में 06 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य।	4,91,163=00	10,000=00	750=00	7 दिन
4.	धुर्वा स्थित पुलिस हेड क्वार्टर के आवासीय कार्यालय एवं वरीय पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य।	5,25,543=00	11,000=00	1250=00	एक वर्ष
5.	बरही हजारीबाग स्थित अनुमण्डल अस्पताल में ट्रॉसफार्मर से मेन पैनल तक केबल कनेक्शन का कार्य।	4,70,865=00	10,000=00	750=00	14 दिन

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।

PR.NO.289181 Energy(22-23):D

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना का शुद्धि पत्र

T. Reference No. :- Different Tolas SVS-CLU - 27/2020-21 (PR No. 286099) Date 03.02.2023

Si. No.	Name of Work	CLUSTER NAME	BLOCK	Estimated Cost (LAKH.)	Bid Security (LAKH)	Cost of BOQ (Rs.)
1.	Construction of Solar Based Mini Water Supply Scheme (SVS) in Different Block comprising of suitable R.C.C./ Framed structure ESR Distribution line, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation, Division, Ranchi East, Ranchi.	18F2	TAMAR	288.72223	2.89000	10,000.00
		5C	RAHE	329.95619	3.30000	10,000.00
		5D	SONAHATU	285.08979	2.86000	10,000.00
		2C	ANGARA	397.81903	3.98000	10,000.00
		17B	RAHE	443.53807	4.44000	10,000.00
		18D	TAMAR	473.25640	4.74000	10,000.00
		4C	ORMANJHI	364.36051	3.65000	10,000.00

2.	Time of Completion	9 Months + 1 months (Trial and run)
3.	Date of Tender Uploading on Website	06.02.2023/04.00 PM.
4	Document Download / Sale Start Date	06.01.2033/04.00 PM
5	Bid Submission Start Date	06.02.2023/04.00 PM.
6	Document Download / Sale End Date	13.02.2023/04.00 PM.
7	Bid Submission End Date	13.02.2023/04.00 PM.
8	Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy)	14.02.2023/01.00 PM.
9	Date of Opening of Tender	14.01.2023/05.00 PM.
10	Name & Address of Office Inviting Tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.
11	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.
12	Contact No. Of Procurement Office	0651-2480155
13	Helpline No. Of e-procurement cell	0651-2480345

नोट :– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR.NO.289163 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, रॉंची

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –29/2022–23

1.	विभाग का नाम	:–	पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रॉंची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची।
3.	परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय	:–	10.02.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय	:–	11.02.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एंव समय	:–	11.02.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:–	1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, रॉंची।
7.	निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः–	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची।
8.	कार्यो की विवरणी	:–	

क	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	B.O.Q. का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि।
1.	Improvement water supply by replacing of tank 2000 Ltrs. W/S/Tank at Girls Hostel No -1 RIMS Campus Bariyatu Ranchi under D.W. & S. 5 Division Gonda, Ranchi.	73,488.00	2,000.00	500.00	One week
2.	Improvement water supply pipe line by 2000 Ltrs. Water storage tank & other mis work at ANATOMY Department RIMS Campus Bariyatu Ranchi under D.W. & S.5 Division Gonda, Ranchi.	83,910.00	2,000.00	500.00	One week

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची।

PR.NO.289154 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

NEWS इन ब्रीफ

राजभवन उद्यान का चार दिनों में 32337 लोगों ने किया भ्रमण

रांची। राजभवन का उद्यान खुलने के बाद चार दिनों में अबतक 32337 लोगों ने भ्रमण किया है। पहले दिन 31 जनवरी को 2876, दूसरे दिन एक फरवरी को 4261 और तीसरे दिन दो फरवरी को 7795 एवं चौथे दिन शुक्रवार को 17405 लोगों ने राजभवन के उद्यान को देखा। इस दौरान बच्चे, बुर्जग , युवक, युवतियां और महिलाएं सुबह 10 बजे ही लाइन में लगे दिखे। बच्चे, बुर्जग और युवा हर लोग राजभवन की खूबसूरती को अपने मोबाईल में कैद करते दिखे।

रविदास जयंती पर सामूहिक श्री सत्यनारायण पूजन का होगा आयोजन

रांची। विश्व हिंदू परिषद माघ पूर्णिमा के अवसर पर पांच फरवरी को संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाएगा। उस दिन सुबह दस बजे से श्री सत्यनारायण पूजन का सामूहिक आयोजन होगा, जिसमें रविदास समाज के बंधुओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। संत रविदास के चित्र पर पूजन, माल्यार्पण कर विशेष भोग का वितरण किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि संत रविदास जयंती पर राज्य के सभी जिलों में पूजन, शोभा यात्रा, समरसता यज्ञ, भंडारा आदि किए जाएंगे।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की दो दिवसीय बैठक 11 से

रांची। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक प्रस्तावित है। बैठक 11 और 12 फरवरी को पलामू में आयोजित की जाएगी। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी ने शुक्रवार को कहा कि इस बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. भोला सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सहित अन्य नेता शामिल होंगे। मोर्चा के कार्य समिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का जमावड़ा लगेगा। बैठक में 200 के करीब डेलीगेट्स हिस्सा लेंगे। यह बैठक मेदिनीनगर के बिस्फुटा के पास स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की जाएगी। अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा एससी मोर्चा के राज्य कार्यसमिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए जायेंगे।

जंगली हाथी ने एक महिला को पटक कर मार डाला

रांची। सोनाहातू थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत के तेतेरटांड गांव में जंगली हाथी ने एक महिला को पटक कर मार डाला। मृतक की शिनाख्त बैशाखी देवी (30) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार देर रात है। उल्लेखनीय है कि बीते 23 जनवरी को तमाड़ थाना क्षेत्र के उलीडीह गांव में एक बुजुर्ग मंगल मुंडा को हाथी ने पटक कर मार डाला था।

झारखंड हाई कोर्ट को झारखंड सरकार ने बताया

चानन डैम के चार कैनालों का काम मई तक होगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को गोड्डा जिले में चानन डैम से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में झारखंड सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया। झारखंड सरकार की ओर से बताया गया झारखंड के हिस्से में आने वाले चानन डैम के चार कैनाल सिस्टम के रिपेयर का काम मई तक कर दिया जाएगा। वहीं, बिहार सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि गोड्डा जिले में चानन डैम में छह कैनाल सिस्टम है, जिनमें चार कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं। यह स्ट्रक्चर डैमेज हो चुका है, जिसका रिपेयर करना जरूरी है ताकि गोड्डा जिला में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता निशिकांत दुबे ने गोड्डा में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के लिए चानन डैम के कैनाल सिस्टम को रिपेयर करने का आग्रह करते हुए 2016 में जनहित याचिका दाखिल की थी। इस पर पूर्व में कोर्ट ने बिहार सरकार और झारखंड सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

देवघर में नाइट लैंडिंग जल्दी शुरू कराएं : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को देवघर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आसपास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि देवघर एयरपोर्ट में जल्द से जल्द नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू की जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि देवघर एयरपोर्ट के आसपास के भवन जिसको तोड़ा जाना है उसके मकान मालिक को मंगलवार तक केंद्र सरकार की ओर से नोटिस जारी किया जाए। उसी दिन देवघर जिला प्रशासन द्वारा देवघर एयरपोर्ट के आसपास के जिन भवनों को तोड़ने से संबंधित नोटिस जारी किया गया था उसे वापस ले लिया जाय। उसके दो-तीन दिनों के भीतर में देवघर एयरपोर्ट के आसपास के मकान जिन्हें टूटना है उसके मकान मालिक देवघर एयरपोर्ट के डायरेक्टर से अपनी मुआवजा राशि ले लेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी निर्धारित की है। कोर्ट में केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की।
पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा था कि देवघर एयरपोर्ट के आसपास के जिन बिल्डिंग को तोड़ा जाना है, उसके नुकसान की भरपाई कौन करेगा, इस पर आपस में विचार-विमर्श करें। इस संबंध में केंद्र सरकार के अधिवक्ता को भी केंद्र सरकार से निर्देश लेने का कोर्ट ने निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि देवघर एयरपोर्ट के आसपास की नौ ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने को लेकर देवघर जिला प्रशासन की ओर से मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी देवघर एयरपोर्ट के सुचारू ढंग से संचालन करने एवं वहां नाइट लैंडिंग की सुविधा देने के लिए अवमानना याचिका दाखिल की है।

कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में डॉ कुमार राजा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता और बंधु तिर्की कार्यकारी अध्यक्ष की उपस्थिति में 25 से 30 लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा ।इस अवसर पर शिव भगत जिला प्रभारी ग्रामीण ने कहा कि कांग्रेस की नीति एवं सिद्धांत पर आप सभी कार्य करेंगे । डॉ कुमार राजा ने कहा कि आप अपने क्षेत्र में व्यक्तियों को वार्ड अनुसार जोड़ें तथा संगठन को मजबूत करें । इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र त्रिवेदी ,विकास यादव, विक्की दिनेश उरांव ,सोमा तिर्की ,सुनील तिर्की ,राजकुमार नागवंशी ,जोयो चक्रवर्ती, विकास यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुमार राजा के अध्यक्षता में बैठक आज

शनिवार को दस बजे पूर्वाहन कांग्रेस भवन रांची में, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुमार राजा के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। जितेंद्र त्रिवेदी महासचिव, कार्यालय प्रभारी ने बताया कि इस बैठक में रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले 18 प्रखंड के नवनियुक्त प्रखंड प्रभारी तथा नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों के साथ हाथ से हाथ जोड़ोकार्यक्रम पर विस्तृत परिचर्चा एवं दिशा निर्देश महासचिव सह जिला प्रभारी जवाहर महंता के द्वारा दी जाएगी।

राजेश्वरी बी ने मनरेगा की धीमी रफ्तार को गति देने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर ससमय योजनाओं को पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया है। उन्होंने शुक्रवार को मनरेगा योजना की जिलावार समीक्षा करते हुए जिस जिले में प्रगति धीमी है, वहां आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना इत्यादि पर विशेष फोकस करने को कहा। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का चयन करें और ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को पूर्ण करायें।राजेश्वरी बी ने सभी उपविकास आयुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारी यह प्रयास करें कि अधिक से अधिक मानव दिवस का सृजन हो, ताकि मजदूरों को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि मनरेगा की प्रमुख योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं के आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा अन्तर्गत सभी लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही राजेश्वरी बी ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का निर्देश दिया।

विश्व सेवा परिषद ने झारखंड सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन मांगे

रांची। विश्व सेवा परिषद ने झारखंड सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 15 मार्च तक दिए जा सकते हैं।
परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. बीबी राज ने बताया कि हर साल शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक-सांस्कृतिक और अन्य सेवाभावी क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय योगदान करने वाले सरकारी और गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। सरकारी कर्मचारी अपने वरिष्ठ अधिकारी से और अन्य लोग मुखिया, वार्ड पार्षद, मेयर, विधायक और सांसद में से किसी एक से अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों की अनुशंसा करा कर आवेदन दे सकते हैं।

राज्यपाल ने पशुधन विपणन विधेयक को दी सहमति

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्यपाल रमेश बैस ने शुक्रवार को झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 पर अपनी सहमति प्रदान की है। राज्यपाल ने इस संबंध में विभिन्न सुझाव राज्य सरकार को प्रेषित किया है। उन्होंने कहा है कि इस विधेयक में नियमावली के गठन के दौरान सभी हितधारकों से व्यापक चर्चा सुनिश्चित की जाय। बाजार शुल्क के दर निर्धारण में राज्य के ग्रामीण तथा अनुसूचित जनजातीय समुदाय के कृषकों का विशेष ध्यान रखते हुए शुल्क का निर्धारण किया जाय। साथ ही जिन वस्तुओं पर शुल्क लगाया जाना प्रस्तावित है, उसमें भी छोटे और कमजोर वर्ग से आनेवाले कृषकों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाय। राज्य स्तर पर गठित कृषि विपणन परिषद में हितसाधकों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सहभागी किया जाय। दूसरी ओर राज्यपाल रमेश बैस ने शुक्रवार को झारखंड राज्य बजट सत्र 27 फरवरी से आहूत करने की स्वीकृति प्रदान की है।

राज्यपाल से मिला पारा चिकित्साकर्मी संघ का प्रतिनिधिमंडल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल से मिलकर मांगों रखा। राज्यपाल ने कहा कि सरकार को आपके नियमितीकरण पर विचार करना चाहिए। आज ही वे स्वास्थ्य मंत्री को बुलाकर उनसे बात करेंगे। झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ एवं झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले राजभवन के समक्ष 11वें दिन भी पैरामेडिकल कर्मियों का आमरण अनशन जारी है। आमरण अनशन के दौरान अबतक 14 लोग की तबीयत खराब हुई है। सभी को सदर अस्पताल भेजा गया है। आज भी दो से ढाई हजार की संख्या में लोग धरनास्थल पर डटे रहे और अनशनकारियों क्या हौसला बढ़ाते रहे। आज भी दो कर्मियों को सदर अस्पताल ले जाया गया। अनशन कारियों की संख्या अस्पताल में बढ़ती जा रही।

राज्यपाल ने झारखंड आकस्मिकता निधि विधेयक को दी स्वीकृति

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा से पारित झारखंड आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 2022 पर शुक्रवार को अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इस विधेयक के द्वारा अब राज्य की आकस्मिक निधि से निकासी की राशि 500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1200 करोड़ रुपये तक की कर दी गई है।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का शुभारंभ

कृषि में अग्रणी राज्य बनाने में सहयोग जरुरी : बादल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। मेला में लगभग डेढ़ सौ स्टॉल पर कृषि, पशुपालन, वानिकी, बागवानी, मत्स्यपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी, कृषि प्रसंस्करण, कृषि यंत्रीकरण, कृषि स्टार्टअप, कुटीर उद्योग आदि से संबंधित आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी, सेवाओं एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य के ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने किया। मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में ग्रामीण युवाओं को गांवों और कृषि कार्य से जोड़े रखने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलना चाहिए, ताकि गांवों में स्वाबलंबन और खुशी आ सके तथा युवाओं को रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन कम हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों के आर्थिक उन्नयन से ही देश खुशहाल होगा। राज्य सरकार की पहल से राज्य के लाखों किसानों का कृषि ऋण माफ हुआ है तथा अब फसल बोआई समय से एक माह पूर्व ही प्रखंड और पंचायतों में उन्नत बीज पहुंच रहे हैं। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री बादल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए आवश्यक बजट उपबंध भी किया गया है। झारखंड मिलेट फसलों के लिए प्राचीन समय से जाना जाता रहा है और अब हमें अपनी प्राचीन परंपरा की मिलेट उत्पादों की ओर लौटने का प्रयास करना होगा। राज्य को देश का अग्रणी कृषि राज्य बनाने की दिशा में कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि से जुड़े हितकारकों का सहयोग जरुरी होगी। राज्य सरकार कृषि एवं बिरसा किसान परिवार के विकास के लिए संकल्पित है। कृषि मंत्री ने कहा कि डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, हंसडीहा, दुमका के छात्र ने स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, यह राज्य के लिए गौरव का विषय है और इसके लिए विश्वविद्यालय में उस छात्र का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक पशुपालन विश्वविद्यालय और एक अन्य कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, राज्य सरकार इस दिशा में आगे बढ़ रही है। बीएयू में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में एक विशाल हाईटेक ऑडिटोरियम बनाने के लिए राज्य सरकार आवश्यक अनुदान प्रदान करेगी।

पीडीएस के 9 दुकानदारों को शोकॉज

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा के दौरान लापरवाही बरतने वाले पीडीएस दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने ऐसे नौ जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को शोकॉज किया है। औचक निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को इन सभी नौ पीडीएस दुकानदारों की दुकान बंद थी। पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा के दौरान कार्य अवधि में पीडीएस दुकान बंद रखने वाले दुकानदारों को 24 घंटे के अंदर कोताही एवं लापरवाही के संबंध में अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही अपने दुकान से संबंधित शतप्रतिशत राशनकार्ड धारियों का डेटा स्वच्छ करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रत्येक दिन प्रत्येक डीलर के क्रियाकलाप पर डैश बोर्ड के माध्यम से नजर रखी जा रही है, जिसमें यह पाया गया है कि लापरवाही बरतने वाले सभी पीडीएस दुकानदारों की कार्य प्रगति अभी तक शून्य है। जन वितरण प्रणाली दुकानदार अनिता देवी, दीपक सरकार, गीता देवी,जोसेफ मिंज, मंजू माला सिन्हा, ओम प्रकाश झा, पी के नागपाल, सोमरा मुण्डा और मदन मुरारी प्रसाद सिन्हा को शोकॉज किया गया है।

नष्ट चौपारण में पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई, एफआईआर के निर्देश

90 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड राज्य में अफीम की खेती जोरों पर की जा रही हैं। झारखंड के कई जिलों में इसकी खेती की जाती है। हालांकि पुलिस की इसपर काफी कड़ी नजर होने के बावजूद भी इसको बढ़ावा दिया जा रहा है। कुछ इसी तरह का मामला हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के करघा और पत्थलगड्डा में लगभग 90 एकड़ क्षेत्र में लहलहा रही प्रतिबंधित अफीम की फसल सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नष्ट कर दी। फसल को रौंदने के लिए एक दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें लगाई गई थीं। हजारीबाग के एसपी मनोज रतन चोथे ने अवैध खेती और कारोबार में अंतर्लिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया है। लगभग एक माह पहले भी इसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगभग 75 एकड़ इलाके में लगी अफीम की फसल रौंद डाली थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस को निर्देश दिया गया है कि इलाके में कहीं भी अफीम की खेती की सूचना मिलने पर फसल नष्ट करने के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। शुक्रवार को इलाके में अफीम की खेती नष्ट करने के लिए चलाए गए अभियान में बरही के एसडीपीओ बरही नाजिर अख्तर के अलावा सीआरपीएफ 22 बटालियन के सहायक समादेष्टा संजीव कुमार, बरही महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, चौपारण थाना पुलिस, सीआरपीएफ 22 वीं बटालियन एवं थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे। बताया जा रहा है कि चौपारण के गौतम बुद्धा वन्य प्राणी आश्रयणी के बड़े भूभाग में चोरी-छिपे अफीम की खेती की गई है। इसके पीछे कई संगठित गिरोह हैं। चौपारण के जंगलवर्ती इलाके दुरागढा, मोरनियां, सिकदा, करगा, अंजान, ढोढिया, पत्थलगड्डा, जमुनिया तरी, अहरी, नावाडीह, भदेल, बिगहा, चमरगड्डा, डोमाडाडी, बहेरवातरी, खैराटांड, मैसोखार, जागोडीह,करमा, असनाचुआं में भी अफीम की खेती की सूचना मिली है।

राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन

रांची। राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार की ओर से राज्य स्तरीय प्रशिक्षण पर शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि तम्बाकू एक नशीला पदार्थ होने के कारण किशोरावस्था के जीवन में शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से प्रमुख भूमिका निभाता है। इस नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से संवेदीकरण की आवश्यकता बन गई है। मौके पर एनटीसीपी के राज्य सलाहकार राजीव, समन्वयक शशि शेखर, राम लखन सिंह यादव कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक और इस कार्यक्रम मे विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह ,कनिष्ठ मनोरोग समाज कल्याण अधिकारी कामेंद्र कुमार मौजूद थे। यह कार्यशाला केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान की ओर से संचालित किया गया। कार्यशाला में राम लखन सिंह यादव कॉलेज के कुल 70 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

रांची से जल्द ही गोवा, तिरुपति और सूरत के लिए शुरू होगी विमान सेवा : अग्रवाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची से जल्द ही गोवा, तिरुपति और सूरत की विमान सेवा शुरू होगी। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से ये विमान सेवाओं के शुरू होने के मार्ग प्रशस्त हो रहे हैं। कई राज्यों से राजधानी जुड़ जायेगी, जो गुजरात, आंध्रप्रदेश, केर, गोवा, जम्मू, पंजाब, राजस्थान होंगे। भारतीय विमान प्राधिकरण (एएआई) के रांची कार्यालय के निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि रांची एयरपोर्ट से दूसरे राज्यों के लिए सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में राज्य के कई शहरों से रांची एयरपोर्ट जुड़ जायेगा। इसके लिए उन्होंने डोमेस्टिक एयरलाइंस कंपनियों को पत्र भी लिखा है। पत्र में रांची से गोवा, तिरुपति, त्रिवेंद्रम, जम्मू, अमृतसर, उदयपुर और सूरत के लिए विमान सेवाएं शुरू करने की बातें कही गयी हैं। उन्होंने बताया कि रांची से व्यवसाय और पर्यटन को लेकर काफी लोग आना-जाना करते हैं। एक बड़ा व्यवसायिक वर्ग सूरत, उदयपुर, तिरुपति और त्रिवेंद्रम जाता है। इसको देखते हुए सीधी विमान सेवा शुरू करने की कार्रवाई चल रही है। इससे लोगों को समय की बचत होगी और विमानन कंपनियों को भी लाभ मिलेगा। झारखंड में कई पर्यटक और ऐतिहासिक स्थल हैं, जिसको लेकर भी यहां आने वालों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 17 फरवरी से रांची-देवघर की सीधी विमान सेवा शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि रांची से 28 विमानों का परिचालन रोजाना होता है। रांची फिलहाल हैदराबाद, चेन्नई, पटना, कोलकाता, भुवनेश्वर, दिल्ली, अहमदाबाद, पुणे, मुंबई, बेंगलुरू से जुड़ा हुआ है। प्रतिदिन पांच हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन रांची से विभिन्न जगहों पर होता है। रांची से गो फर्स्ट, एलायंस एयर, इंडिगो, विस्तारा, एयर एशिया और एयर इंडिया की फ्लाइट आपरेट कर रही हैं।

नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन की जल्द बदलेगी सूरत

15 करोड़ की लागत से सुंदरीकरण

नवीन मेल संवाददाता
श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। जल्द ही नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने वाली है। केंद्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने, सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिये बजट में प्रावधान किया है। इसी स्किम के तहत नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने वाली है। नगर ऊंटारी के अलावे धनबाद रेल मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलेगी। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत चयनित स्टेशनों पर विकास की गंगा बहाने की तैयारी है। केंद्र सरकार के द्वारा रेलवे को मास्टर प्लान बनाकर इन स्टेशनों को चमकाने का टास्क दिया गया है। रेलवे बोर्ड के आदेश पर देश के सभी 68 रेल मंडलों में 15-15 स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत यात्री सुविधा बढ़ाने की योजना है। चयनित स्टेशनों के मुख्य बिल्डिंग से लेकर प्लेटफॉर्म, ओवरब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया के रंग-रोगन से लेकर अन्य यात्री सुविधाओं का विकास करने की योजना है। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने चयनित 15 स्टेशनों की सूची पीसीसीएम शिव कुमार प्रसाद को भेजी है। सूची में नगर ऊंटारी के साथ साथ कतरास, गोमो के अलावा गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, कोडरमा, पारसनाथ, लातेहार, पहाड़पुर, हजारीबाग रोड, चोपन, रेणुकूट, गढ़वा टाउन, बरकाकाना और चंद्रपुरा शामिल है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत हर चयनित स्टेशन पर औसतन 15 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। सभी रेल मंडलों को अतिरिक्त फंड दिया जायेगा। कंसल्टेंट की मदद से सभी स्टेशनों के विकास के लिये मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। 15 फरवरी तक मास्टर प्लान को अंतिम रूप देना है। 20 फरवरी से रेलवे स्टेशन के विकास के लिये होने वाले कार्यों का टेंडर आमंत्रित किया जायेगा। एक साल के अंदर चयनित रेलवे स्टेशनों पर बदलाव नजर आने लगेंगे। अमृत योजना के तरह चयनित रेलवे स्टेशनों के मुख्य भवन के लुक बदलने से लेकर फुट ओवरब्रिज, रिटायरिंग रूम, स्टेशन के बाहर की सड़क, पार्किंग, रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म की लंबाई और ऊंचाई बढ़ानी है। फूड कोर्ट सहित अन्य यात्री सुविधाएं बहाल होंगी। पूरे स्टेशन की नये सिरे से रंगाई-पोताई की जायेगी। साथ ही दीवारों पर चित्रकारी भी करने की योजना है।

शिक्षकों के लिए चलाये जा रहे पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का समापन

नवीन मेल संवाददाता
खरौंधी (गढ़वा)। खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भारतीय आयुर्वेद और योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और झारखंड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण योग शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। चिकित्सक डॉ अविनाश कुमार के निरीक्षण में संकुल संसाधन केंद्र राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय तोरेलावा में योग प्रशिक्षक शंकर प्रिय तथा संकुल संसाधन केंद्र खरौंधी में योग प्रशिक्षक विकास कुमार पटेल द्वारा नियमित रूप से 25 -25 शिक्षकों के बैच को योग, प्राणायाम, आसन और आहार -विहार से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ अविनाश ने निरोग्य, स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए हर व्यक्ति को सुबह के समय कम से कम आधा घंटा योग, प्राणायाम, आसन को अपनाने के लिए कहा। योग प्रशिक्षक शंकर प्रिय ने योग के सापेक्ष में वर्तमान समय में होने वाले आम बीमारी जैसे पेट में गैस बनना, कब्ज होना घुटना दर्द, कमर दर्द, हृदयघात, शुगर, मोटापा, सफेद दाग, मानसिक तनाव जैसी गंभीर बीमारियों के निराकरण, रोकथाम एवं पूर्ण रूप से आरोग्य जीवन जीने की पद्धति के बारे में क्रमबद्ध जानकारी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को दी। इस योग शिविर में राजकीय कन्या विद्यालय अरंगी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोखा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदना, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया, राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय तोरेलावा, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसरू, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोखा, अपग्रेडेड हाई स्कूल भलुही, आदि विद्यालयों के शिक्षक गण उपस्थित थे।

गुमला के उपायुक्त ने स्वर्ण पदक जीतने पर एथलीट आशा किरण को दी बधाई

गुमला। कामडारा प्रखंड अंतर्गत रेड़वा पंचायत के नवाडीह गांव की एथलीट आशा किरण बरला के स्वर्ण पदक जीतने पर गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव ने ट्वीट कर बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि आशा किरण ने भोपाल में आयोजित पांचवे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में 4.43 सेकेंड में स्वर्ण पदक जीत झारखंड का नाम रोशन किया है। शनिवार को फिर से आशा किरण 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेगी। वह गुमला जिला के एक छोटे से गांव नवाडीह की रहने वाली है।

भारत फाइनेंस में 13 लाख की डकैती

जमशेदपुर। जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत एनएच 33 स्थित उमा अस्पताल के पीछे भारत फाइनेंस में बीती रात हथियारबंद अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। पांच की संख्या में आए अपराधियों ने कार्यालय का दरवाजा खुलवाकर वहां रखे 13 लाख रुपए की डकैती कर ली। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इधर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आस पास लगे सीसीटीवी की जांच की। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विनोद टुडू ने बताया कि भारत फाइनेंस के कर्मियों की ओर से बताया गया कि देर रात 11.30 बजे एक अपराधी आया और हथियार दिखाते हुए कार्यालय का दरवाजा खोलने को कहा। इसी बीच पांच अपराधी अंदर आए और कार्यालय में रखे 13 लाख रुपए ले गए। हालांकि जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई है वहीं सभी कर्मी अपना बयान बार बार बदल रहे है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

बागबेड़ा पत्थर घाट से मिला किशोरी का शव

जमशेदपुर : जमशेदपुर के बागबेड़ा में खरकई नदी से पत्थर घाट के पास 11 वर्षीय शांति बनसिंह का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। बताया जाता है कि शांति मिर्गी बीमारी से ग्रसित थी। बुधवार दोपहर के वक्त वह घर से बाहर निकली और फिर लौटकर नहीं आई। परिजनों ने काफी खोजबीन की पर बच्ची का कहीं पता नहीं चल पाया। थक हार कर गुरुवार को परिजनों ने बागबेड़ा थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर शुक्रवार सुबह बागबेड़ा थाना अंतर्गत खरकाई नदी के पत्थर घाट पर स्थानीय लोगों ने बच्ची का शव तैरता हुआ देखा जिसकी सूचना बागबेड़ा पुलिस को दी। बागबेड़ा पुलिस दलबल के साथ पत्थर घाट पहुंची और मृत बच्ची की पहचान बुधवार से लापता 11 वर्षीय बाजार टोला निवासी शांति के रूप में की। वही मामले की जांच करने एएसपी लॉ एन्ड ऑर्डर नदी घाट पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की।

राजकीय कन्या प्रावि. का 51वां स्थापना दिवस मना

भवनाथपुर (गढ़वा)। भवनाथपुर बस्ती स्थिति राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय का 51वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया बेबी देवी, संस्थापक के प्रपोत्र अमन सिंह, प्रधानाध्यापक सूर्यकांत शर्मा ने संस्थापक स्व. नंदकिशोर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्य की शुरुआत किया। मौके पर मुख्य अतिथि पंचायत की बेबी देवी ने कहा स्व. नंदकिशोर सिंह ने उस समय में गांव के शिक्षा के बारे में सोचा वह अति सराहनीय है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत शर्मा ने अपने विद्यालय की बाल सांसद की सराहना करते हुए अतिथियों के बीच विद्यालय के उपलब्धियों को बताया। उन्होंने बताया कि बाल सांसद अपने-अपने दायित्व को बखूबी निभाते हैं। सभी बाल सांसदों को अपने कार्य को सही तरीके से निर्वाहन करते हैं।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

भवनाथपुर (गढ़वा)। थाना क्षेत्र के पनियाही मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने के टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घायलों में गुलाम मुहम्मद एवं उसकी बहन हुसनो बानो धुरकी थाना क्षेत्र के सरजदहा निवासी एवं चौरासी निवासी महबूब आलम शामिल है। वहीं तीनों घायलों को परिजन एवं स्थानीय लोगों की मदद से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉ. अभिनीत विश्वास के द्वारा इलाज किया गया। तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक गुलाम मुहम्मद अपने बहन को लेकर उसके ससुराल चौरासी पहुंचाने जा रहा था। वहीं जाने के क्रम में विपरित दिशा से आ रहे तेज रफ्तार से महबूब आलम ने पनियाही मोड़ के पास धक्का मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गए।

विवाहिता की गला रेत कर हत्या, जाम

बालूमाथ। प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत मासियातू ग्राम में गुरुवार की शाम अज्ञात लोगों द्वारा एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। विवाहिता महिला मासियातू गांव निवासी प्रमोद प्रसाद गुप्ता की पत्नी सुनीता देवी उम्र 38 वर्ष है,घटना गुरुवार देर शाम की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय पति सप्ताहिक बाजार के लिए बबनहेरूआ गांव गया था देर रात अपने घर लौटा जहां उसकी पत्नी खून से लथपथ मृत पड़ी थी जिसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व घटना को लेकर छानबीन शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार विवाहिता महिला गांव में ही एक किराने की दुकान चलाती थी हत्या के समय वह अकेली थी हत्या क्यों की गई किस लिए की गई यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगी।

विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की गुरु गोष्ठी सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता
श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। प्रखण्ड संसाधन केन्द्र अधौरा में प्रखण्ड के सभी मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की गुरुगोष्ठी शुक्रवार को प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गुरुगोष्ठी में बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विभागीय निर्देशो से अवगत कराते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गुरुगोष्ठी में उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से बनावें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन सभी बच्चों की उपस्थिति इविद्या वाहिनी में दर्ज करें। बीईईओ ने एमडीएम का एसएमएस प्रत्येक दिन करने तथा पूरक पोषाहार में अंडा अवश्य देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधन में हम सबो को बेहतर करना है। शिक्षक समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक पाठ योजना बनाकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को बाल पंजी का संधारण करने,अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित करने व ससमय विद्यालय का संचालन करने तथा सभी प्रकार के रिपोर्ट निर्धारित समय पर प्रखण्ड संसाधन केंद्र को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गुरुगोष्ठी में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना प्रवीण, बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश सिंह, सीआरपी शोभा पांडेय, संजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार, प्रशांत कुमार देव, शक्तिदास सिन्हा, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर कुमार चौबे,घनश्याम शुक्ल, अखिलेश प्रसाद, राजनाथ राम, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, बिनोद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

रंका में एआईएमआईएम की बैठक

गढ़वा। रंका प्रखंड कार्यालय में एआईएमआईएम की बैठक की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि रंका प्रखंड के सभी 14 पंचायतों में एआईएमआईएम पंचायत कमेटी का गठन किया जाए। जिसकी अध्यक्षता रंका प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी के द्वारा किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी पंचायतों में युवा मोर्चा और सभी प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा सभी पंचायतों का दौरा कर मजलिस कमेटी का गठन कर लेना है। मौके पर उपस्थित गढ़वा जिला के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, गढ़वा जिला के सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन, रंका प्रखंड के सचिव सुदामा कुमार रवि, रंका प्रखंड के युवा अध्यक्ष इबरान अंसारी, युवा मोर्चा के सचिव कामेश कुमार रवि, प्रखंड कोषाध्यक्ष जहांगीर अंसारी, प्रखंड युवा कोषाध्यक्ष खुशदिल अंसारी, संगठन मंत्री मोबिन अंसारी, प्रखंड मीडिया प्रभारी मुमताज मंजर, युवा नेता कौसर अंसारी और फैजान अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

मजदूरी भुगतान के एवज में कमीशन मांगने का आरोप

मुख्यमंत्री से मजदूरी भुगतान कराने के लिए मजदूरों की मांग

नवीन मेल संवाददाता
रमना (गढ़वा)। प्रखंड मे संचालित मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है ।इसकी जड़ इतना मजबूत है कि कोई इसे उखाड़ना तो दूर हिला भी नहीं पा रहा है। भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी की बली चढ़ रहे गरीब मजदूर, अपने क्षेत्र में रोजगार नहीं मिलने के कारण मजदूर दूसरे राज्य जाते हैं। 'जहां दुर्घटना या बीमारी से इनकी मौत की सूचना आती है । गत माह में दर्जनों मजदूरों की मौत की घटना घट चुकी है। लेकिन इस योजना में भ्रष्टाचार कम नहीं हो रहा। मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान को लेकर रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और मुखिया पर जॉब कार्डधारी व डोभा में काम किए मजदूर ने मजदूरी भुगतान करने के एवज में कमिशन मांगने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग किया है। बहीयार खूर्द निवासी उदय यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मनरेगा आयुक्त, उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को निबंधित डाक से आवेदन भेज कर मनरेगा मजदूरी भुगतान करने के एवज में रोजगार सेवक मनीष जयसवाल, पंचायत सेवक नवनीत कुमार तथा मुखिया सोनी देवी के पति द्वारा दस प्रतिशत कमिशन मांगने का गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कर मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है। उदय यादव ने आवेदन में लिखा है कि कमिशन नहीं देने के कारण मास्टर रौल को शून्य दिखा दिया गया है। जिस योजना में काम भी नहीं हुआ है। उसमें कमीशन लेकर भुगतान करा दिया गया। मुखिया सोनी देवी के पति ही सारे योजनाओं में हस्तक्षेप करते हैं। सरकार महिलाओं को समाज में आरक्षण देकर आगे बढ़ाना चाहती है पर चुनी गई महिला मुखिया कठपुतली की भांति है। मनमर्जी कमीशन मांगने के कारण मनरेगा की योजनाओं में काम करना मुश्किल होते जा रहा है। उदय यादव आवेदन के माध्यम से मुख्यमंत्री और अधिकारियों से मजदूरी भुगतान कराने और योजनाओं में गड़बड़ी की जाँच कर कार्रवाई का निवेदन किया है।

इक्फाई विश्वविद्यालय में 'भारतीय जातीय दिवस 2023' का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड परिसर में 'भारतीय जातीय दिवस 2023' मनाया गया, जिसमें सभी कार्यक्रमों के एचओडी, फैकल्टी और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर बिरसा शिशु मंदिर स्कूल, भिटटोली, सिमालिया के ग्रामीण छात्रों ने भी सुंदर पारंपरिक परिधानों में कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. जी. एल. दत्ता, प्रतिष्ठित शिक्षाविद और पूर्व चांसलर, के. एल. विश्वविद्यालय, और सुश्री पूजा लाकड़ा, विजेता, ग्लोबल ट्राइबल क्वीन कॉन्टेस्ट 2022 कार्यक्रम के दौरान सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम का विषय था एक स्मार्ट भारतीय की तरह पोशाक और एक पुरस्कार जीतें। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय की छात्रा सुश्री ऋतिका, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना नृत्य प्रदर्शन के साथ

हुई। कार्यक्रम में अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का स्वागत करते हुए, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने युवाओं के बीच भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने के महत्व पर प्रकाश डाला। विषय पर विस्तार से बताते हुए, उन्होंने छात्रों से भारतीय इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भाषा पर गर्व करने का आह्वान किया क्योंकि वे हमें विशेष और अद्वितीय बनाते हैं। प्रो. राव ने कहा ह्लभारत विविधता का देश है, लेकिन सबसे समावेशी तरीकों से एकता का प्रतीक भी है। प्रत्येक राज्य और उसके क्षेत्रों की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और रीति-रिवाज हैं। हमारे छात्रों को भारत के विभिन्न राज्यों की विविध संस्कृति/वेशभूषा/रीति-रिवाजों से परिचित कराने और उन्हें भारत में विविधता में एकता की सराहना करने के लिए, हमारे विश्वविद्यालय में जातीय दिवस मनाया जा रहा है।

15 मार्च तक हाईकोर्ट का नया भवन पूरी तरह हो जाएगा तैयार

रांची। धुर्वा स्थित झारखंड हाइकोर्ट के नये निमार्णाधीन भवन को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मौखिक रूप से कोर्ट को बताया गया कि 15 मार्च 2023 तक झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन को पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा जिसे हाई कोर्ट को हस्तांतरित करा दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि हाईकोर्ट के नए भवन में सोलर पैनल के अधिष्ठापन के लिए भवन निर्माण विभाग ने करीब 14 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। सोलर पैनल 2000 किलो वाट का होगा। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को अगली सुनवाई में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

बेंगाबाद में पंखे से झूलता मिला विवाहिता का शव

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मानसिंहडीह गांव में विवाहिता का शव उसके ससुराल में संदिग्ध हालात में मिला। मृतका अनिता देवी का शव पंखे से झूलता हुआ मिला। जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। तो देखा कि अनिता देवी का शव झूल रहा है। शव की हालत की संकेत दे रहा था कि अनिता देवी की हत्या कर उसे पंखे से उसी प्लानिंग के साथ लटका दिया है। लिहाजा, बेंगाबाद पुलिस संदिग्ध मौत के मामले को उसी बिंदु से जांच कर रही है। इस बीच पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अनिता के मौत से परिजनों में आक्रोश है तो शव देख कर मृतका के पिता चेतलाल रजक का गुस्सा भी फूट पड़ा। लिहाजा, चेतलाल रजक गुस्से मं आ कर

बेटी के ससुराल वालों को जमकर भला-बुरा कहा। हालात ऐसा हुआ कि कई बार चेतलाला उन्हें मारनके लिए दौड़े, लेकिन किसी तरह पुलिस ने हालात को संभाला। और चेतलाल को समझा-बुझाकर शांत किया। जानकारी के अनुसार अनिता की शादी उसके पिता चेतलाल ने दो साल पहले मानसिंहडीह गांव के सुरेन्द्र रजक के साथ किया।

टास्क फोर्स गठित | प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित

पीएमएफएमई योजना से स्वरोजगार को मिलेगा बल

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई योजना) से जिले में स्वरोजगार को बल मिलेगा, समाज आत्मनिर्भर होने की तरफ अग्रसर होगा। सरकार की ओर से कई लोक कल्याणकारी योजनाएं लायी जाती है, योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचना जरूरी है, इसलिए योजनाओं का पर्याप्त प्रचार प्रसार करने पर ध्यान केन्द्रित किये जा रहे हैं। उक्त बातें उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कही। साथ ही उपायुक्त ने सभी बैंको को योजना के सही लाभुक को लोन देने का निर्देश दिया। कार्यशाला में पीएमएफएमई योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग,

चतरा के महाप्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि जिला में खाद्य प्रसंस्करण की असीम संभावनाएं हैं। इस योजना के तहत स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्ति चतरा के विभिन्न कलस्टर पर लोकल फुड प्रोडक्ट्स पर कार्य करें। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक एवं पीएमएफएमई योजना के डीआरपी हेमन्त केशरी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अबतक 62 प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना के आवेदन का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिसमें बैंकों के द्वारा 04 आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। अन्य 34 आवेदन बैंकों में स्वीकृति हेतु प्रकृया में है। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अर्नतगत असंगठित क्षेत्र के सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की क्षमतावर्धन एवं इस क्षेत्र में कार्यरत एफपीओ, एसएचजी, सहकारी समितियों को सहयोग प्रदान करने की योजना है। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को इस योजना के अन्तर्गत हैंड होल्डिंग सर्पोट तथा बैंक से ऋण प्राप्त करने, प्रशिक्षण इकाई का उन्नयन एवं नियामक का अनुमोदन प्राप्त करने इत्यादि में सहयोग करना है। कार्यशाला में उपायुक्त द्वारा लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। वहीं इस दौरान उपायुक्त की अध्यक्षता में पीएमएफएमई योजना के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमिटी का गठन किया गया। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना में परियोजना लागत का (35 प्रतिशत अधिकतम 10.00 लाख रुपए) पूंजीगत अनुदान है। बैठक में उपायुक्त, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक प्रबंधक, ईओडीबी मैनेजर शुभाशिष कुमार, पीएमएफएमई राज्य अग्रणी प्रोजेक्ट मैनेजर, राहुल कुमार, उमेश कुमार, अरविन्द कुमार, सुमन कुमार, वेदप्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

विदाई समारोह में डीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य-गीत से बांधा समां

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सकारात्मक आशा और आकांक्षा की भावना के साथ, दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची में दिनांक 03 फरवरी 2023 को सत्र 2022 - 23 के बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विद्यालय के विवेकानंद संग्रहालय में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गीत पेश कर समां बांध दिया। विद्यार्थियों द्वारा दी गयी नृत्य प्रस्तुति ने सभा में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गायन की प्रस्तुति भी दी जिसके माध्यम से उन्होंने विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को याद किया एवं भावुक हो उठे। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों के प्रति

अपना आभार व्यक्त किया जो सदैव उनके मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहे एवं उनके विद्यार्थी जीवन की समस्याओं का निवारण सफलतापूर्वक किया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने जूनियर्स को तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सक्षम शिवाशीष को मिस्टर डीपीएस एवं नशिता इमाम को मिस डीपीएस के टाइटल से नवाजा गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा मे धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

आगजनी से सुरक्षा मानक उपायों को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

फायर सेफ्टी नॉर्म्स का अनुपालन करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
निजी नर्सिंग होम/अस्पतालों, सिनेमा हॉल, अपार्टमेंट सहित अन्य बड़े भवनों में अकस्मात आगजनी से सुरक्षा मानक उपायों को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ जिला अंतर्गत निजी नर्सिंग होम/ अस्पतालों, सिनेमा हॉल, अपार्टमेंट सहित अन्य बड़े भवनों में आगजनी से सुरक्षा हेतु वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी संचालकों व प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी नॉर्म्स का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त में अग्नि सुरक्षा पदाधिकारी से वर्तमान में उपरोक्त जगहों/ भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित एनओसी व फायर सेफ्टी ऑडिट आदि की जानकारी लेते हुए औचक जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया । उन्होंने सभी संचालकों व प्रतिनिधियों को भवनों आदि में हाइड्रेटर, स्प्रिंकलर आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने, फायर एक्सटिंग्विशर को नियमित रिफिल कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रतिनिधियों व संचालकों को उनके उनके भवनों में आकस्मिक परिस्थिति में एग्जिट प्वाइंट की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करने व पर्याप्त साइनेज के माध्यम से लोगों को इसके प्रति जानकारी देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी संचालकों व प्रबंधकों को उनके-उनके भवनों में कंट्रोल रूम का गठन करने एवं फायर सेफ्टी अलार्म सहित अन्य किसी भी प्रकार के आकस्मिक परिस्थिति को कंट्रोल रूम से मॉनिटर करने का निर्देश दिया । उन्होंने सभी को अग्नि सुरक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय करते हुए उनके उनके संस्थानों/भवनों में कर्मियों को चिन्हित करने एवं उनके लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण का आयोजन/मॉक ड्रिल कर किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति के दौरान कार्य करने के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी संचालकों व प्रतिनिधियों को फायर सेफ्टी नॉर्म्स की अवमानना करने पर किए जाने वाले कानूनी कार्रवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान अग्नि सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी संचालकों व प्रतिनिधियों को एचटीटीपीएस/ एडवेंटेज. झारखंड. गोव. इन/ सिंगलविंडो/ रजिस्ट्रेशन्स/ डिपार्टमेंटसर्विस/ एमजी/ के माध्यम से निर्माण पूर्व अग्नि सुरक्षा एनओसी प्राप्त करने, एनओसी के नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अस्पतालों/ नर्सिंग होम सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न निजी नर्सिंग होम/ अस्पतालों, सिनेमा हॉल, अपार्टमेंट सहित अन्य बड़े भवनों के संचालकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

सांसद ने की गूगल मीट के माध्यम से बातचीत

सरकार ने सभी वर्ग के हितों का ख्याल रखा : जयंत सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
वित्त संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष सह हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा 1 फरवरी को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये आम बजट पर चर्चा में हिस्सा लेकर इसकी विशेषता की जानकारी लोगों को दे रहे हैं। उसी के तहत शुक्रवार को उन्होंने गूगल मीट के माध्यम से प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 1 फरवरी को पेश किये गये आम बजट से देश का विकास तीव्र गति से होगा। बताया कि बजट में सरकार ने देश के सभी वर्ग के हितों का ख्याल रखा है। बजट को उन्होंने दूरदर्शी और संतुलित बताया। सिन्हा ने केंद्र की मोदी सरकार की कुशल नीतियों के कारण भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि यूक्रेन और रूस के युद्ध की वजह से विश्व बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़े हैं, इसलिए भारत में भी तेल के दामों में बढ़ोतरी हुई है। महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए राष्ट्रीय बैंक ब्याज की दरें बढ़ा रहे हैं। इस समय विश्व भर में बड़ी अस्थिरता है, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने परिस्थितियों को बड़ी ही कुशलता से संभाला है।

बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के गवाह की हाई कोर्ट में हुई गवाही

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली जलेश्वर महतो की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में ढुल्लू महतो की ओर से तीसरे गवाह कमल महतो की गवाही कराई गई। अब अगली गवाही 17 फरवरी को होगी। कमल महतो ने शपथ पूर्वक लिखित गवाही कोर्ट में प्रस्तुत की है। जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने उनका प्रति परीक्षण किया। गवाह कमल महतो ने कहा गया कि वह बूथ एजेंट थे। पोलिंग एजेंट नहीं थे। इस पर अधिवक्ता ने उनसे पूछा कि उनको बूथ एजेंट या पोलिंग एजेंट बनने के लिए उन्हें किसने अधिकृत किया था या किनके हस्ताक्षर से वे पोलिंग एजेंट या बूथ एजेंट बने थे। इस पर गवाह ने कहा कि उन्हें बूथ एजेंट बनाने के लिए किसी ने अधिकृत नहीं किया था।

स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरायी, सहिया भी गई अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नवीन मेल संवाददाता। बरही
पारा मेडिकल कर्मियों के हड़ताल ने स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावित तो किया ही था । अब झारखंड राज्य स्वास्थ्य सहिया संघ के आह्वान पर बीते 31 जनवरी से बरही प्रखंड की सहिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गईं है । शुक्रवार को पदमा प्रखंड के सहिया हड़ताल की लिखित सूचना देते हुए अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जमकर धरना प्रदर्शन किया । जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया । स्थिति पर काबू बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन को पुलिस बल भी बुलानी पड़ी । सहिया लोगो ने बताया कि स्थायीकरण, 18000 रुपए मासिक प्रोत्साहन राशि, प्रत्येक सहिया को स्कूटी, मोबाइल फोन, 15 लाख की बीमा,

इमरजेंसी, ओपीडी और प्रसव सेवा जारी है : डीएस

सुरक्षा आदि उनकी मांगे है । इन लोगों ने बताया कि सहिया के आने के बाद शिशु मृत्य दर शून्य तक पंहुचा है, सुरक्षित प्रसव कराने का काम किया गया है, जिससे जच्चा और बच्चा स्वस्थ रह रहे है। इसके अलावा फील्ड भ्रमण का स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई गई । बावजूद सहिया को छोटे छोटे बातो को लेकर हटाने की धमकियां मिलती है । जो मंजूर नहीं है । हड़ताल को लेकर डीएस प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि आउटसोर्सिंग अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से इमरजेंसी, ओपीडी और प्रसव की सेवा बहाल रखी गई है । फील्ड वर्क प्रभावित हुआ है ।

9 फरवरी को बरही में फूड लाइसेंस के लिए शिविर

नवीन मेल संवाददाता। बरही
आगामी 9 फरवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर का आयोजन अभीहित सह अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर के निर्देशानुसार जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा । इस शिविर में सभी ठेला, खोमचा, फल, होटल, राशन, रेस्टोरेंट, चिकेन-मटन, फिश, आदि व्यवसायी अपनी दुकान का फूड लाइसेंस बनवा सकते हैं । इस संबंध में अभिहित सह अनुमंडलाधिकारी ने पत्र जारी कर निर्देश जारी किया है । जारी निर्देश के आधार पर प्रत्येक खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदार के पास फूड लाइसेंस होना अनिवार्य है । इसके नहीं होने पर दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है । लाइसेंस हेतु शिविर में संबंधित दुकानदार अपना पहचान पत्र, व्यवसाय स्थल का पता पहचान पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो सहित फिश, चिकेन दुकानदार स्थल अनापति और मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र आदि लेकर पहुंचे । विशेष जानकारी के लिए अनुमंडल कार्यालय के संबंधित विभाग से सम्पर्क कर सकते है ।

बरही के नौ स्थानांतरित पुलिसकर्मियों की विदाई

नवीन मेल संवाददाता। बरही
आरक्षी अधीक्षक के निदेर्शानुसार बरही थाना के सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, ओम प्रकाश, आदित्य कुमार, सहायक सब इंस्पेक्टर बुधराम हेंब्रम, देवेंद्र सिन्हा, नवीन कुमार पांडे, अरविंद कुमार मिश्रा और ओमप्रकाश कुमार सहित कुल नौ अधिकारियो का स्थानांतरण किया जा चुका है । जिन्हे इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने शुक्रवार को विरमित किया । इस अवसर पर इंस्पेक्टर की अध्यक्षता में थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर ने कहा कि इन सभी पुलिस पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाते हुए थाना को समर्पित भाव से निष्ठा पूर्वक सेवा दी है । इनके सहयोग से ही 2017 से पुराने सभी 47 वारंटियो को गिरफ्तार किया जा सका । इनके स्थानांतरण से उन्हे दुःख है परंतु यह सरकारी प्रावधान है । जो होना ही है । कार्यक्रम में स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों ने भी कहा कि इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने हमेशा अभिभावक की तरह उनका मार्गर्शन किया । उनके निर्देशन में लॉ एंड ऑर्डर के कई महत्वपूर्ण विधि व्यवस्था सीखने को मिला । कार्यक्रम में सभी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी । अंत में इंस्पेक्टर ने सभी स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को माला पहना कर शुभकामनाये देते हुए विदाई दिया । साथ ही नवपदस्थापित अधिकारियों का स्वागत भी किया । कार्यक्रम ने एस आई बबीता कुमारी, निरंजन सिंह, महेंद्र बैठा, रवि कुमार, ए एस आई दिनेश महतो, दयानंद सरस्वती, आरक्षी संजय कुमार आदि सहित थाना के कर्मी मौजूद थे ।

रामगढ़ में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

रामगढ़। 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम(कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, विविपैट) का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

90 एकड़ क्षेत्र में लगा पोस्ता पौधा को किया नष्ट

बरही । एसडीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में शुक्रवार को देर संध्या तक अफीम कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया । इस दौरान चौपारण प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित पत्थलगढ्ढा और करघा क्षेत्र के करीब 90 एकड़ वन भूमि क्षेत्र में लगे पोस्ता पौधो को ट्रैक्टर से रौंदवाकर नष्ट किया गया । इस अभियान में एसडीपीओ के साथ 22 वीं बटालियन के सहायक समादेष्टा संजीव कुमार, चौपारण थाना प्रभारी शंभू नाथ, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी सहित सीआरपीएफ बटालियन एवं चौपारण थाना के जवान शामिल थे । एसडीपीओ ने बताया कि अवैध कारोबारियों के खिलाफ उनकी यह अभियान लगातार जारी रहेगी ।

हजारीबाग में जीएम डायग्नोस्टिक सेंटर खुला

हजारीबाग। शहर के इन्द्रपुरी चौक स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप के सामने जीएम डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पालीक्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता एवं समाजसेवी भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने फीता काटकर किया। मेहता ने कहा कि जीएम डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पालीक्लीनिक हजारीबाग के लिए एक ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस सेंटर से जिले के सभी बीमारियों की जांच की जाएगी। यहां ईसीजी डिजिटल एक्सरे की सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि यहां गरीबों के लिए किफायती दर पर जांच की सुविधा उपलब्ध है।

मुखिया प्रतिनिधि ने किया ड्रेस कीट का वितरण

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के कोनहराखुर्द पंचायत भवन में मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कु.शर्मा ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच ड्रेस किट का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवक-युवतियों के हुनर को तराशने का काम राज्य सरकार कर रही है। खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म मिले इसके लिए राज्य सरकार खेल-निति (स्पोर्ट पॉलिसी) लेकर आई है,ताकि खिलाड़ी मेहनत कर अपना बेहतर करियर बना सकता है। कहा कि इस राज्य के खिलाड़ी देश भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस दौरान उपस्थित खिलाड़ियों ने मुखिया प्रतिनिधि का तालियों से स्वागत किया ।मौके पर उपमुखिया आसमां खातून,वार्ड सदस्य उस्मान अंसारी, समाजसेवी लालमोहन प्रसाद, मनोज प्रसाद, कयुम मियां, कप्तान नरेश टुडू, उपकप्तान धनेश टुडू, दिलीप टुडू, बहादुर टुडू, अनिल टुडू, शिबू सोरेन आदि लोग उपस्थित थे।

गूंज संस्था ने किया किट का वितरण

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम डूमरडीहा में गूंज संस्था, नई दिल्ली के सहयोग से एवं अंबेडकर फाउंडेशन के सचिव दशरथ दास व गुड़िया देवी के सहयोग से डूमरडीहा में 60 लोगों के बीच बच्चों का जैकेट ,स्वेटर, कंबल व दर्री का वितरण किया गया।मौके पर चेचकपी मुखिया रीता देवी उपस्थित थी । बताया जाता है कि तालाब चौड़ीकरण के पश्चात ही उक्त कपड़े कीट का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, अर्जुन बास्के, भीखो लाल बास्के, शंकर नायक, प्रियंका मुर्मू, बाबूलाल भास्के, नरेश भास्के समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

महोत्सव 22 फरवरी से कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का होगा शुभारंभ

शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा
प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत ग्राम जतघघरा में 22 फरवरी से शुरू होने वाला श्री श्री 108 श्री नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर है। विदित हो यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण कार्यक्रम 31 जनवरी को संपन्न किया गया जिसमें बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव समेत अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ समिति अध्यक्ष इंद्रदेव यादव ने बताया कि 22 फरवरी से कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। इसको लेकर यज्ञ समिति तैयारी में जुट गई है। उन्होंने बताया कि यज्ञ में मुख्य रूप से आचार्य पंडित दिनेशाचार्य जी अयोध्या कथावाचक पंडित रत्नामणी द्विवेदी अयोध्या और पंडित देवकी नंदन वृंदावन के द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। वहीं 3 मार्च को अभिषेक तिवारी सिवान और तेरेनाम लहरी छपरा बिहार निवासी के बीच सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम आयोजित कि जाएगी। यज्ञ समिति अध्यक्ष इंद्रदेव यादव उपाध्यक्ष मथुरा यादव,फुलांगी यादव सचिव दशरथ राणा उपसचिव महेश यादव कोषाध्यक्ष केदार यादव, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार यादव सदस्य सीताराम यादव, रामदेव यादव, सुरेश यादव, दीपक यादव,जगलाल यादव, विश्वनाथ स्वर्णकार, रामलाल स्वर्णकार, विष्णुदेव यादव, रामप्रसाद राम समेत आदि लोग यज्ञ को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

हजारीबाग में उपायुक्त के जनता दरबार में आए दो दर्जन मामले

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए। उपायुक्त ने फरियादियों की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। मामलों में रिंग रोड निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा, पंजी दो में जमाबंदी नहीं होने, सीएनटी जमीन को भू माफियाओं द्वारा हड़पने, निजी जमीन पर निर्माण कार्य रोकने, खतियान की प्रमाणित प्रति देने में विलंब के संबंध में, राशन डीलर द्वारा कम राशन देने सहित कई मामले आए।

NEWS इन ब्रीफ

बगड़ू थाना प्रभारी बने पंकज कुमार शर्मा, लिया प्रभार

लोहरदगा। जिले के बगड़ू थाना में शुक्रवार को थाना प्रभारी के रूप में पंकज कुमार शर्मा ने योगदान दिया है। पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार शर्मा का लोहरदगा सदर थाना से बगड़ू थाना प्रभारी के रूप में स्थानांतरण किया गया है। एसपी आर राम कुमार ने पंकज कुमार शर्मा को बगड़ू थाना प्रभारी नियुक्त किया है। बगड़ू थाना में योगदान देने के बाद पंकज कुमार शर्मा ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही विधि व्यवस्था और क्षेत्र के विषय में जानकारी भी ली है। उन्होंने सभी से कहा कि क्षेत्र में अमन, शांति बनाए रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। यहां के लोगों के साथ मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है।

केलाघाघ डैम स्थित पहाड़ी में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

सिमडेगा। केलाघाघ स्थित डैम के पहाड़ी में शुक्रवार को असामाजिक तत्वों के द्वारा झाड़ियों में आग लगा दी।आग लगने की वजह से पूरा एरिया धू-धू कर जलने लगा और आग की लपटें उठने लगी ।स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। इधर केलाघाघ डैम स्थित पहाड़ी में आग लगने के बाद वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी एवं आग पर लगभग काबू पाया गया। खबर लिखे जाने तक पहाड़ के ऊपरी हिस्से में अभी भी आग लगी है जिसे बुझाने का कार्य किया जा रहा है। रेंजर शंभू शरण चौधरी, फायर ब्रिगेड के भगवान ओझा आदि आग को बुझाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे।

जिला स्थापना शाखा व जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित

सिमडेगा। उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला स्थापना शाखा एवं जिला अनुकम्पा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अनुकम्पा, एसीपी/एम0ए0सी0पी एवं सेवा सम्पुष्टि का लाभ प्रदान करने से संबंधित मामलों कि समीक्षा की। उन्होंने अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित कुल 07 आवेदनों, ए0सी0पी/एम0ए0सी0पी से संबंधित कुल 03 मामले, सहित सेवा सम्पुष्टि से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई।

बालिका वधू बनने से बची 2 बेटियां

गुमला। गुमला में दो नाबालिग लड़कियां बालिका वधू बनने से बची। पालकोट प्रखंड की कोलेंग पंचायत स्थित नवाडीह गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने मुखिया की पहल के बाद दो नाबालिग लड़कियों की शादी रोकी गयी। इस गांव की दो नाबालिग बेटियों की शादी होने वाली थी। सिसई प्रखंड से बारात आने वाला था, लेकिन कोलेंग पंचायत की मुखिया सुषमा केरकेट्टा की तत्परता से नाबालिगों की शादी होने से बचाया गया।

बिजली आई नहीं, दे दिया मीटर

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा

चुनावी समर में वोट के लिए जितने दावे किए जाते हैं और विकास की उपलब्धियों को गिनाते नहीं थकने वाले जनप्रतिनिधियों का तमाम दावा आज इस गांव के लोगों के सामने खोखला है। जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत के पहार टोली और गिरजा टोली में अभी तक बिजली की चमक नहीं पहुंच पाई है। लेकिन गांव के सभी घरों में बिजली विभाग ने 2020 में ही बिजली मीटर का वितरण कर दिया है। गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंचने से ग्रामीणों की बिजली देखने की हसरत अधूरी ही रह गई है। जब लोग आज पास के अन्य गांवों में रोशनी देखते हैं तो मन मसोस कर रह जाते हैं। कम केरोसिन मिलने के कारण उनकी दुश्वारी और बढ़ गई है। पहाड़ों से घिरा हुआ यह गांव जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत के हाथी प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत आता है। गांवों में विकास की तमाम योजनाएं पहुंचाने के वादे किए जाते रहे, लेकिन इस अंतिम छोर तक पहुंचने से पहले ही सारी योजनाएं दम तोड़ती रही हैं। जिसके कारण आज भी गांव तक विकास की किरण नही पहुंच सकी है।

गांव के स्वस्ति लुगुन, जोहान लुगुन, दाऊद लुगुन, अरसिक लुगुन, प्रफुल डांग, जेवियर तोपनो सहित कई अन्य ग्रामीणों का कहना है कि कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को गांव में बिजली की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रखंड कार्यालय से करीब 30 से 40 किलोमीटर दूर इस गांव में जल्द अधिकारियों का आना-जाना भी नहीं होता है। इस वजह से भी वे अपनी समस्याओं से अधिकारियों से अवगत नहीं करा पाते हैं। ग्रामीणों की मानें तो वर्ष 2020 में ही गांव में बिजली विभाग ने लगभग 28 घरों में बिजली मीटर बांट दिया है। लेकिन गांव में बिजली का एक खंभा तक नही है। इससे गांव में बल्ब जलाने का सपना साकार नहीं हो सका। इस गांव के लोग आजादी के 76 वर्ष के बाद भी ढिबरी युग मे जीने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 28 घर हैं। जिसमें अनुसूचित जाति की बहुलता है। यहां के घरों में आज भी रोशनी के लिए ढिबरी व लालटेन जलता है। आज से दो वर्ष पहले ही सभी घरों में मीटर लगाने के लिए बिजली मीटर उपलब्ध करा दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब पूरे गांव में बिजली का कनेक्शन ही नही हुआ है तो गांव के लोग मीटर कहां लगाएंगे। सभी मीटर घर में रखे रखे धूल फांक रहे हैं।

नियम को ताक पर रखकर हो रहा मरम्मती कार्य : आलोक

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने शुक्रवार को लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से उनके कार्यालय में मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त को बताया कि लोहरदगा जिला में 29 स्वास्थ्य उपकेंद्र में मरम्मत का कार्य नियम के विपरीत हुआ है। उसका जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई किया जाय। श्री साहू ने उपायुक्त को बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 29 स्वास्थ्य उप केंद्र की मरम्मत होना है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लोहरदगा को राशि भी आवंटित कर दी गई है। मरम्मत का कार्य लगभग 4 लाख या उससे अधिक का है। नियमानुसार 2.5 लाख के ऊपर के कार्य हेतु टेंडर निकाला जाना चाहिए किंतु लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग नियम को ताक में रखते हुए मनमाने ढंग से अपने चेहरे को बिना संविदा निकाले सारे कार्य देकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी की कमेटी गठित

नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा

प्रखण्ड के स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी की कमिटी का पुनर्गठन को लेकर शुक्रवार को सोसाइटी के पूर्व सदर अलीरजा अंसारी के आवासीय परिसर में पूर्व महासचिव समीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर संगठन की मजबूती को लेकर नए सदस्यों को जोड़ने,लगातार कार्यक्रम आयोजित करने,क्षेत्र के विकास के लिए सहभागिता निभाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल क्षेत्र के साथ साथ सभी समाज के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव से कार्य करने पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से सोसाइटी के सदर के लिए महताब अंसारी, महासचिव खुर्शीद अंसारी, सचिव मजूल अंसारी, मीडिया प्रभारी सादाब अंसारी, नायब सदर अख्तर अंसारी, खजांची नईम अंसारी, नायब। मुख्य सरपरस्त अलीरजा अंसारी,मणौवर अंसारी को मनोनीत किया गया। मौके पर नवमनोनित सदर महताब आलम ने कहा की सोसाइटी सेवा की उद्देश्य से कार्य करती रही है आज पुनर्गठित टीम पर जो भरोसा जताया गया है उस पर खरा उतरने का पूरा पूरा प्रयास किया जाएगा, संस्था में प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांव से लोगों को जोड़कर सभी समाज के हित मे कार्य किया जाएगा।

रांची के रास्ते कोयंबत्तूर-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 5 फरवरी से

रांची। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. इसी के तहत धनबाद- कोयंबत्तूर-धनबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन वाया रांची का परिचालन होगा। यह ट्रेन 5 फरवरी से धनबाद से और कोयंबतूर से 8 फरवरी से 8 ट्रिप चलेगी. इन ट्रेनों मंक एसएलआर के 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 12 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 4 कोच और वातानुकूलित 2-टियर के 2 कोच समेत कुल 24 कोच होंगे.ट्रेन संख्या 03357 धनबाद-कोयंबत्तूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 05/02/2023 से 26/03/2023 तक प्रत्येक रविवार को धनबाद से प्रस्थान करेगी. इस ट्रेन का धनबाद प्रस्थान रविवार 06:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 07:35 बजे प्रस्थान 07:40 बजे, मूरी आगमन 09:28 बजे प्रस्थान 09:30 बजे, रांची आगमन 10:55 बजे प्रस्थान 11:05 बजे, हटिया आगमन 11:25 बजे प्रस्थान 11:30 बजे, राउरकेला आगमन 14:05 बजे प्रस्थान 14:10 बजे, सम्बलपुर आगमन 16:00 बजे प्रस्थान 16:05 बजे, रायगड़ा आगमन 23:00 बजे प्रस्थान 23:05 बजे, विशाखपटनम आगमन 03:00 बजे प्रस्थान 03:20 बजे, विजयवाड़ा आगमन 11:20 बजे प्रस्थान 11:30 बजे, काटपाडी आगमन 21:30 बजे प्रस्थान 21:50 बजे, सेलम आगमन 00:30 बजे प्रस्थान 00:35 बजे एवं कोयंबत्तूर आगमन मंगलवार 04:00 बजे होगा।

आयुष्मान कार्ड को लेकर बैठक आयोजित

सिमडेगा। उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड से संबंधित बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने नवम्बर माह से जनवरी माह 2023 तक किये गये कार्य कि समीक्षा की। उन्होंने भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड बनवाने के कार्य को मिशन मोड में संचालित करने का दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार को प्रज्ञा केंद्र के संचालक व आशा फेसिलिटेटरों, एजेंसी को आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश देने की बात कहीं। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आशा फेसिलिटेटरों, एवं एजेंसी को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर अहम भूमिका निभाते हुए जिला अंतर्गत सभी योग्य लाभुकों को गोल्डन कार्ड से आच्छादित करने को कहा।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न बैंकों के साथ डालसा ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल के कक्ष में बैंकों के ऋण समाधान हेतु जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थाई लोक अदालत लगाने हेतु एक बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के अध्यक्षता एवं सचिव राजेश कुमार की देखरेख में जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधकों व अन्य पदाधिकारियों के साथ की गई। डालसा अध्यक्ष ने कहा कि बैंकों के अनुरोध पर झालसा, रांची के निदेर्शानुसार इस जिले के विभिन्न बैंकों के नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स सम्बंधित ऋण के

18,856 मामले हैं। ऋणधारियों के सुविधा के लिए उन्हीं के क्षेत्र में विशेष लोक अदालत के शिविर लगाने का निर्देश बैंकों को दिया गया है ताकि ऋणधारी अपना ऋण खाता को निष्पादित करा कर अपने को ऋण मुक्त कर सकें। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष प्रकाश पासवान, सदस्य स्मिता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलडीएम रविन्द्र प्रसाद एवं लोहरदगा जिला के अग्रणी बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे। एलडीएम रविन्द्र प्रसाद ने कहा कि लोहरदगा में 126 करोड़ से ज्यादा का एनपीए रकम है। जिससे स्थाई लोक अदालत के सहयोग से स्पेशल कैंप लगाकर रकम की वसूली किया जाना है।

सब्बल से मारकर युवक को किया घायल अस्पताल में भर्ती

जलडेगा। थाना क्षेत्र के पीयोसोकरा हरिजन कॉलोनी निवासी शंभू महतो ने साधु मांझी नामक एक युवक को साबल से मारकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1985 - 1986 में हरिजन कॉलोनी बैसाखू तुरी के नाम से मिला था, बहुत दिन रहने के बाद घर खंडर हो गया था, नया घर बनाने के लिए बैसाखु तुरी के बेटे प्रवीण मांझी और साधु मांझी अपने खंडर घर के पत्थर को साबल के सहारे से निकाल रहे थे। इस बीच शंभू महतो नामक युवक ने साधु मांझी से साबल को छीनकर उसपर हमला कर दिया, जिससे साधु मांझी के पैर में चोट लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल साधु मांझी ने बताया कि जिस घर का पत्थर वो लोग निकाल रहे थे उस खंडर घर में शंभू महतो शराब छुपा कर रखता था।

कृषि गणना प्रगति को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि गणना के प्रगति को लेकर अधिकारियों के की बैठक। बैठक में जिला में गांवों की संख्या, कुल कृषकों की संख्या, भूमि, लक्ष्य, तय समय पर कृषि गणना पूर्ण करने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि कृषि गणना को लेकर सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य निर्धारित करने और कार्य में प्रगति लाते हुए कृषि गणना का कार्य तय समय पर पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुल आठ मामलों पर चर्चा की गई और नियुक्ति संबंधी अनुशंसा करते हुए आवश्यक निदेश स्थापना उप समाहर्ता को दिये गये। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला आयुष पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक उपस्थित थे।

शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी को लेकर शिक्षा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

सिमडेगा। जिला स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा ने जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा विनोद कुमार को शिक्षक नियुक्ति मामले में बरती गई अनियमितता को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि आर.सी. मध्य विद्यालय सोगड़ा में 20 दिसंबर को सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा के पश्चात परिणाम घोषित हुई। जानकारी मिली है कि उस परीक्षा में अनियमितता बरती गई है। बताया गया कि 12 लोग परीक्षा में शामिल हुए और रिजल्ट 13 लोगों का घोषित किया गया है। जो कि कहीं ना कहीं जांच का विषय है।उन्होंने इस विषय में जांच करते हुए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की अनुशंसा की जाए ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की गड़बड़ी ना कर सके।

बीडीओ ने घर-घर जाकर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए किया प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा

विगत पांच वर्षों से लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की पहल पर प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा अनोखी पहल की जा रही है जिसके तहत गांव गांव पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण लाभको को पगड़ी पोशी करने, प्रशस्ति पत्र देने तो दूसरी ओर वैसे लाभुक जो प्रधान मंत्री आवास योजना को पूर्ण नही करा पा रहे हैं वैसे लोगो को प्रेरित करने, समझाने बुझाने व आरजू विनती करने का काम कर रहें हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को हनहट पंचायत के लाभुकों को घर घर जाकर प्रेरित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया।।मौके पर प्रखण्ड प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने

कहा कि विगत 5 वर्षों में लगभग 500 से अधिक आवास लंबित है।हम विभिन्न कार्यक्रमो और प्रयासो के माध्यम से पूर्ण कराने का काम किया जा रहा है।जिसके तहत पिछले माह 140 आवास पूर्ण भी किया जा चुका है।इस माह भी 200 अपूर्ण आवास को पूर्ण कराने की ओर अग्रसर है।जो भी लंबित आवास है उनमें अधिकतर लोग खेती किसानी ,मजदूरी करने वाले हैं उन्हें दण्डित करने का कोई उद्देश्य नही है,हम लोगों को समझा बुझाकर आने वाले एक दो महीने के अंदर अपूर्ण सभी आवासों को पूर्ण करा दिया जाए। मौके पर मुखिया श्रवण मुंडा, आकाश कुंवर, पंचायत सेवक राजेश कुमार उरांव, गुहा उरांव, परवेज अंसारी, समीम अंसारी, मोहन साहू,नोसाद आलम, मो सजाद आदि उपस्थित थे।

मनमानी राष्ट्रीय राजमार्ग व सड़क परिवहन मंत्रालय ने लिया संज्ञान

नाली निर्माण में अनियमितता पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा / कुडू

राष्ट्रीय उच्च पथ 143ए पर नाली निर्माण में अनियमितता को लेकर उठ रहे सवालों पर राष्ट्रीय राजमार्ग व सड़क परिवहन मंत्रालय के सदस्य रविंद्र तिवारी ने संज्ञान लिया है। ज्ञात हो कि एनएच 143 ए पर कुडू में पुलिया निर्माण एवं नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। संवेदक द्वारा मनमाना ढंग से कार्य करवाया जा रहा है। सबसे विचित्र बात यह है कि नाली निर्माण कार्य में संवेदक अवधेश कंस्ट्रक्शन कंपनी ने निर्माण कार्य में मनमाने पन का मिसाल कायम कर दिया। नाली टेढ़ा मेढ़ा, दोनों तरफ के नालियों के मध्य सड़क 10 मीटर होनी चाहिए। लेकिन कहीं साढ़े नौ मीटर है। सबसे हास्यास्पद स्थिति तो नवनिर्मित पुलिया के समीप है। कहीं बिजली का पोल क्षतिग्रस्त, बीएसएनएल को तार को डैमेज कर दिया गया, एक जगह तो चापानल का प्लेटफार्म को हीं क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। क ?ई जगहों पर नाली में ढक्कन तक नहीं लगाया गया है। जिससे दुर्घटना की संभावना बरकरार है। दुर्घटना जोन बनने से इंकार नहीं किया जा सकता

है। सबसे बड़ी समस्या मस्जिद मोड़ से इंदिरा गांधी चौक की है। जैसा कि बताया गया है कि 10मीटर सड़क दोनों किनारों पर एक - एक मीटर कुल 12 मीटर जगह चाहिए। इस हिसाब से क ?ई भवनों को नुकसान होगा। ग्रामीणों का कहना है कि क ?ई रैयतदारों की भूभाग प्रभावित होंगी। एक व्यवसायी ने कहा कि सड़क निर्माण एवं नाली के नाम पर पहले हीं बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया गया। लेकिन कार्य में कोई प्रगति न देखकर व्यवसायियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी वर्ग सशंकित एवं आक्रोशित है। इसका निराकरण राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों को करना। जैसा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग के सदस्य रविंद्र तिवारी ने सूचित किया है कि अतिशीघ्र कुडू आकर सारी स्थितियों का अवलोकन करुँगा।

नये पदस्थापित थाना प्रभारी का किया गया स्वागत

बानो। बानो थाना प्रांगण में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई । सर्व प्रथम जिला परिषद बिरजो कंडुलना, प्रमुख सुधीर डांग ,बीस सूत्री अध्यक्ष बिदेशिया बड़ाईक आदि लोगो ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी फिलिप मिंज ,एसआई सन्दीप कुमार, एसआई जोन्स सोरेंग को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।बैठक उपस्थित सदस्यों के परिचय के बाद थाना प्रभारी फिलिप मिंज ने आज अत्यंत खुशी हुई आप लोगो ने काफी संख्या में बैठक में आ कर हमें गौरवान्वित कर दिया । बानो प्रखण्ड उतना पिछड़ा क्षेत्र नही है जितना लोग कहते हैं ।यहां पर आम,इमली, महुआ, कटहल,लाह की खेती अच्छी तरह से की जा सकती है।आप सब मन लगा कर कार्य करें।बानो प्रखण्ड मानव तस्कर के रूप में बदनाम है...इसे रोकें। बानो प्रखण्ड अपराध मुक्त कैसे हो इस लोगो से सुझाव मांगे ।हमारा पहला काम मानव तस्करी को रोकना, इसके लिये सामुहिक जागरूता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

एसआईएस जवानों का भर्ती पंजीयन शिविर 5 फरवरी से

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

एसआईएस द्वारा सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाईजर लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न थाना परिसर में भर्ती पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 05.02.2023 को किस्को थाना, 06.02.2023 को बगड़ू थाना, 08.02.2023 को भण्डरा थाना, 07.02.2023 को कैरो थाना, 09.02.2023 को सेन्हा थाना, 10.02.2023 को कुडू थाना, 11.02.2023 को एसटी/एससी थाना और 12.02.2023 को लोहरदगा सदर थाना में यह शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा सभी पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी को पंजीयन शिविर के लिए अपने-अपने थाना परिसर में कोविड-19 से संबंधित

गाईडलाइन के प्राप्त निदेर्शों का अनुपालन कराते हुए विधि-व्यवस्था संधारण का निदेश दिया गया है। इस शिविर में लोहरदगा जिला के अन्य थाना परिसर के इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी थाना परिसर में आयोजित शिविर में शामिल हो सकते हैं। भर्ती का समय सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक रखा गया है। सुरक्षा जवान की भर्ती में शामिल होने के लिए न्यूनतक शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास है और उम्र 21-37 वर्ष होनी चाहिए। अभ्यर्थी की लंबाई 168 सेमी, वजन 56 किग्रा होना चाहिए। सुरक्षा सुपरवाईजर की भर्ती में शामिल होने के लिए न्यूनतक शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास है और उम्र 21-37 वर्ष होनी चाहिए। अभ्यर्थी की लंबाई 170 सेमी, वजन 56 किग्रा होना चाहिए। भर्ती में शामिल होने के लिए शैक्षणिक योग्यता की छाया प्रति, दो फोटो एवं पंजीयन शुल्क 350 रुपए साथ लाना आवश्यक है। विशेष जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9140761210/ 8770659063 में संपर्क किया जा सकता है।

NEWS इन ब्रीफ

सड़क दुर्घटना में डॉक्टर की मौत

रांची। लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली चौक के पास शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में डॉक्टर सौरभ कुमार शर्मा की मौत हो गई। डॉक्टर सौरभ कुमार शर्मा करम टोली चौक की तरफ होते हुए रिम्स जा रहे थे। इसी दौरान एक स्कूली बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल डॉक्टर को रिम्स में इलाज के लिए भेजा लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ सौरभ कुमार शर्मा रिम्स के प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट में पदस्थापित थे। वह हर दिन अपनी स्कूटी से ही रिम्स आया जाया करते थे। शुक्रवार को वह खाना खाने के बाद वापस रिम्स की तरफ जा रहे थे तभी उन्हें बस ने कुचल दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि डॉक्टर सौरभ का जिस बस से दुर्घटना हुआ उस बस का पता लगाया जा रहा है। कंट्रोल रूम स्थित सीसीटीवी कैमरे को पुलिस की टीम खंगाल रही है।

रंगदारी मांगने के मामले में दो गिरफ्तार

रांची। नगड़ी थाना पुलिस ने मोबाईल पर डॉक्टर संजय पंडित से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में ललित उरांव और हासिम अंसारी शामिल है। इनके पास से 94 हजार नकद, घटना में इस्तेमाल किया गया चार मोबाईल फोन और जाली नोट का बंडल बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को बताया कि 29 जनवरी को डाक्टर संजय पंडित ने नगड़ी थाने में शिकायत की थी कि फोन कर उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार में ललित उरांव को रांची के पिस्का मोड़ हासिम अंसारी को लोहरदगा जिले के अमलाटोली बड़ा तालाब के पास से गिरफ्तार किया है।

दुष्कर्म के तीन आरोपित गिरफ्तार

खूंटी। सायको थानांतर्गत कूड़ापूर्ति पंचायत की एक 35 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ गत मंगलवार की रात तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। एसडीपीओ अमित कुमार ने शुक्रवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस संबंध में शुक्रवार को पीड़िता के बयान पर सायको थाने में मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में कूड़ापूर्ति गांव के बिरसा मुंडा और सोमा मुंडा तथा मारंगहादा थाना अंतर्गत चोंडोर गांव का प्रेमचंद हंस शामिल है। बताया गया कि गत मंगलवार की रात गांव में ही घटित इस घटना की जानकारी पीड़िता ने डर से उस दिन स्वजनों को नहीं दी थी।

सदर अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति की मौत

मेदिनीनगर। रेलवे स्टेशन से कुछ दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन-चार दिन तक इलाज चलने के बाद शुक्रवार की सुबह उसकी मौत सदर अस्पताल में हो गई। मरीज से मिले एएसआई ,परिजनों को दी सहयोग राशि मेदिनीनगर। इलाज से संबंधित खबर पढ़ने के बाद मेदिनीनगर सदर कोर्ट में पदस्थापित एएसआई भागीरथ राय शुक्रवार को मरीज शोभा देवी से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचकर उन्होंने परिजन से शोभा देवी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। जानकारी लेने पर पता चला कि शोभा देवी की हालत में अभी भी सुधार में नहीं है। यहां किसी तरह इलाज चल रहा है।

पलामू में निर्धारित मात्रा से आधा किलो कम खाद्यान्न

सरकार व जिला प्रशासन के सभी प्रयास विफल

9100 क्विंटल प्रति माह खा जाते हैं डीलर

अजय कुमार पांडेय

मेदिनीनगर । सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा जन वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में राशन वितरण कराए जाने के सभी प्रयास विफल दिख रहे हैं। सरकार द्वारा पोस मशीन से अंगूठा लगाने और वेइंग मशीन के द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन दिलाए जाने के लाख प्रयास के बावजूद पलामू जिले के 1535 जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा हर माह 18 लाख 29 हजार परिवारों को प्रति यूनिट खाद्यान्न कम वितरण किया जा रहा है। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अपनी तरकीब लगाकर वेइंग मशीन पर राशन के साथ प्रति यूनिट की दर से आधा किलो कम का बटखारा चढ़ा दिया जा रहा है। वहीं कई जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा निर्धारित मात्रा तौलने के बाद आधा किलो प्रति यूनिट की दर से खाद्यान्न को निकाल लिया जा रहा है। जन वितरण प्रणाली

दुकानदार का कथन है कि गोदाम प्रबंधक द्वारा 50 किलो के बैग में पूरा खाद्यान्न 50 किलो नहीं दिया जा रहा। जिससे खाद्यान्न का कटौती किया जाना लाजमी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पलामू जिला में 18 लाख 29 हजार परिवारों के बीच वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न 96 हजार क्विंटल की जगह 86 हजार 900 क्विंटल हीं खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिसमें प्रति यूनिट आधा किलो के हिसाब से 91 सौ क्विंटल खाद्यान्न जन वितरण प्रणाली दुकानदार कार्डधारियों से कटौती कर खुले बाजार में ऊंची दाम पर बेंच दे रहे हैं। जिसका बाजार मूल्य 30 लाख 64 हजार रुपए बताया जा रहा है। वहीं जनवितरण प्रणाली दुकानदारों का कहना है कि उक्त कटौती की गई खाद्यान्न की राशि प्रति माह प्रति क्विंटल अपने अपने प्रखंडों में 50-50 रुपए एमो को देनी पड़ती है। तभी अगले माह का आवंटन एमओ द्वारा दिया जाता है। बीते 30 जनवरी को विश्रामपुर प्रखंड के सभागार में सभी डीलरों के साथ समीक्षा बैठक की गई थी। बैठक में सभी जन वितरण दुकानों से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण कराए जाने का लालगढ़ मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी द्वारा घोषणा किए जाने पर जन वितरण प्रणाली दुकानदार उनके साथ मार पीट पर उतारू हो गए। विश्रामपुर बीडीओ सह एमओ प्रशांत हेंब्रम ने दुर्व्यवहार करने वाले डीलरों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही इसकी सूचना जिला आपूर्ति कार्यालय को भी दी गई है।

अभाविप ने जेएस कॉलेज के साइकोलॉजी विभाग में किया तालाबंदी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अभाविप के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के कार्यकर्ताओं द्वारा गीतांजलि कुमारी के नेतृत्व में साइकोलॉजी विभाग में तालाबंदी किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने तालाबंदी का कारण बताते हुए कहा कि विगत कई दिनों से विभाग काफी देर से खुल रहे थे। जिसके कारण न तो कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो पा रही थी और ना ही पठन-पाठन संबंधित कोई कार्य हो रहा था। लगातार शिकायत करने पर भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब तालाबंदी करने का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि इंटरनल और प्रैक्टिकल की परीक्षाएं हो जाने के बावजूद भी साइकोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष के उदासीन रवैए के कारण अभी तक विद्यार्थियों का अंकपत्र नहीं बना है। मौके पर उपस्थित रिया सिंह ने कहा कि जहां विभाग खुलने का समय 10:30 बजे है। वहीं प्राध्यापक कभी एक घंटे तो कभी डेढ़ घंटे के विलंब से महाविद्यालय पहुंचते हैं। जिससे विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों द्वारा तालाबंदी करने पर प्राचार्य से बात की गई। प्राचार्य ने छात्रों को आश्वस्त किया कि आगे से विभाग ससमय खुलेगा और सभी कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से एश्वर्या, सोनम, खुशी,उज्ज्वल, दीपक, सेजल, संध्या, प्रकाश कुमार, उत्कर्ष तिवारी सहित कई छत्र छात्राएं उपस्थित रहे।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की पंजीयन तिथि बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट आगे बढ़ा दी है। जेएनवीएसटी रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 08 फरवरी किया गया है। वैसे परीक्षार्थी जिन्होंने नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में एडमिशन लेना चाहते हैं और अभी तक अपना आवेदन दर्ज नहीं किया है। वे अपना आवेदन दर्ज कर सकते हैं।

क्या होगी योग्यता : इस प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए परीक्षार्थियों का जन्म 1-05-2011 से 30-04-2013 (दोनों तिथियां सम्मिलित हैं) के बीच का होना चाहिए। सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त या अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों से शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में कक्षा 5वीं में पढ़ने वाले अभ्यर्थी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। स्कूल में वह 5वीं कक्षा में होने चाहिए।

क्या होगी परीक्षा का स्वरूप: परीक्षार्थियों के लिए सेलेक्शन टेस्ट 2 घंटे का होगा। परीक्षा 11:30 से 01:30 तक ली जायेगी। इसमें 3 सेक्शन होंगे, जिसमें ऑब्जेक्टिव टाइप सवाल होंगे। कुल 80 सवाल होंगे जो 100 अंकों के होंगे।

शक्तिपुंज एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का परिचालन रद्द

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू से होकर चलने वाली हावड़ा-जबलपुर शक्तिपूंज एक्सप्रेस 6 फरवरी से 9 फरवरी तक और जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 4 फरवरी से 7 फरवरी तक रद्द रहेगी। ज्ञात हो कि वर्द्धमान स्टेशन पर पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने के कारण पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने अथवा गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। जिससे हावड़ा-जबलपुर-हावड़ा शक्तिपूंज एक्सप्रेस सहित कुल 49 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

आज परिचालन बाधित ट्रेनों की

सूची:-हावड़ा से 6 फरवरी एवं 9 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस। जबलपुर से 4 फरवरी एवं 07 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस। रक्सौल से 4 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस। नई दिल्ली से 4 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 12304 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस। लालकुंआ से 4 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 12354 लालकुंआ-हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन बाधित रहेगा।

ग्राइंडिंग मशीन की चपेट में आकर युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा निवासी अशोक कुमार गलेंडर मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि अशोक कुमार शुक्रवार की सुबह अपने घर में गलेंडर मशीन से छड़ काट रहा था । तभी वह गलेंडर मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं अशोक के साथ पहुंचे लोगों ने बताया कि अशोक का घर महुआडांड़ है। वह कुछ दिनों से मेदिनीनगर आकर मजदूरी का काम कर रहा है।

केन्द्रीय बजट 2023-24 सुपर रिच कारपोरेट को समर्पित: शत्रुघ्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने 3 फरवरी को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सुपर रिच(कारपोरेट घरानों) को समर्पित आर्थिक असमानता की खाई को बढ़ाने वाला जन विरोधी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा है कि बजट में बढ़ती महंगाई व भीषण बेरोजगारी से जूझते आम आदमी के राहत की कोई चर्चा नहीं है,वहीं 5 करोड़ से ज्यादा आय वाले पूंजिपतियों के उपर लगनेवाले सरचार्ज को 37% से घटाकर 25% करने के पीछे की मंशा देश के गरीब लोग समझ सकते हैं। प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि सबकुछ निजी क्षेत्र को सौंपने की रणनीति पर चलनेवाली केन्द्र सरकार का हर बजट कारपोरेट इंडिया को बढ़ाते हुए भारत को गारत में मिलाने वाला रहा है। यही कारण है कि मनरेगा योजना की राशि में कटौती, एससी, एसटी व पिछड़ों के कम्पोनेन्ट प्लान में कटौती,शिक्षा के बजट में कटौती कर विश्वगुरु बनने का स्वांग समेत हर क्षेत्र में आंकड़ों के भ्रमजाल से इनके जुमलों की पोल 2024 में खुलने वाली है।

रेलवे सघन चेकिंग अभियान में बेटिकट यात्रियों से राजस्व की वसूली

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। धनबाद रेल मंडल के वरीय डीसीएम के निर्देश पर शुक्रवार को सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। सघन चेकिंग अभियान में 102 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया। कई एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों से पकड़े गए सभी बेटिकट यात्रियों से बतौर जुमार्ना 39850 रुपये वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि सीआईसी सेक्शन में बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध अबतक का यह सबसे बड़ा चेकिंग अभियान था। स्पेशल चेकिंग स्क्वायड के सभी सदस्यों की तत्परता से 102

बेटिकट यात्रियों को पकड़ने में सफलता मिली। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, आरपी सिंह, आर के दुबे,बैकुंठ यादव, शशिकांत कुमार, एबीसी तिर्की के अलावे रेलवे सुरक्षा बल के एसपी यादव, चंदन कुमार और राजेश कुमार शामिल थे। सीआईटी ने बताया कि आगे भी चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उन्होंने सभी से रेल में टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत लोगों ने जताया शोक

हुसैनाबाद। प्रखंड के सिन्दुरिया गांव निवासी देवेंद्र कुमार सिंह 45 वर्ष की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर हुसैनाबाद के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। मालूम हो कि देवेन्द्र सिंह बाइक से मेदिनीनगर गये थे। वहां से अपने गांव सिन्दुरिया लौटने के क्रम में गुरुवार की देर शाम वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शोक व्यक्त करने वालों में स्थानीय एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, भाजपा के कर्नल संजय कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कृष्णा बैठा, अमित सिंह, मुंशी पासवान, संतोष कुमार सिंह,अनुज सिंह, चंदन सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह,ललन कुमार सिंह,छोटू सिंह, शंकर पासवान समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

जिला के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला

सरायकेला-खरसावां जिला के विभिन्न पंचायतों से आये पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले शुक्रवार को ब्लॉक मैदान स्थित आमबगान में बैठक की। बैठक में संघ के जुड़े मामलों पर चर्चा जकी गई. इसके पश्चात जिला समाहरणालय पहुंच कर उपायुक्त अरवा राजकमल को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।

सौंपे गये ज्ञापन में मुख्य रुप से सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को जोड़ने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों में बीएलओ के रुप में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों से कार्य लेने की मांग की गयी। ज्ञापन में 124 पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों के हस्ताक्षर है। ज्ञापन

में कहा गया है कि वर्ष 2016 से राज्य के करीब 18 हजार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रहे है।

पारिवारिक सर्वेक्षण, योजना बनाओ अभियान, सामाजिक अंकेक्षण, राशन कार्ड निर्माण, ग्राम विकास समिति का गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना का जियो टैग आदि कार्य स्वयं सेवक निष्ठापूर्वक करते आ रहे हैं। कोविड-19 जैसी आपालकालिन स्थिति के साथ साथ आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने कार्यों को संपादित किया। पूर्व की सरकार ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को 14 विभागों के कार्यों में जोड़ा था, परंतु वर्तमान में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को इससे वंचित कर दिया है।

पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर । नगर परिषद अंतर्गत डंडिला खुर्द में चल रहे पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आज शुक्रवार को समापन हो गया। यज्ञ पूणार्हुति व कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं-श्रोताओं की काफी भीड़ उमड़ी। यज्ञ पूणार्हुति के दिन भंडारे का भी आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पांच दिवसीय चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में पंडित रुद्रदत्त मिश्रा शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को भक्तिमय श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया गया। कथा के बाद यज्ञ समिति द्वारा संतो व कथावाचक को पूरे सम्मान व श्रद्धा के साथ विदाई की गई। यज्ञ समापन के मौके पर वरीय समाजसेवी अमृत शुक्ला,निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला,आलोक शुक्ला,सुशील कुमार शुक्ला, सीताराम शुक्ला, राकेश कुमार शुक्ला, ओमप्रकाश शुक्ला, चंद्रशेखर शुक्ला, पृथ्वीराज शुक्ला, गंगेश्वर शुक्ला, रविंद्र शुक्ला,नंदलाल शुक्ला, बबन शुक्ला, शुभम शुक्ला, लालबाबू सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

समाधान | समाहरणालय परिसर में लगा जनता दरबार

जनता की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में चैनपुर प्रखंड के ग्राम भैरा निवासी उदय महतो ने उपायुक्त से 15वें वित्त आयोग के माध्यम से मिली पीसीसी पथ निर्माण भुगतान की राशि से पंचायत सचिव एवं मुखिया द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत की। इसी तरह ग्राम पंचायत राजहारा के

कैलाश चौहान ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से बिना कारण बताये आवेदन वापस करने की शिकायत उपायुक्त से की। जनता दरबार में कस्तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय में कार्यरत सभी रात्रि प्रहरी ने उपायुक्त से मानदेय में वृद्धि करने का अनुरोध किया। इसी तरह चैनपुर प्रखंड अवस्थित सेमरटांड के महादेव नगर के वार्ड नंबर 33 के लोगों ने अपने मुहल्ले में पथ निर्माण करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ककोरिया निवासी अनिल राम ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि मेरे नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। परंतु दुर्भाग्यवश मैं भूमिहीन व्यक्ति हूँ, मेरे कब्जे में मात्र जीएम लैंड हैं। जिसमें मुझे आवास निर्माण करने की स्वीकृति दी जाए। इसी तरह हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सडैया के अनिल रजवार और वृजदेव रजवार ने उपायुक्त से अपने खेत मे तालाब निर्माण करवाने की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज,जमीन हड़पने आदि से सबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

नियमों का पालन करें दुकानदार अन्यथा होगी कार्रवाई : एफएसओ

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार के निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमवाली की जांच करने को लेकर खाद्य सरुक्षा पदाधिकारी एवं उनकी टीम शुक्रवार को बालूमाथ पहुंची एवं पुलिस बल के साथ बालूमाथ में संचालित मिष्ठान दुकानों की जांच की। जांच के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा लक्ष्मी स्वीटस,अमर स्वीस्ट एवं चौरसिया स्वीस्ट में बने सैंपल लिया एवं जांच को लेकर प्रयोगशाला भेज दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा नियम का अनुपालन दुकानदार कर रहे है कि नहीं जांच को लेकर टीम बनाकर बालूमाथ के विभिन्न दुकानों की

जांच की गयी,जांच के क्रम में लक्ष्मी स्वीटस में बनायी गयी बुंदिया,अमर स्वीस्ट के मंचुरियन पकौडा एवं चौरसिया स्वीटस की रसगुल्ला एवं खोया की गुणवता जांच के लिए सैंपल लिया गया एवं प्रयोगशाला भेज गया है,जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित मिष्ठान दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञान की बात

हत्यारे का वध नहीं किया जाएगा, तो वह और हत्याएं करेगा। उससे नृशंसता में वृद्धि होगी। अतः आनृशंसता इसी में है कि हत्यारे का वध किया जाए। आत्मरक्षा तो प्रत्येक स्थिति में धर्म है। आत्मरक्षा के मार्ग में आई किसी भी बाधा को हटाना कदापि नृशंसता नहीं है।

- ठाकुरजी

आंगन की पड़ताल

केंद्र से मिला पैसा खर्च नहीं कर पाने की वजह से कई पंचायतों का महरूम रहना चिंता की बात है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि हमारे सांस्कृतिक आंगन में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। हालांकि इसका मतलब कतई यह नहीं है कि यहां काम नहीं हो रहे हैं। कहने का अभिप्राय बस इतना है कि इस संदर्भ में कहीं न कहीं लापरवाही जरूर बरती गई है। बस उसे ठीक करने की जरूरत है। कारण अपने राज्य झारखंड में संवेदानाओं के तार बिजली के हाई वॉल्ट तारों से जुड़े हैं। मसलन विपक्ष को कोई मौका ऐसा नहीं देना चाहिए,जिससे वह तिजारत करने पर आमादा हो जाये। बहरहाल हाल के दिनों में यह देखा गया है कि विरोध के लिए विरोध का होना आम बात हो गई है। इसमें किसी भी पार्टी को यह जरूर सोचना चाहिए कि इसमें जनता की बुनियादी जरूरतें कितनी जुड़ी हुई हैं। ऐसे में हेमंत सरकार को अलर्ट रहने की जरूरत है। खासकर वर्तमान दौर में। बहरहाल ताजा संदर्भ को देखें तो हेमंत सोरेन हर एक भाजपाई तिकड़म को ध्वस्त करने पर आमादा हैं। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि देश के चाणक्य और गृह मंत्री अमित शाह की झारखंड यात्रा कई मामलों में खास है। ऐसे में वर्तमान राजनीतिक पगडंडियों के रास्ते देखने से सुगम भी नहीं लगते हैं। हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं होता है। चुप्पी भी जवाब है। बहरहाल 15वें वित्त आयोग ने राज्य की पंचायतों को मिलनेवाली करीब 800 करोड़ की राशि रोक दी है। केंद्र ने कहा है कि पहले से उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग करने के बाद ही शेष राशि किश्तवार उपलब्ध कराने पर निर्णय लिया जा सकेगा। ऐसे में यह तो सोचना ही होगा कि ऐसा कैसे हो गया? देखा जाये तो समय पर राशि खर्च न कर पाने के कारण राज्य की तकरीबन 4400 पंचायतों तक उनके विकास के लिए केंद्र से मंजूर पूरी राशि नहीं पहुंच पायेगी। प्रत्येक पंचायत को लगभग 15 से 20 लाख की रकम से वंचित होना पड़ा है। सड़क, नाली, जलमीनार सहित विकास की कई योजनाओं की गति इस वजह से धीमी पड़ गई है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार , वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचायतों के विकास के लिए कुल उपलब्ध राशि करोड़ो में है। वित्तीय वर्ष के दस माह में इस राशि में से महज 450 करोड़ की रकम खर्च की जा सकी। सभी जिलों को राशि खर्च करने के लिए योजनाओं का चयन करके काम करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन स्थिति यह है कि 700 करोड़ रुपये की राशि अब भी खजाने में पड़ी हुई है। ऐसे में कई जिले प्रभावित हुए हैं। जिसमें पलामू भी शामिल है। इसकी 15 प्रतिशत स्वीकृत योजनाओं पर इसका सीधा असर पड़ा है।

गृह मंत्री अमित शाह की झारखंड यात्रा कई मामलों में खास है। ऐसे में वर्तमान राजनीतिक पगडंडियों के रास्ते देखने से सुगम भी नहीं लगते हैं।हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं होता है। चुप्पी भी जवाब है।

कल्पवास की जिंदगी और रेहान की बांसुरी

प्रभुनाथ शुक्ल

'माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। देव दनुज किन्नर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।' तीर्थ प्रयाग क्षेत्र गंगा नदी के विशाल मैदान में बसा है। प्रयाग को सभी तीर्थों का राजा कहा गया है। प्रयाग समस्त कष्टों को हरने वाला ही नहीं, अनेक संस्कृतियों के मिलन का संगम भी है। यहां गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के साथ देश की विभिन्न धर्म-संस्कृतियों की भी कल्पवास में त्रिवेणी बहती है। गंगा और त्रिवेणी स्नान से सिर्फ मोक्ष ही नहीं अर्थ एवं धर्म की भी प्राप्ति होती है। दुनिया भर में नदी सभ्यता में इतना बड़ा भू-भाग कहीं नहीं मिलता है जहां विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला आयोजित होता है। कल्पवास में साम्प्रदायिक सद्भाव भी देखने को मिलता है। प्रयागराज को कुंभ, संगम और तंबुओं की नगरी से भी जाना जाता है। पूरे महीने भर देश-विदेश से आए श्रद्धालु और भक्त तंबू में कल्पवास करते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्य एवं साधु-संतों का आगमन होता है। प्रत्येक 12 साल पर कुंभ का आयोजन होता है। कहा जाता है ब्रह्मा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ यहीं किया।'प्र' से प्रथम और 'याग' से यज्ञ। इसकी वजह इसका नाम प्रयाग पड़ा। इस पवित्र नगरी के अधिष्ठाता भगवान विष्णु हैं। वो स्वयं यहां वेणी माधव के रूप में विराजमान है। पुराणों में सात पुरी-अयोध्या, मथुरा, मायापुरी, काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका हैं। पुरियों को तीर्थराज प्रयाग की धर्मपत्नियों की संज्ञा दी गई है। सात पुरियों में काशी सर्वश्रेष्ठ है। इसे तीर्थराज की पटरानी कहा गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सभी क्षेत्रों की उत्पत्ति प्रयागराज से हुई है और प्रयागराज ने इन्हें मोक्ष का अधिकार प्रदान किया है। प्रयाग में मास भर आयोजित होने वाला कल्पवास हमारी सांझी सांस्कृतिक विरासत है। कल्पवास क्षेत्र में जाति-धर्म, भाषा और रंग का भेद मिट जाता है। प्रयाग में विभिन्न धर्म और संस्कृतियों से आने वाला व्यक्ति सिर्फ और सिर्फ प्रयाग का होकर रह जाता है। प्रयाग में सिर्फ मनुष्यता दिखती है। यहां आपको सब कुछ मिल जाएगा। प्रयाग को अच्छी तरह जानने के लिए सिर्फ कल्पवास और त्रिवेणी स्नान काफी नहीं है। उसे पढ़ने के लिए रेत-रेत में बिखरना होगा। तब आपको पता चलेगा कि इस पवित्र रेती में पूरा भारत विभिन्न रंग-रूपों में बिखरा पड़ा है। संगम की रेती में बिहार के रेहान राजा की बांसुरी क्यों बजती है। झारखंड के जय प्रकाश की फिरंगी क्यों नाचती है। सहारनपुर के सलीम बालमखीरा का चूरन क्यों बेचने आते हैं। इनके लिए कल्पवास का क्या मतलब है। इन्हीं के जीवन संघर्ष में छुपा है अर्थ, धर्म और मोक्ष का अर्थ। परेड ग्राउंड में खादी ग्रामोद्योग की दुकानें मिल जायेगी। कान्हा-श्याम की सुंदर मूर्ति और कपड़े मिल जांयेगे। गीता प्रेस गोरखपुर दुकानें जगह-जगह मिल जायेंगी। रामदाने की पट्टी और बच्चों के खिलौने भी खूब बिकते हैं। कल्पवास शिवरात्रि तक चलेगा। गंगा घाट पर स्नान के दौरान हमें बिहार के रेहान राजा बांसुरी बेचते मिल गये। उसकी उम्र तकरीबन 15 साल है। अपने अब्बा के साथ पहली बार आए हैं। लॉकडाउन के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। अब अब्बा के साथ मेलों में बांसुरी बेचकर पैसा कमाते हैं। उस पैसे से बहन की शादी करेंगे। रेहान छपरा जिले के बनियापुर थाना के मिसकारी टोला गांव के हैं। रेहान की तीन बहने हैं। एक की शादी हो चुकी है। अब्बा पर बैंक का काफी कर्ज है। अब्बा इसी बांसुरी की कमाई से बैंक की किस्त भरते हैं। रेहान राजा ने बताया कि अमावस के दिन पंद्रह सौ रुपये की कमाई हुई। उनके गांव के 80-90 लोग हैं कल्पवास मेले में। सभी बांसुरी बेचते हैं। कल्पवास की रेती में ही झारखंड के राजमल साहबगंज, उदवां के रहने वाले जय प्रकाश राय मिल गये। वह खिलौनों के साथ बांस और कागज से बनी फिरंगी बेच रहे थे। उन्होंने बताया कि मेले में हर दिन 300 से 500 रुपये बचा लेते हैं। धंधा तो हजार रुपये तक का हो जाता है लेकिन सामानों के खर्च को काटकर इतना बच जाता है। वह 13 जनवरी से यहां हैं। कल्पवास खत्म होने के बाद वह दिल्ली चले जायेंगे और वहां यही फिरंगी बेचेंगे। संगम वापसी के दौरान पुल नंबर चार के रास्ते में सहारनपुर के सलीम मिल गये। सलीम बालम खीरा का चूर्ण बेच रहे थे। बोले ले लीजिये साहब। यह पेट के लिए अचूक रामबाण है। बस भोजन के बाद गुनगुने पानी से फांक लीजिए। सुबह पेट सफा तो सारे रोग दफा। 200 रुपये किलोग्राम है साहब। हमने सलीम से चूर्ण का एक पैकेट खरीद लिया। उन्होंने बताया कि अब तक तीन क्विंटल से अधिक चूर्ण बेंच चुके है। सलीम से हमने पूछा कि हिंदू मेले में आए हैं, आपको कोई डर नहीं लगता। बोले, राजनीति को छोड़िए साहब। देश सबका है। राजनीति से क्या मिलेगा। हम यहां हर साल आते हैं। प्रयाग में किसी जाति-धर्म का भेदभाव नहीं। यहां प्रशासनिक सहयोग खूब मिलता है। ऐसा मानने वाले सलीम ही नहीं और भी हैं। प्रयाग में लगने वाला कल्पवास अप्रत्यक्ष रूप से पूरे देश को एक धागे में पिरोता है। कल्पवास 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का सबसे अनुपम उदाहरण है।

प्रयागराज को कुंभ, संगम व तंबुओं की नगरी से भी जाना जाता है। पूरे महीने भर देश-विदेश से आए श्रद्धालु व भक्त तंबू में कल्पवास करते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्य एवं साधु-संतों का आगमन होता है। प्रत्येक 12 साल पर कुंभ का आयोजन होता है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कहानी

सुदामा श्री कृष्ण के बाल सखा थे। दोनों ने गुरुकुल में एक साथ शिक्षा ली थी। सुदामा बेहद ही गरीब ब्राह्मण थे। उन्हें खाने के लिए भिक्षा का सहारा लेना पड़ता था। क्योंकि वह सच्चे ब्राह्मण थे। इसलिए वह केवल पांच घरों से ही दिन भर में भिक्षा मांगा करते थे। जितना मिलता उसी में अपना और परिवार का भरण-पोषण किया करते थे। यह भिक्षा उनके लिए पर्याप्त नहीं था अर्थात उनका और परिवार का पेट ठीक प्रकार से नहीं भर पाता था। इसी भिक्षा से अतिथि सत्कार भी हुआ करता था। सुदामा की पत्नी को यह ज्ञात था कि श्री कृष्ण द्वारिका के महाराजा हैं। वह सुदामा के बाल सखा हैं। उनके ऐश्वर्य और वैभव की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थी। अगर सुदामा अपने सखा से सहायता मांगेंगे तो वह ना नहीं कहेंगे। ऐसा विचार करते हुए उन्होंने काफी प्रयत्न के बाद सुदामा को द्वारिका जाने के लिए मना लिया। रास्ता बहुत लंबा था और जाने का एकमात्र साधन स्वयं अपने दो पैर थे। सुदामा अपने मित्र से मिलने संकोच और लज्जा के साथ द्वारिका की ओर निकल गये। काफी दूर चलने के बाद उन्हें रास्ते में मुरारी से भेंट हुई उसके पास एक बैलगाड़ी थी, जिस पर व्यापार के लिए खूब सारा माल लगा हुआ था। मुरारी ने सुदामा को अपने साथ द्वारिका चलने के लिए मना लिया दोनों बैलगाड़ी पर सवार होकर द्वारिका की ओर चलने लगे। रास्ते भर मित्र की भांति मुरारी, सुदामा के साथ हंसी-ठिठोली करता रहा। द्वारिकाधीश उसके मित्र हैं।

(क्रमशः)

नेपोटिज्म, स्टार किड्स और टैलेंट बॉलीवुड में सर्वाइवल की जद्दोजहद

शगुन शर्मा

आज बात नेपोटिज्म और बॉलीवुड की.. क्या बॉलीवुड इंडस्ट्री में बचे रहने के लिए, आगे बढ़ने के लिए सिर्फ फैमिली कनेक्शन काफी है? क्या नेपो किड्स को इंडस्ट्री में सर्वाइव करने के लिए टैलेंट की जरूरत नहीं है?

नेपोटिज्म

एक बात स्पष्ट कर दूं नेपोटिज्म हर जगह मौजूद है। लेकिन बॉलीवुड में इसकी सबसे ज्यादा चर्चा है। नेपोटिज्म खराब है लेकिन नेपोटिज्म के लिए केवल बॉलीवुड को दोष देना अनुचित है। पूरा मामला तब शुरू हुआ जब मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झाँसी की स्टार कंगना रनौत ने करण जौहर को कॉफी विद करण के विवादित एपिसोड के दौरान नेपोटिज्म का झंडाबरदार कहा.. देखिये जिंदगी में कभी ना कभी किसी ना किसी रास्ते पर हमें एक पुश या सपोर्ट की जरूरत पड़ती है। और अगर आपको वह पुश या सपोर्ट आपके पारिवारिक संबंध के कारण मिल रहा है तो क्या ये वास्तव में इतना बुरा है? आज बात नेपोटिज्म और बॉलीवुड की.. क्या बॉलीवुड इंडस्ट्री में बचे रहने के लिए, आगे बढ़ने के लिए सिर्फ फैमिली कनेक्शन काफी है? क्या नेपो किड्स को इंडस्ट्री में सर्वाइव करने के लिए टैलेंट की जरूरत नहीं है? उदाहरण के लिए आलिया भट्ट को लें, उन्हें अपने करियर की शुरूआत में सबसे ज्यादा बैकलैश किया गया था क्योंकि वह 'महेश भट्ट की बेटी' हैं और करण जौहर ने उनका समर्थन किया था। ये 100 प्रतिशत नेपोटिज्म है.. लेकिन वहीं अगर हम उनकी बहन पूजा भट्ट की बात करें तो पूजा भी महेश भट्ट की बेटी हैं और वह एक अभिनेत्री भी हैं और उनके पिता के सभी संपर्कों तक उनकी पहुंच है लेकिन पूजा उतनी लोकप्रिय नहीं है जितनी आलिया. आलिया भट्ट को शुरूआत करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर से मिली लेकिन अब वो अपनी बेहतर परफॉर्मेंस की वजह से टॉप पर है। जॉली एलएलबी 2 का वह डायलॉग याद है?...'आलिया भट्ट महेश भट्ट का बॉलीवुड में सबसे अच्छा योगदान है' हाईवे, उड़ता पंजाब, डियर जिंदगी में आलिया का प्रदर्शन शानदार था। मैं नेपोटिज्म का समर्थन नहीं कर रही लेकिन सच तो यह है कि आलिया ने अपनी परफॉर्मेंस से बार-बार अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। उन्होंने कई बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है और उनकी कई शानदार भूमिकाओं के लिए उनकी प्रशंसा की गई है। उन्हें महेश भट्ट की बेटी के रूप में नहीं जाना जाता है, वास्तव में, वह अपने पिता से कहीं अधिक लोकप्रिय हैं। क्योंकि यह उसका काम है। हो सकता है कि उसे वह शुरूआती धक्का मिला हो जिसकी बहुत जरूरत थी लेकिन अब वह जो है वह वास्तव में उसका है। चलो अब बात करते हैं कुछ और स्टार किड्स की.. कपूर परिवार फिल्म इंडस्ट्री में अपने योगदान के लिए जाना जाता है। रणबीर कपूर, करीना कपूर, करिश्मा कपूर को भले ही कपूर फैमिली के बच्चे होना का फायदा मिला हो, लेकिन फिर भी इतने साल ये इंडस्ट्री में अपने बलबूते ही सर्वाइव किया है। भले ही सलमान खान बॉलीवुड पर राज किया, लेकिन उनके भाई अरबाज और सोहेल नहीं कर पाये। क्यों? क्षमताएं (इस मामले में, अभिनय से अधिक, विपणन क्षमताएं लेकिन अंत में क्षमताएं) जाह्नवी कपूर, ईशान खट्टर, सारा अली खान को भले ही अपने माता-पिता/भाई-बहनों की बदौलत पहली फिल्में मिली हों, लेकिन अगर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो वे बॉलीवुड में टिक नहीं पायेगी। एक 'स्टार किड' होने का एक नुकसान यह है कि आपके माता-पिता या भाई-बहनों के साथ लगातार तुलना की जाती है, जो आपके करियर को बर्बाद कर सकती है, उदाहरण- अभिषेक बच्चन, अभिषेक बुरे अभिनेता नहीं हैं, लेकिन अमिताभ बच्चन से तुलना ने उनके बॉलीवुड करियर को कभी फलने-फूलने नहीं दिया। बॉलीवुड में सेल्फ मेड सितारे भी हैं, जैसे शाहरुख खान और अक्षय कुमार, वर्तमान पीढ़ी में सुशांत सिंह राजपूत और राजकुमार राव, प्रियंका चोपड़ा, कंगना रनौत, अनुष्का शर्मा, दीपिका पादुकोण की कोई बॉलीवुड पृष्ठभूमि नहीं रही है, लेकिन वे सभी फिल्म उद्योग पर राज कर रहे हैं। हां हां, बिना कनेक्शन वाले किसी व्यक्ति को शुरू करने के लिए अतिरिक्त 2-3 साल की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन बस इतना ही। आगे क्या होता है यह उसके प्रदर्शन और 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' पर निर्भर करता है यह सच है कि नेपोटिज्म आपको एक जगह पाने में मदद कर सकता है, लेकिन फिर यह आप ही हैं जिन्हें कड़ी मेहनत करनी है और अपने लिए एक जगह बनानी है। नेपोटिज्म या पक्षपात जो स्टार किड्स को स्व-निर्मित कलाकारों पर बढ़त देने के लिए दिया जाता है, भारत के मनोरंजन उद्योग में काफी अंतर्निहित है। बॉलीवुड किड्स और नेपोटिज्म की बहस सबसे ज्यादा जिंदा है। यह इस बात पर केंद्रित है कि कैसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं को बॉलीवुड के उच्च और शक्तिशाली लोगों द्वारा पीड़ित किया जाता है।

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

Office of Chief Minister, J...
@JharkhandCMO

मुख्यमंत्री श्री @HemantSorenJMM दुमका प्रवास के दौरान लोगों से मिले और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

फेसबुक वॉल से

आरएसएस के गढ़ में लगातार होती हार

नरेन्द्र भल्ला

नागपुर में पिछले तीन साल से हर तरह के चुनाव में लगातार होती हुई हार बीजेपी के लिए बड़े खतरे का संदेश देती है। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांचों सीटों पर सोमवार को हुए चुनावों के गुरुवार को जो परिणाम घोषित किये गये।

पार्टी-पॉलिटिक्स

इस देश में जनसंघ से लेकर बीजेपी की स्थापना करवाने वाले आरएसएस का मुख्यालय नागपुर है और वहां होने वाले किसी भी तरह के चुनाव में अगर बीजेपी को शिकस्त का सामना करना पड़े तो इसे सियासी गलियारे में चौंकाने वाला तो माना ही जायेगा। नागपुर सिर्फ संघ की बुनियाद ही नही है, बल्कि वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी गृह क्षेत्र है। नागपुर में पिछले तीन साल से हर तरह के चुनाव में लगातार होती हुई हार बीजेपी के लिए एक बड़े खतरे का संदेश देती है। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांचों सीटों पर सोमवार को हुए चुनावों के गुरुवार को जो परिणाम घोषित किये गये वह कुछ और ही संदेश देने वाले दिखते हैं। इन चुनावों में नागपुर सीट के चुनाव परिणामों ने बीजेपी को तगड़ा झटका दिया है। नागपुर सीट पर एमवीए यानी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के सुधाकर अदबोले ने बीजेपी के नागो गानार को 7 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया है। महाराष्ट्र की राजनीति में नागपुर की किसी भी चुनावी सीट को इसलिए अहम माना जाता है क्यों कि वो संघ का इकलौता सबसे बड़ा केंद्र है, इसलिये वहां हुई एक छोटी-सी हार भी संघ व बीजेपी को घेरने के लिए विपक्ष को अपने हाथ में बड़ा सियासी मुद्दा मिल जाता है। सियासी जानकार कहते हैं कि नागपुर यानी अपने गढ़ में पार्टी उम्मीदवार की इस तरह से हार बीजेपी के लिए हैरानी से कम नहीं हैं। महत्वपूर्ण बात ये है कि ये हार बीजेपी को ऐसे समय में मिली है ,जब राज्य की दो विधानसभा सीटों चिंचवाड़ और कस्बा पेठ पर उपचुनाव 26 फरवरी को होने वाले हैं। दोनों ही सीटों पर विधानसभा चुनावों में बीजेपी के उम्मीदवार विजयी हुए थे। उनके निधन के बाद से दोनों ही सीटें खाली हो गई हैं। जाहिर है कि नागपुर में मिली इस जीत से एमवीए के कार्यकर्ताओं का जोश तो बढ़ेगा ही और वे बीजेपी से मुकाबला करने के लिए कोई कसर भी बाकी नहीं रखेंगे, लेकिन महत्वपूर्ण बात ये है कि महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों पर हुए चुनाव-नतीजों से बीजेपी को ये सबक लेना चाहिये कि विदर्भ क्षेत्र में वह अपना जनाधार आखिर क्यों खोती जा रही है। ये वही नागपुर है जहां 2014 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने नागपुर की 11 विधानसभा सीटों में से 10 पर अपना परचम लहराया था, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस ने अपना प्रदर्शन बेहतर किया और जिले की तीन सीटों पर जीत हासिल की। एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार जीता और बीजेपी सात सीटों पर सिमट गई। नागपुर में एमवीए की इस जीत पर विपक्ष को तो गदगद होना ही था। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने नागपुर में हुई इस जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि एमवीए ने बीजेपी के मातृ संगठन के गढ़ पर प्रहार किया है। नागपुर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और बीजेपी नेता नितिन गडकरी का न केवल गृह जिला है बल्कि यहां बीजेपी के वैचारिक संगठन आरएसएस का मुख्यालय भी है। लेकिन ये पहली बार नही है कि नागपुर में बीजेपी को किसी चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा हो। ये सिलसिला साल 2020 से चला आ रहा है। नागपुर में हुए एमएलसी चुनाव में कांग्रेस ने जीत हासिल करके बीजेपी को करारा झटका दिया था। दरअसल, बीते 58 सालों से इस सीट पर बीजेपी और पूर्व में जनसंघ के उम्मीदवार जीतते आये थे। एक बार खुद नितिन गडकरी भी इस सीट से ही एमएलसी बने थे। बीते साल अक्टूबर में भी नागपुर जिले में पंचायत समिति के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के पदों पर हुए चुनाव के नतीजों में भी बीजेपी को करारा झटका लगा था, तब कांग्रेस ने पंचायत समिति की अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की थी और बीजेपी पंचायत समिति के अध्यक्ष का एक भी पद नहीं जीत सकी थी। कांग्रेस ने जिले में अध्यक्ष के 13 में से 9 और उपाध्यक्ष के 13 में से 8 पदों पर जीत हासिल की थी। अगर और पीछे चलें तो साल 2021 में नागपुर के 13 तालुक्काओं की जिला परिषद की 16 सीटों के लिए उपचुनाव हुए थे। इनमें से केवल तीन पर बीजेपी को जीत मिली थी। वहीं कांग्रेस ने नौ सीटों पर जीत हासिल करके संघ के इस सबसे बड़े गढ़ को चुनौती दी थी, तब चार सीटों पर अन्य दलों ने अपना कब्जा जमाया था। इसी तरह 13 तालुका में पंचायत समिति की 31 सीटों पर भी चुनाव हुए थे। इसमें भी बीजेपी को बुरी तरह हार झेलनी पड़ी। इन 31 में से केवल छह सीटों पर बीजेपी को जीत मिली थी।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह***, **प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

पेट की चर्बी से लेकर डायबिटिज कंट्रोल करेंगे ये योगासन

स्वस्थ शरीर के लिए योगा बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। व्यायाम करने का सबसे सही समय सुबह का माना जाता है। सुबह योग करने से स्वास्थ्य को कई तरह के फायदे होते हैं साथ ही आपका शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर रहता है। परंतु बहुत से लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि ऐसे कौन से योगासन हैं जिन्हें आप सुबह रुटीन में कर सकते हैं।

अर्धमत्स्येन्द्रासन

यह आसन डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। खासकर यह आसन डायबिटीज रोगियों की शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है। नियमित तौर पर इस आसन को करने से पीठ, गर्दन, हाथ, छाती में खिंचाव आता है। दर्द दूर करने में भी यह आसन बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर का लचीलापन बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ जोड़ों के दर्द से भी राहत दिलवाने में मदद करता है।

नौकासन

नौकासन वेट लॉस और पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है। इसके अलावा यह मांसपेशियों में होने वाले दर्द से भी राहत दिलवाने में और मांसपेशियां मजबूत करने में मदद करता है। इसके अलावा पेट की मांसपेशियों को टोन करने में मदद करता है रीढ़ की हड्डियों में होने वाले दर्द से भी राहत दिलवाने में नौकासन मदद करता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और कमर से लेकर गर्दन की मांसपेशियों को स्ट्रेच करता है, दर्द में भी आराम दिलवाने में यह आसन मदद करता है। डायबिटीज रोगियों का ब्लड शुगर कंट्रोल करने में भी नौकासन बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

दंडासन

दंडासन सांस संबंधी समस्याओं से लड़ रहे रोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। यह आसन फेफड़ों की क्रिया सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा अस्थमा जैसी बीमारी में भी यह आसन बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा मांसपेशियां, नसों में दर्द, साइटिका दर्द कम करने के लिए भी दंडासन बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

विपरित करनी आसन

यह आसन पैरों में दर्द, सिर दर्द, पेट में ऐंठन जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसके अलावा पीरियड्स के दौरान होने वाले ऐंठन को भी कम करने में यह आसन मदद करता है। यदि आपको अनिद्रा की समस्या है तो भी आप इस आसन को अपनी रुटीन में शामिल कर सकते हैं।

चिंता और तनाव कम करने के साथ-साथ यह मस्तिष्क स्वस्थ रखने में भी मदद करता है। इसके अलावा यदि आपको रीढ़ की हड्डियों से संबंधी समस्या है तो भी आप दंडासन को अपनी डेली रुटीन में शामिल कर सकते हैं।

पश्चिमोत्तानासन

यदि आपको नींद से संबंधी कोई समस्या है तो आप पश्चिमोत्तानासन कर सकते हैं। यह आलस और थकान दूर करने में भी मदद करता है। साथ ही इस आसन को करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। चिंता, तनाव और अवसाद जैसी मानसिक स्थितियों के लिए यह आसन बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। साथ ही पेट संबंधी बीमारियां ठीक करने और वजन कम करने में भी पश्चिमोत्तानासन बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

ढोंग का रोग

जमाने को बदनाम करते हुए इंसान कब मशीन बन जाता है, पता ही नहीं चलता। सुबह बसेरा छोड़कर ऑफिस जाता है टेंशन मोल लेने। आखिरकार टेंशन तो टेंशन है। यह कांट्रब्यूटरी पेंशन तो नहीं कि रिटायरमेंट के बाद एक साथ थोक में मिलेगा। यह ओल्ड पेंशन की तरह है जो किश्तों में मिलता रहता है। ऐसा नहीं है कि टेंशन मिटाने के तरीके नहीं है। हैं, लेकिन अपने तरीके के। टेंशन मिटाने के तीन तरीके होते हैं। एक शराब पीकर थोड़ी देर के लिए भुला दो। दूसरा, बसेरे में रहने वालों पर भड़ास के रूप में उल्टी कर दो। तीसरा, आत्महत्या कर लो। ऐसे दौर में गृहस्थी करना कार्बन डाइ आक्साइड के बीच आक्सीजन की खोज करने की तरह है। आजकल की बात है। एक दंपत्ति की एक संतान थी। वह बचपन में संतान और बड़ा होने के बाद पालतु की तरह व्यवहार करने लगा। दंपत्ति संतान पर बहुत विश्वास करते थे, क्योंकि वह उन्हीं का खून था। उन्हें क्या पता कि अपनों के खून में भी मालवायरस का अटैक अक्सर हो जाता है। संतान भी माता-पिता के साथ पूरे तन-मन से ढोंग करता था, लेकिन वह भी चमकते सोने की तरह। अपने चरित्र का असली पीतल हमेशा छिपाए रखता था। माता-पिता पुरानी सोच के साथ जैसे-जैसे पुराने पड़ते जा रहे थे, वह उतना ही आधुनिक बनता जा रहा था। मटका फूटकर फ्रिज बन गया, सिलबट्टा जाकर मिक्सर, गिल्ली-डंडा कब क्रिकेट बन गया पता ही नहीं चला। माता-पिता जब भी विश्राम करना चाहते संतान उनके लिए रिक्लायनर वाली कुर्सी आगे कर देता था। सच तो यह है कि वे विश्राम नहीं संतान का स्पर्श चाहते थे। अब संतान न उन्हें प्रणाम करता था और न उनसे बात। शादी हो जाने के बाद हालात और खराब हो गए। संतान वाइफ के चक्कर में माता-पिता के साथ वाई-फाई वाला टच रखने लगा था। दूरी जैसे-जैसे बढ़ती संबंधों का नेटवर्क वैसे-वैसे कमजोर पड़ता जाता। देखते-देखते माँ का स्वगर्वास हो गया। पिता बिस्तर पर लेटे जिंदगी के अंतिम दिन गिन रहे थे। एक दिन की बात है, जब पिता ने बेटे से पानी माँगा। सौ बार माँगने पर झल्लाते हुए एक बार बेटे ने पानी पिलाया। पिता सोया हुआ था, बेटा तेजी से पानी पिलाये जा रहा था। पानी गले में जाने के बजाए कब फेफड़ में पहुँच गया पता ही नहीं चला। पिता सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे थे। बेटा समझा यह उनका नाटक है। थोड़ी देर में पिता की ईहलीला समाप्त हो गई। बेटे ने समझा कि पिता उसी के हाथों अंतिम बार कुछ पीकर मरना चाहते थे, सो वह प्रसन्न था। उसे लगा कि मैंने पिता के लिए पितृभक्त बेटे के रूप में अपनी सभी जिम्मेदारियाँ निभाई। दुनिया को भी यही लगा। ढोंग सेवा पर हमेशा भारी पड़ता है। एक बेटे के हाथों पिता की हत्या जमाने के लिए सेवा का रूप धारण कर चुका था। सच है अब मौतें सेवा के रूप में लोगों को गले लगा रही है।

❖ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

यूरिक एसिड को कंट्रोल में रखेंगी ये सब्जियां

बदलते लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण शरीर कई तरह की बीमारियों से घिरने लगा है। डायबिटीज, कैंसर, यूरिक एसिड की समस्याएं बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में यूरिक एसिड शरीर में से निकलने वाला एक वेस्ट प्रोडक्ट है जिसकी मात्रा बढ़ने के कारण जोड़ों और हड्डियों में दर्द होने लगता है। बढ़ते यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आप हैल्दी डाइट, एक्सरसाइज को अपनी डेली रुटीन में शामिल कर सकते हैं। यूरिक एसिड जमने के कारण मरीजों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में आप अपनी डाइट में कुछ हैल्दी सब्जियां शामिल करके यूरिक एसिड को कंट्रोल कर सकते हैं।

ब्रोकली

ब्रोकली का सेवन करके आप यूरिक एसिड कंट्रोल में रख सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले गुण यूरिक एसिड को शरीर में जमा होने से रोकते हैं। ब्रोकली को डाइट में शामिल करके आप यूरिक एसिड कंट्रोल कर सकते हैं।

टमाटर

टमाटर भी यूरिक एसिड के मरीजों के लिए बहुत ही लाभकारी हो सकता है। संतुलित मात्रा में टमाटर खाने से शरीर में मौजूद यूरिक एसिड बाहर निकलता है। टमाटर एसिडिक होता है जिससे शरीर में मौजूद यूरिक एसिड टूटकर बाहर निकलता है।

खीरा

खीरे में पानी की पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। गर्मी में इसका सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और रोजाना खीरे का सेवन करने से यूरिक एसिड भी बाहर निकलता है। शरीर में यूरिक एसिड का प्रोडक्शन भी कम होता है।

गाजर

गाजर में एंजाइम और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो शरीर में मौजूद यूरिक एसिड कम करने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में यूरिक एसिड भी कम मात्रा में बनता है। ऐसे में यदि आप यूरिक एसिड के मरीज हैं तो इसको अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

चुकंदर

चुकंदर पोषक तत्व और गुणों से भरपूर होता है। नियमित रुप से चुकंदर का सेवन करने से शरीर में मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की पर्याप्त मात्रा मिलती है। इसका सेवन करके यूरिक एसिड भी कंट्रोल में रहता है।

त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो करें शहद का प्रयोग

अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। जब भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इनसे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं।

निशानों को करें हल्का : शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं।

मिलती है ग्लोइंग स्किन : अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है।

एजिंग के साइन्स को करे रिवर्स : अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। शहद चेहरे पर झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, शहद को चेहरे पर लगाने से स्किन की इलास्टिसिटी बेहतर होती है, जिससे वह जवां और चमकदार दिखती है। आप हर सप्ताह शहद का मास्क लगा सकती हैं और अपनी स्किन को अधिक यंगर बना सकती हैं।

सनबर्न से राहत : अगर आपकी स्किन पूरे दिन धूप में रहने के कारण डैमेज हो रही है तो ऐसे में शहद आपकी मदद कर सकता है। धूप से झुलसी त्वचा के कारण स्किन में रेडनेस, सूखापन और जलन महसूस होती है। ऐसे में अपनी स्किन को ठंडक प्रदान करने के लिए आप एक भाग कच्चे शहद को दो भाग एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें और सीधे प्रभावित जगह पर लगाएं। याद रखें कि आप मिश्रण को रगड़ें नहीं, बल्कि इसकी लेयर लगाकर ऐसे ही छोड़ दें। यह उपाय ना केवल सनबर्न से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी स्किन के रंग-रूप में भी सुधार करने में मदद करेगा।

पुरूषों में आयरन की कमी को दूर करने के लिए उपाय

पर्याप्त मात्रा में आयरन रिच फूड ना खाने से समस्या हो सकती है। आपका शरीर आयरन को स्टोर कर सकता है लेकिन इसे बना नहीं सकता। इसलिए अगर आहार में आयरन कम होता है तो इससे शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। आमतौर पर, यह माना जाता है कि आयरन की कमी महिलाओं में ही होती है। यकीनन प्रसव के बाद होने वाली ब्लीडिंग और आहार में पोषक तत्व की कमी के कारण महिलाओं में यह समस्या होती है। लेकिन पुरूष भी इस समस्या से अनछुए नहीं हैं। ऐसे कई पुरूष होते हैं, जिन्हें आयरन की कमी की समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन उन्हें इसका पता ही नहीं चलता।



आयरन की कमी के लक्षण

पुरूषों के शरीर में आयरन की कमी होने पर कुछ लक्षण नजर आ सकते हैं-
- हमेशा थका हुआ और कमजोर महसूस करना
- सांस फूलना
- कमजोर याददाश्त व ध्यान एकाग्र करने में समस्या होना
- काम पर प्रदर्शन में गिरावट आना
- बार-बार संक्रमण होना
- कामेच्छा में कमी (सेक्स ड्राइव)

आयरन की कमी के कारण है?

शरीर में आयरन की कमी के कुछ कारण हो सकते हैं। मसलन-
- पर्याप्त मात्रा में आयरन रिच फूड ना खाने से समस्या हो सकती है। आपका शरीर आयरन को स्टोर कर सकता है लेकिन इसे बना नहीं सकता। इसलिए अगर आहार में आयरन कम होता है तो इससे शरीर में आयरन की कमी हो सकती है।
- कई बार आयरन रिच फूड लेने के बाद भी उसे शरीर में अवशोषित करने में परेशानी होती है। गलत फूड कॉम्बिनेशन या फिर कुछ स्वास्थ्य स्थितियों के कारण शरीर आयरन को अब्जॉर्ब नहीं कर पाता है।
- कभी गंभीर चोट लग जाने के कारण अगर बहुत अधिक रक्त बह जाता है, तो भी शरीर में आयरन कम हो जाता है।

आयरन की कमी का इलाज करना

आयरन की कमी को दूर करने के लिए पहले आप एक बार डॉक्टर से मिलकर जांच अवश्य करवाएं। यह किसी अन्य गंभीर समस्या को जन्म दे सकता है। दवाइयों के सेवन के अलावा आप कुछ आसान उपायों को अपना सकते हैं। मसलन-
- आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ अधिक खाएं
- आयरन को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में आपकी मदद करने के लिए विटामिन सी युक्त अधिक खाद्य पदार्थ खाएं।
- आयरन के साथ कैल्शियम रिच फूड ना खाएं। इससे शरीर में आयरन अवशोषित नहीं हो पाता है।
- शरीर में आयरन की कमी हो दूर करने के लिए डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट्स या लिक्विड का इस्तेमाल करें।
- यदि आप आयरन सप्लीमेंट लेते हैं, तो आपको उन्हें कई महीनों तक और संभवतः अधिक समय तक लेने की आवश्यकता होगी। इसलिए, डॉक्टर से इस विषय में विस्तृत चर्चा करें।

❖ मिताली जैन

कैंडी, डोनट्स, आइसक्रीम खाने से भी हो सकता है कैंसर!

आपके खाने में मौजूद रहने वाले जीवाणु आपके कैंसर के जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ जीवाणु जहां आपके शरीर को कैंसर से लड़ने में मदद करते हैं वहीं अन्य ट्यूमर को विकसित होने और बढ़ने में मदद करते हैं। आंत के जीवाणु आपकी कोशिकाओं के व्यवहार को बदलकर आपके कैंसर के जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं, कैंसर पैदा करने वाले सूक्ष्म जीव कोशिकीय सहयोग को कमजोर करते हैं और प्रक्रिया में कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं।

कैसे बढ़ता है कैंसर का जोखिम : नए अध्ययन इस पर किया गया है कि मानव शरीर के अंदर सहयोग और संघर्ष कैसे होता है, जिसमें यह देखना भी शामिल है कि शरीर का शोषण करने के लिए कैंसर कैसे विकसित हो सकता है। इस बात की भी जांच की गई है कि कैसे आहार और जीवाणु आपके शरीर की कोशिकाओं के एक दूसरे के साथ संवाद करने के तरीकों को प्रभावित करते हैं और आपके कैंसर के जोखिम को बढ़ाते या घटाते हैं। आप जो खाते हैं वह आपके शरीर के अंदर कैंसर-उत्प्रेरण और कैंसर-रोकथाम करने वाले जीवाणुओं की मात्रा निर्धारित करता है, हम मानते हैं कि जिन जीवाणुओं का हम उपभोग करते हैं और बढ़ावा देते हैं वे स्वस्थ आहार का एक महत्वपूर्ण घटक हैं। लाभकारी सूक्ष्म जीव आमतौर पर किण्वित और पादप पर आधारित आहार में पाए जाते हैं, जिसमें सब्जियां, फल, दही और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। इन खाद्य पदार्थों में उच्च पोषण होता है और इसमें सूक्ष्म जीव होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली की कैंसर से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं और समग्र सूजन को कम करते हैं।

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड सेहत के लिए खतरनाक : विशेषज्ञों की मानें तो सामान्य अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाने से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। कैंसर रिसर्च यूनाइटेड किंगडम और वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड द्वारा किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है। इसमें दावा किया गया है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड जैसे हाट डाग, चिप्स, सोडा और आइसक्रीम आदि के लगातार सेवन से मोटापा और हाई कोलेस्ट्राल से गंभीर परिणाम होने के साथ- साथ कैंसर का भी खतरा बढ़ जाता है।

ओवेरियन कैंसर का बढ़ रहा रिस्क : अध्ययन के मुताबिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन ओवेरियन कैंसर के रिस्क को बढ़ाता है। जिन लोगों ने इन जंक फूड्स का अधिक सेवन किया उनको ओवेरियन कैंसर का जोखिम 30% तक अधिक था। शोधकताओं के मुताबिक प्रोसेस्ड फूड खाने से किसी भी कैंसर का जोखिम 2% और ओवेरियन कैंसर का जोखिम 19% तक बढ़ सकता है।अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में लोकप्रिय फास्ट-फूड जैसे फ्रेंच फ्राइज, सोडा, स्टोर से खरीदे गए कुकीज, केक, कैंडी, डोनट्स, आइसक्रीम, सॉस, हॉट डॉग, सॉसेज, पहले से पैक सूप, जमे हुए पिज्जा, खाने के लिए तैयार भोजन शामिल हैं।

कुछ इंग्रीडेंट सेहत के लिए हानिकारक : विशेषज्ञों का कहना है कि इन फूड्स को लम्बे समय तक स्टोर करने के लिए और इनका स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें रंग, स्वाद, स्थिरता और बनावट के लिए ऐसे इंग्रीडेंट का इस्तेमाल होता है जो सेहत के लिए हानिकारक है। दरअसल सुपर मार्केट्स में मिलने वाली सब्जियां, फल, सैंडवीच और कई प्रकार के फूड्स प्लास्टिक के पैकेट्स और रैप में लपेटकर बेचे जाते हैं। इन चीजों के सेवन से केमिकल्स भी पेट पर पहुंच जाता है, जिसके चलते कैंसर का रिस्क बढ़ जाता है।

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी, लेकिन अपने प्रयासों से कारोबार में मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है।

वृष राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

मिथुन राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अनावश्यक खर्च अधिक होंगे, लेकिन आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के अवसर मिलेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा और तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र में प्रगति के अवसर में मिलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

कन्या राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय वृद्धि के स्त्रोत विकसित हो सकते हैं। सरकारी काम पूरे कर सकेंगे। कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा।

तुला राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन शुभ रहेगा। मनोरंजन के भरपूर अवसर मिलेंगे। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक पर जा सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर रहेंगे।

धनु राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा।

मकर राशि : विद्याप्राप्ति के लिए आज का दिन अनुकूल है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आय में वृद्धि के योग रहेंगे। आर्थिक आयोजन भी अच्छी तरह से होंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। माता-पिता और मित्रों से अच्छा सहयोग मिलेगा।

मीन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायी अच्छा लाभ कमाएंगे। आमदनी बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे और अनुभवों का लाभ मिलेगा। कारोबार से जुड़ी यात्रा पर जा सकते हैं।

फिल्मी परदे पर चकदे इंडिया से खेलो इंडिया में पहुंची झारखंड की केरकेट्टा की कहानी

एजेंसी। ग्वालियर

साल 2007 में यशराज फिल्म्स के बैनर तले-चक दे इंडिया- रिलीज हुई थी, जो हॉकी या फिर खेलों पर आधारित भारत की कालजयी फिल्में में से एक है। उस फिल्म में निशा नायर ने सोईमोई करकेटा की भूमिका निभाई थी, जो फिल्मी परदे पर झारखंड की खिलाड़ी के तौर पर दिखाई गई हैं। उस फिल्म ने झारखंड में हॉकी का नर्सरी माने जाने वाले सिमडेगा की कई लड़कियों को प्रभावित किया था, जिनमें कुछ वास्तविक जीवन की करकेटा हैं।

झारखंड की महिला हॉकी टीम, जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स (मध्य प्रदेश) खेलने के लिए ग्वालियर पहुंच चुकी है, में दो केरकेटा हैं। दोनों का नाम रजनी है। दोनों के पिता किसान हैं और दोनों की इच्छा भारत के लिए खेलना है। फर्क बस इतना है कि एक पहली बार और दूसरी पांचवीं हार खेलो इंडिया में हिस्सा ले रही है।

रजनी केरकेटा (जूनियर) रांची के पास बरियातू की निवासी है और पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा ले रही है। 14 साल की रजनी इसे लेकर खासी उत्साहित है क्योंकि वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स और वहां मिलने वाली सुविधाओं को लेकर बहुत कुछ नहीं जानती।

रजनी केरकेटा (जूनियर) ने कहा,- मेरा यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है। मैं इसे लेकर रोमांचित हूं। मैं बरियातू हास्टल में रहती हूं और यहीं प्रैक्टिस करती हूं। मैंने दीदी (सीनियर खिलाड़ियों) से खेलो इंडिया यूथ गेम्स के बारे में काफी कुछ सुना है। मैं वहां खेलने को लेकर रोमांचित हूं।

दूसरी ओर, रजनी केरकेटा (सीनियर) एकलव्य में रहती हैं और

अपने पांचवें खेलो इंडिया के लिए ग्वालियर पहुंच चुकी है। वह 2018 से 2021 तक चार बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खेल चुकी हैं। रजनी ने कहा,- मेरा यह पांचवा खेलो इंडिया है। मैं सिमडेगा से हूं और मेरे पिता किसान हैं। मेरा एक भाई है, वह खेती में मेरे पिता का हाथ बंटाता है।

रजनी ने बताया कि दिल्ली, पुणे और गुवाहाटी में झारखंड की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया था। पंचकूला में टीम को कांस्य मिला था। रजनी ने कहा,- हमें अब तक तीन रजत और एक कांस्य मिला है। मैंने पंचकूला में 8 गोल किए थे। मैं टूर्नामेंट की शीर्ष हॉकी खिलाड़ी बनीं थी। रजनी ने बताया कि उन्होंने तब खेलना शुरू किया जब वह चौथी कक्षा में थी और 2022 में रांची एक्सेलेंसी अकादमी में शामिल हो गई, जिसे खिलाड़ी बोलचाल की भाषा मे एकलव्य अकादमी कहते हैं। रजनी ने कहा कि उनके पिता उसके हॉकी खेलने के लिए प्रेरणा के मुख्य स्त्रोत हैं। रजनी ने यह भी कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को अपना आदर्श मानती हैं। सब-जूनियर, जूनियर और बीते साल केरल में सीनियर नेशनल्स खेल चुकीं रजनी ने कहा,- रानी दीदी मेरी आदर्श हैं। मैं उनकी तरह बनना चाहती हूं। देश के लिए खेलना मेरा सपना है और मैं अपने परिवार के लिए सम्मान हासिल करना चाहती हूं।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स को लेकर रजनी ने कहा कि यह नए खिलाड़ियों के लिए एक उपयोगी प्लेटफार्म है, जहां इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की व्यवस्था के अंदर मुकाबले होते हैं। रजनी ने कहा,- यह मेरा पांचवां खेलो इंडिया यूथ गेम्स है। मैंने हर बार इसमें बदलाव देखा है। दिल्ली से पंचकूला तक के सफर में काफी कुछ बदला है। खिलाड़ियों को इसके जरिए एक्पोजर मिलता है और वे एक दूसरे को अच्छी तरह जान पाते हैं।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पांचवें संस्करण का आयोजन इन दिनों मध्य प्रदेश में हो रह है। इस साल वाटर स्पोर्ट्स को नए खेल के रूप में इसमें शामिल किया गया है। साथ ही पांच पारंपरिक खेल में भी इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। इनमें मध्य प्रदेश का राजकीय खेल मलखंभ भी है। मप्र के 8 शहरें और नई दिल्ली में हो रहे 27 खेलों में 6000 से अधिक खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं।

NEWS इन ब्रीफ

अगला विश्व कप नहीं खेल पाएंगे मेस्सी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी 2026 में होने वाला अगला विश्व कप तो नहीं खेल पाएंगे लेकिन वह चाहते हैं कि लियोनेल स्कालोनी तब तक टीम के मुख्य कोच बने रहें। मेस्सी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने दोहा में दिसंबर में हुए विश्व कप जीता। अगला विश्व कप मेक्सिको, कनाडा और अमरीका में होगा और तब तक वह 39 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि इस उम्र में एक और विश्व कप खेल पाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, मुझे फुटबॉल खेलना पसंद है। मैं फिट हूं और खेल का मजा ले रहा हूं लेकिन अभी विश्व कप बहुत दूर है।

'पिंटोला' के साथ सहयोग करेंगे सूर्यकुमार

नई दिल्ली। स्टार भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव को सुपरफूड ब्रांड पिंटोला की क्रिएटिव एजेंसी पनाश ने परफॉर्मेंस सीरीज की नई रेंज के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है। देश में फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) ब्रांड के साथ सूर्या की यह दूसरी पारी है। कंपनी ने निरंतर प्रदर्शन, श्रेणी नेतृत्व की सवारी पूर्णता और यादव द्वारा सन्निहित स्थिरता के समान मूल्यों को प्रतिध्वनित किया, जो इस पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ भारत और एक स्वस्थ शरीर की धारणा को सबसे महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाते हैं। इससे पहले, पनाश ने उसी ब्रांड के लिए भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के लिए लॉन्च रणनीति को भी क्यूरेट किया और इसके अलावा सुनील के साथ सबसे बड़े कौशल परीक्षणों में से एक को लॉन्च किया।

टेबिल टेनिस के स्टार सौम्यदीप 8 घंटे करते हैं अभ्यास

इंदौर। टेबिल टेनिस के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं सौम्यदीप। वे अभी महज 18 साल के हैं और अपनी सफलता के सिलसिले को जारी रखने के लिए हर रोज आठ से नौ घंटे अभ्यास करते हैं। मध्य प्रदेश में इन दिनों खेलो इंडिया गेम्स चल रहे हैं, इसमें हिस्सा लेने आए सौम्यदीप सरकार 18 वर्ष के हैं। वे पश्चिम बंगाल से हैं। वे पदक विजेता, राष्ट्रीय चैंपियन और कई सम्मान के विजेता हैं। सौम्यदीप सरकार ने 80वें राष्ट्रीय सब जूनियर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में रजत पदक जीता है। चंडीगढ़ में राष्ट्रीय चेंपियनशिप में कांस्य पदक, सिलीगुड़ी में वर्ष 2016 और विजयवाड़ा में वर्ष 2017 में 63वीं राष्ट्रीय खेल चेंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

द. अफ्रीका से पांच विकेट से हारने के बावजूद भारत का बेहतर प्रदर्शन : कौर

एजेंसी। ईस्ट लंदन

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हारने के बावजूद त्रिकोणीय सीरीज में टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा। भारत ने बफेलो पार्क की धीमी पिच पर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन अपने 20 ओवरों में सिर्फ चार विकेट के नुकसान पर 109 रन बना पाई। हरलीन देओल ने सर्वाधिक 46 रन बनाए, लेकिन उन रनों को बनाने के लिए 56 गेंदें लीं, जबकि हरमनप्रीत ने 22 गेंदों में 21 रन बनाए। इसके अलावा, हरमनप्रीत को फिजियो की जरूरत थी और उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से बाहर भी जाना पड़ा।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद की प्रस्तुति समारोह में कहा कि हमने कुछ अच्छे प्रदर्शन किए हैं। दुर्भाग्य से, हम उस तरह से बल्लेबाजी नहीं कर पाए, जैसा हम चाहते थे और गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

ऑफ स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दिखाया कि वह शानदार फॉर्म में थी, उन्होंने

त्रिकोणीय श्रृंखला में बल्ले से 59 रन बनाने और पांच विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब जीता। उन्होंने कहा, पूरे टूर्नामेंट में मैंने स्थिति के अनुसार गेंदबाजी की और एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

दक्षिण अफ्रीका के लिए 10 से 26 फरवरी तक होने वाले महिला टी20 विश्व कप की शुरूआत से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला की जीत उत्साहवर्धक रही। हरफनमौला च्लोए ट्रायॉन, जिन्होंने नाबाद 57 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के लिए जीत की राह का नेतृत्व किया, उनके प्रदर्शन से खुश थे।

कप्तान सुने लुस ने फिटनेस के आधार पर टी20 विश्व कप टीम से डेन वैन नीकेर्क को बाहर करने के बारे में ऑफ-फील्ड चर्चा के बाद दक्षिण अफ्रीका को त्रिकोणीय श्रृंखला की जीत दिलाने में च्लोए के प्रयासों की प्रशंसा की।

महिला टी-20 विश्व कप का आगाज 10 से दक्षिण अफ्रीका में

केपटाउन। दस फरवरी से यहां शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्वकप-2023 के मद्देनजर तीनों मैदान तैयार हो चुके हैं। यह मुकाबले केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड, पार्ल के बोलैंड पार्क और पोर्ट एलिजाबेथ के सेंट जॉर्ज पार्क में मैच खेले जाएंगे। इसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। 26 फरवरी तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में कुल 23 मुकाबले खेले जाएंगे। वर्ष 2020 में भारतीय टीम फाइनल में पहुंची थी, लेकिन उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में करारी हार झेलनी पड़ी थी। इस बार भारतीय टीम की निगाह पहली बार खिताब जीतने पर है। महिला टी-20 विश्वकप में मेजबान दक्षिण अफ्रीका के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीमें हिस्सा लेंगी। पहला मैच मेजबान दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच केपटाउन में 10 फरवरी को खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में दक्षिण अफ्रीका के साथ ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड और ग्रुप-बी में भारत के साथ इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज हैं। भारतीय टीम का पहला मुकाबला 12 फरवरी को केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

बीसीबी ने एलन डोनाल्ड का अनुबंध 2023 तक बढ़ाया

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड का करार बढ़ा दिया है। डोनाल्ड अब अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले आगामी एकदिवसीय विश्व कप 2023 तक अपने पद पर बने रहेंगे। डोनाल्ड को पहले पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया था और अनुबंध ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप 2022 तक था। बाद में, बीसीबी ने भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तक उनका अनुबंध बढ़ा दिया था।

बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, डोनाल्ड का अनुबंध विश्व कप तक बढ़ाया गया है। समझा जा रहा है कि डोनाल्ड वर्तमान में वर्क परमिट वीजा प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि अधिकारी ने कहा कि वे अपने विदेशी कोचिंग स्टाफ के 22 फरवरी तक ढाका पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि इंग्लैंड के आगामी दौरे की तैयारी शुरू हो सके, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 शामिल हैं। बीसीबी नव नियुक्त मुख्य कोच चंडिका हाथुरूसिंघा के मार्गदर्शन में 23 फरवरी को इंग्लैंड श्रृंखला के लिए शिविर शुरू करने की उम्मीद कर रहा है, जिनके 20 फरवरी तक आने की उम्मीद है। बीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि आयरलैंड को मई में होने वाली अपनी अंतिम सुपर लीग श्रृंखला में इंग्लैंड में बांग्लादेश की मेजबानी करने की उम्मीद है। बीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, हालांकि आयरलैंड ने हमें आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन उन्होंने सूचित किया है कि वे इंग्लैंड में श्रृंखला की मेजबानी करने की कोशिश कर रहे हैं।

मैं टीम के साथ वापस आने के लिए उत्साहित हूं : जैमीसन

एजेंसी। नई दिल्ली

इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किए जाने के बाद तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने कहा कि वह टीम में वापस आकर रोमांचित हैं और वह स्वस्थ्य महसूस कर रहे हैं। पिछले साल जून में इंग्लैंड के दौरे पर पीठ में चोट लगने और इस साल जनवरी में ऑकलैंड के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करने के बाद जैमीसन को पहली बार न्यूजीलैंड की टीम में चुना गया है। उन्होंने आगे कहा, टीम में शामिल होना अच्छा लग रहा है। मेरा शरीर अच्छा महसूस कर रहा है, मैं समूह के साथ वापस आने के लिए उत्साहित हूं।

जेमीसन ने एसईएनजेड ब्रेकफास्ट शो में कहा, मैं लंबे समय से खाली नेट पर गेंदबाजी कर रहा हूं इसलिए बीच में कुछ

बल्लेबाजों को देखना और गेंद को हिट होते देखना थोड़ा बदलाव है। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उम्मीद की थी कि जैमीसन अपनी रिकवरी को प्रबंधित करने के लिए सिर्फ एक टेस्ट खेलेंगे, जैमीसन को लगता है कि इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में परिस्थितियों के अनुकूल होने पर निर्णय लिया जा सकता है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार 2021 में एक टेस्ट सीरीज जीती थी, लेकिन जैमीसन का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ विजयी होने के लिए उनके पास अच्छी टीम है।

सनराइजर्स ईस्टर्न केप में शामिल हुए टेम्बा बावुमा

किम्बरली। इंग्लैंड पर द. अफ्रीका की 2-1 से एकदिवसीय श्रृंखला जीत में बल्ले से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले टेम्बा बावुमा एसए 20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप का प्रतिनिधित्व करेंगे। बावुमा को पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी में कोई खरीददार नहीं मिला था। सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम में बावुमा टॉम एबेल की जगह लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीन एक दिवसीय मैचों में 180 रनों के साथ, बावुमा श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ रन-स्कोरर थे। उन्होंने दूसरे एकदिवसीय मैच में विजयी शतक लगाया था। तीनों मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से अधिक था। बावुमा ने द.अफ्रीका के दो सबसे बड़े मैदानों, ब्लोमफोंटेन और किम्बरली पर 23 चौके और तीन छक्के लगाए।

जोगिंदर ने सभी प्रारुपों से लिया संन्यास

एजेंसी। भिवानी

भारत के 2007 टी20 विश्व कप विजेता जोगिंदर शर्मा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव को संबोधित एक पत्र में, क्रिकेटर से पुलिस अधिकारी बने शर्मा ने उन्हें प्रदान किए गए अवसरों के लिए बोर्ड, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, चेन्नई सुपर किंग्स और हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया।

जोगिंदर ने कहा, आज, अपार कृतज्ञता और विनम्रता के साथ, मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी रूपों से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। 2002-2017 की मेरी यात्रा मेरे जीवन का सबसे शानदार वर्ष रहा है, क्योंकि यह उच्चतम स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान था।

मैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, चेन्नई सुपर किंग्स और हरियाणा सरकार द्वारा मुझे दिए गए अवसरों के लिए आभारी हूं।

अपने प्रशंसकों, कोचों और टीम के पूर्व साथियों के लिए एक संदेश साझा करते हुए, उन्होंने कहा, मेरे सभी साथियों, कोचों, मेंटर्स और सहयोगी स्टाफ, आप सभी के साथ खेलना मेरे लिए एक परम सौभाग्य की बात रही है, और मेरी मदद करने के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं। उन सभी क्रिकेट प्रशंसकों के लिए जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय खेल के उतार-चढ़ाव के दौरान मेरा समर्थन किया है, मैं हमेशा उन पलों को संजो कर रखूंगा जो मैंने आप सभी के साथ बिताए हैं और आपका समर्थन हमेशा मेरे लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है।

प्रदर्शन वनडे-टी20 में ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टीम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है

विराट कोहली के बाद पहली पसंद कौन?

कार्तिक ने नम्बर तीन के लिए सुझाया नाम

एजेंसी। नई दिल्ली

मौजूदा भारतीय टीम में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे वह टेस्ट हो, वनडे या टी20, हर प्रारूप में ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टीम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सकते हैं। जब भारतीय क्रिकेट के भविष्य की बात की जाती है तो उनमें से एक नाम राहुल त्रिपाठी का भी होता है। अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के अनुसार विराट कोहली की जगह लेने के लिए त्रिपाठी को सबसे आगे होना चाहिए।

कार्तिक ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें 3 महीने के समय, 6 महीने के समय में यह नहीं भूलना चाहिए। हो सकता है कि उसके पास एक अच्छा आईपीएल हो, शायद वह नहीं करेगा, लेकिन वह

उस भारतीय टीम के नंबर तीन स्थान के हकदार हैं, जब भी वह आता है। अगर विराट कोहली खेलना पसंद करते हैं, यह ठीक है लेकिन अगर वह आसपास नहीं हैं, तो उन्हें त्रिपाठी पहली पसंद होना चाहिए, न कि ऐसा व्यक्ति जिसने कहीं और अच्छा प्रदर्शन किया हो।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जब त्रिपाठी का करियर लाइन पर था, तब भी 31 वर्षीय ने अपनी खेल शैली को बदलने से इनकार कर दिया और श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन किया। त्रिपाठी के पास जो निडरता है वह भारतीय राष्ट्रीय टीम के काम आ सकती है। त्रिपाठी ने एक बार फिर दिखाया कि उनके पास कितनी प्रतिभा है। तेजतर्रार बल्लेबाज ने 22 गेंद में 44 रन बनाए जब भारत ने तीसरे टी20आई में न्यूजीलैंड का सामना किया। नंबर 3 पर आकर त्रिपाठी अपनी स्वाभाविक खेल शैली से पीछे नहीं हटे और पुरस्कार लेने के लिए आक्रामक रूप से खेले।

तैयारी में जुटा भारत, जडेजा व कोहली ने जमकर बहाया पसीना

साल 2023 में सीमित ओवर क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अब रेड बॉल क्रिकेट में भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। भारतीय टीम 9 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया के साथ घर में 4 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। यह सीरीज भारत के लिए जीतना काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की करने के लिए यह सीरीज जीतना काफी जरूरी है। चार टेस्ट मैचों की इस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम को टेस्ट की नंबर-1 टीम ऑस्ट्रेलिया के सामने काफी सतर्क रहना होगा। हालांकि, क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय टीम का घर में होने वाली इस सीरीज में पलड़ा भारी होगा, लेकिन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की

मौजूदा फॉर्म भारत के आगे काफी चुनौतियां खड़ी कर सकती है। वहीं, भारतीय टीम भी ऑस्ट्रेलिया को बिल्कुल भी हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी। इस सीरीज की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम के खिलाड़ी नेट्स में खूब पसीना बहा रहे हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों की इस सीरीज के लिए तैयारियों की तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और चेतेश्वर पुजारा जैसे खिलाड़ियों को नेट्स में पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है।

NEWS इन ब्रीफ

गोल्ड-सिल्वर हो गया सस्ता

नई दिल्ली। भारतीय सराफा बाजार में शुक्रवार 3 फरवरी, 2023 को सोने और चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिली है। सोने की कीमत 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं, चांदी का भाव 69 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 58013 रुपये है। जबकि 999 शुद्धता वाली चांदी 69745 रुपये है।

देश के सर्विस सेक्टर में आई मामूली गिरावट

नई दिल्ली। भारत के सर्विस सेक्टर में जनवरी के दौरान मामूली गिरावट देखने को मिली है। जनवरी का पीएमआई गिरकर 57.2 पर पहुंच गया है। जो कि दिसंबर में 58.5 था। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। रॉयटर्स के मुताबिक, एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानि पीएमआई दिसंबर के 58.5 से गिरकर जनवरी में 57.2 पर आ गया है। रॉयटर्स पोल की माने, अगर पीएमआई 50 से अधिक रहता है, तो देश का सर्विस सेक्टर विस्तार कर रहा है। यह लगातार 18वां महीना है, जब पीएमआई इस आंकड़े से ऊपर बना हुआ है। यह एक अच्छी खबर भी है।

एसबीआई का मुनाफा 15,000 करोड़ के पार पहुंचा

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शुक्रवार को तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए गए हैं। बैंक के दिसंबर तिमाही में मुनाफे में 62 प्रतिशत का बढ़कर 15,477 करोड़ रुपये हो गया है। किसी सरकारी बैंक की ओर से दर्ज किया गया ये अब तक का सबसे बड़ा मुनाफा है। एसबीआई में मुनाफे में बढ़त की वजह लोन ग्रोथ और हाल के कुछ महीनों में हुए ब्याज दरों में इजाफे को माना जा रहा है। स्टैंडअलोन आधार पर टैक्स के बाद बैंक को अक्टूबर- दिसंबर की अवधि में 14,205 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इससे एक साल पहले बैंक को समान अवधि में 8,432 करोड़ का मुनाफा हुआ था। वहीं, जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक को 13,265 करोड़ का मुनाफा हुआ है।

जनवरी में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां धीमी रही

नई दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी माह के दौरान नरमी रही जिससे क्षेत्र की वृद्धि दर कम हुई है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण से यह कहा गया है। पिछले महीने उत्पादन और बिक्री धीमी गति से बढ़े और भविष्य के परिदृश्य को लेकर सेवा प्रदाताओं के बीच विश्वास के कमजोर स्तर ने रोजगार सृजन को बाधित किया है। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी माह में घटकर 57.2 रह गया। दिसंबर में यह 58.5 पर था। दिसंबर के मुकाबले ताजा आंकड़ा कम होने के बावजूद, अपने लंबे समय के औसत 53.5 से ऊपर रहा और यह वृद्धि मांग की अनुकूल परिस्थितियों तथा नए कार्य में वृद्धि जारी रहने से हुई। सेवा पीएमआई लगातार 18वें महीने 50 अंक से अधिक है।

अडाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट जारी, अब तक कुल 26 फीसद तक गिर चुके हैं शेयरों के दाम, बाजार में हलचल

अडानी ग्रुप के सभी शेयरों की हालत पतली

एजेंसी। नई दिल्ली

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। अडाणी ग्रुप के शेयरों में आज एक बार फिर दबाव की स्थिति बनी हुई है। इस ग्रुप के सभी शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अच्छी बढ़त बनाकर कारोबार कर रहे हैं। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ और निफ्टी 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। पहले 1 घंटे के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईटीसी, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान युनिलीवर और इंफोसिस के शेयर 4.76 प्रतिशत से लेकर 2.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर अडाणी इंटरप्राइजेज 26.70 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स, यूपीएल, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 6.60 प्रतिशत से लेकर 2.68 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे हैं। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,936 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 634 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,302 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में और 8 शेयर बिकवाली के दबाव के कारण लाल निशान में बने हुए थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज मजबूत ग्लोबल संकेतों के सपोर्ट से अच्छी बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की। ये सूचकांक आज 417.77 अंक की उछाल के साथ 60,350.01 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच जोरदार खींचतान शुरू हो गई, जिसमें पहले बिकवाली का दबाव ज्यादा बढ़ता नजर आया। जिसके कारण सेंसेक्स गिरकर 60,143.91 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

शुरूआती आधे घंटे के कारोबार के बाद बाजार में लिवाली का जोर बढ़ गया, जिसके कारण सेंसेक्स ने तेजी का रास्ता पकड़ लिया। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक उछलकर 7,414.18 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद हुई बिकवाली के कारण इसमें मामूली गिरावट भी नजर आई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 420.35 अंक की मजबूती के साथ 60,352.59 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की। ये सूचकांक 111.35 अंक की मजबूती के साथ 17,721.75 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही अडाणी ग्रुप के शेयरों की बिकवाली के दबाव की वजह से निफ्टी में गिरावट आनी शुरू हो गई। हालांकि बीच-बीच में खरीदार बाजार को सहारा देने की कोशिश भी करते रहे। इसके बावजूद शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में ही निफ्टी लुढ़क कर 17,642.75 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद लिवालों ने खरीदारी का जोर लगाकर इसे 17,728.45 अंक के स्तर तक पहुंचा दिया। लेकिन उसके बाद फिर बिकवाली के दबाव में इस सूचकांक में गिरावट की स्थिति बनती नजर आने लगी। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 75.70 अंक की तेजी के साथ 17,686.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी घरेलू शेयर बाजार ने भी मजबूत शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 282.38 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,214.62 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 207.90 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,818.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को सेंसेक्स 224.16 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,932.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 5.90 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,610.40 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

फिलहाल अडानी ग्रुप की कंपनियों के रेटिंग्स पर असर नहीं



एजेंसी। नई दिल्ली

अडानी समूह के स्टॉक्स में भारी गिरावट के बीच रेटिंग एजेंसी फिच की तरफ से बड़ा बयान आया है। फिच रेटिंग्स ने कहा है कि शार्ट सेलर हिंडनबर्ग के रिपोर्ट का अडानी समूह की कंपनियों के रेटिंग्स और उनके सिक्योरिटिज पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने वाला है जिसे उसने पहले से रेटिंग दी हुई है। साथ ही फिच ने कहा कि कंपनी के कैश फ्लो के उसके अनुमान में भी कोई बदलाव नहीं आया है। फिच रेटिंग्स के इस बयान से अडानी समूह को फिलहाल राहत मिल सकती है। हालांकि फिच ने कहा कि वो अडानी समूह के उन कंपनियों पर करीब से मॉनिटरिंग करता रहेगा जिसे उसने रेटिंग दी हुई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वो इन कंपनियों के फाइनैंसिंग, लंबी अवधि में कॉस्ट ऑफ फाइनैंसिंग, ऐसा किसी रेग्युलेटरी या कोई कानूनी मामला या फिर ईएसजी से जुड़ा मसला जिससे कंपनी के क्रेडिट प्रोफाइल पर असर पड़ सकता है उसपर नजर बनाये रखेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अडानी समूह की छोटी अवधि में कोई बड़ा ऑफशोर बॉन्ड की मैच्योरिटी नहीं होने वाली है। जून 2024 में अडानी पोर्ट्स का, दिसंबर 2024 में अडानी ग्रीन एनर्जी का बाकी कंपनियों का बॉन्ड 2026 या उसके बाद मैच्योर करेगा। फिच रेटिंग्स ने मौजूदा समय में अडानी समूह के 8 कंपनियों को रेटिंग दी हुई है। जिसमें अडानी ट्रांसमिशन को बीबीबी-/स्टबल अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड के सीनियर सिक्योर्ड डॉलर नोट्स को बीबीबी- रेटिंग हासिल है। अडानी इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड को सीनियर सिक्योर्ड डॉलर नोट्स को बीबीबी-/स्टबल, अडानी ट्रांसमिशन को बीबीबी-/स्टबल, अडानी ग्रीन एनर्जी के सीनियर सिक्योर्ड डॉलर नोट्स को बीबीबी-/स्टबल, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को सीनियर सिक्योर्ड डॉलर नोट्स बीबी+/स्टबल रेटिंग्स हासिल है।

अमीरों की लिस्ट 22वें स्थान पर फिसले गौतम अडानी

एजेंसी। नई दिल्ली

अडानी ग्रुप के मालिक और भारत के दिग्गज कारोबारी गौतम अडानीकी संपत्ति में लगातार गिरावट देखी जा रही है। ऐसे में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बनने के बाद अडानी अब ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में 21वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले दो हफ्तों से गौतम अडानी की कंपनियों के शेयरों में लगातार बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। इस कारण कई बार शेयर्स पर लोअर सर्किट लगाना पड़ा है। अडानी के शेयर्स में देखी जा रही भारी बिकवाली के कारण उनकी नेट वर्थ में लगातार बड़ी गिरावट देखी जा रही है। हाल ही में भारत के बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने संपत्ति के मामले में गौतम अडानी को पीछे करते हुए भारत के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 82.2 बिलियन डॉलर की है। वहीं गौतम अडानी के कुल नेट वर्थ की बात करें तो वह अब गिरकर 61.3 बिलियन डॉलर रह गई है। वहीं दुनिया के सबसे अमीर शख्स हैं लग्जरी प्रोडक्ट बनाने वाली मशहूर एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई विटॉन के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट।

ग्लोबल बाजार से मजबूत संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

एजेंसी। नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से आज आम तौर पर मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में डाऊ जोंस को छोड़ कर वॉल स्ट्रीट में खासी मजबूती बनी रही। हालांकि एप्पल और गूगल के कमजोर नतीजों के बाद डाऊ फ्यूचर्स में दबाव नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज हैंग सेंग और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स के अलावा शेष सभी बाजारों में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान नैस्डेक 384.50 अंक की यानी 3.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 12,200.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डेक में लगातार तीसरे कारोबारी दिन तेजी का माहौल बना रहा है। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने भी 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,179.76 अंक के स्तर पर पिछले कारोबारी सत्र का अंत किया। दूसरी ओर डाऊ जोंस 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34,053.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान अच्छे नतीजों की वजह से मेटा के शेयर में 23 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। पिछले 10 सालों के दौरान मेटा के शेयरों का ये अभी तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। नतीजों का ऐलान होने के साथ ही मेटा ने 4,000 करोड़ डॉलर के शेयरों के बायबैक का भी ऐलान किया है। दूसरी ओर कमजोर नतीजों की वजह से पिछले कारोबारी सत्र के दौरान एप्पल के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। 2016 के बाद एप्पल ने पहली बार इतना कमजोर नतीजा पेश किया है। इस नतीजे के मुताबिक आई-फोन की आय में करीब 8 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसका असर पूरी कंपनी के नतीजे पर पड़ा है।

बीमा से कमाई पर देना होगा टैक्स



एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने संसद में सुबह 11 बजे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपना बजट पेश किया है। इस बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कई ऐलान किए हैं। टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए वित्त मंत्री ने नए टैक्स रिजीम का ऐलान किया। जिसे अपनाने वाले लोगों को 7 लाख रुपये की इनकम पर एक रुपये की टैक्स नहीं देना होगा। वहीं, इंश्योरेंस के जरिए कमाई करने वाले लोगों को सरकार ने झटका दिया है। अगर आपकी इंश्योरेंस स्कीम का सालाना प्रीमियम 5 लाख रुपये से ज्यादा है तो पॉलिसी के जरिए होने वाली कमाई पर टैक्स देना होगा। पहले यह इनकम टैक्स फ्री थी। ऐसे में यह टैक्स केवल हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स को देना होगा। यह नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। वित्त मंत्री ने साफ कर दिया कि केवल 5 लाख रुपये से ज्यादा सालाना प्रीमियम पर ही आपको टैक्स देना होगा। ऐसे में ज्यादा प्रीमियम और रिटर्न पर ही आपकी जेब ढीली होगी। वहीं कम प्रीमियम वाली पॉलिसी पर टैक्स का कोई झंझट नहीं होगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि यूएलआईपी के प्लान को इस टैक्स रूल में शामिल नहीं किया गया है। इसके साथ ही 31 मार्च, 2023 तक जारी की जाने वाले इंश्योरेंस पॉलिसी पर यह नियम लागू नहीं होता है। वहीं अगर आप 1 अप्रैल, 2023 से अगर कोई पॉलिसी खरीदते हैं जिसका सालाना प्रीमियम 5 लाख से अधिक है तो आपको इस पॉलिसी से होने वाली कमाई पर टैक्स देना होगा। गौरतलब है कि मौजूदा नियमों के मुताबिक अगर किसी पॉलिसीहोल्डर की मृत्यु मैच्योरिटी से पहले हो जाती है तो ऐसी स्थिति में नॉमिनी को मिलने वाले डेथ बेनिफिट पर किसी तरह का टैक्स नहीं लगता है।

पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर देश को होगा घाटा

एजेंसी। नई दिल्ली

पुरानी पेंशन योजना को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से कई तरह की चचाएं चल रही हैं। कई राज्यों में इस स्कीम को लागू कर दिया गया है। वहीं, कई राज्यों में इसको लागू करने की मांग जोरों से चल रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की तरफ से पुरानी पेंशन योजना पर बड़ा बयान जारी किया गया है। आइए आपको बताते हैं कि केंद्र सरकार कब पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर सकती है? हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू हुई तो 2030 तक भारत दिवालिया हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कल मुझे व्हाट्सएप पर एक संदेश मिला जिसमें केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि अगर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू होती है तो देश 2030 तक दिवालिया हो जाएगा।

बिना पैन के ईपीएफ से पैसे निकाले तो 20% टीडीएस देना होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

अगर आप बिना पैन कार्ड के ईपीएफ से पैसे निकालते हैं तो अब आपको इस पर 20 फीसदी टैक्स लगेगा, जो पहले 30 फीसदी हुआ करता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में इसका ऐलान किया। कर्मचारियों की भविष्य निधि से निकासी पर काटे गए कर में यह कमी उन वेतनभोगियों की मदद करने वाली है, जिनका पैन ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के रिकॉर्ड में अपडेट नहीं किया गया है। मौजूदा आयकर कानूनों के अनुसार, खाता खोलने के पांच साल के भीतर ईपीएफ निकासी पर टीडीएस काटा जाता है। यदि ईपीएफओ के पास पैन उपलब्ध है, तो निकासी राशि 50,000 रुपए से अधिक होने पर 10 फीसदी की दर से टीडीएस काटा जाता है। हालांकि, इसके रिफंड का दावा आप कर सकते हैं। बजट 2023 के अनुसार, कम वेतन पाने वाले कई कर्मचारियों के पास पैन नहीं है और इस तरह धारा 192ए के तहत उनके मामलों में अधिकतम दर पर टीडीएस काटा जा रहा है। पैन देने में विफल होने की स्थिति में 10 फीसदी कम कर काटा जाएगा। एक ईपीएफ खाताधारक ईपीएफओ को फॉर्म 15एच या फॉर्म 15जी जमा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईपीएफ खाते से निकासी पर कोई टीडीएस नहीं काटा जाता है।

एलआईसी में करें निवेश, मिलेगा लाभ

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम के पास हर उम्र के लोगों के लिए प्लान है। यह बीमा कंपनी बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के लिए प्लान पेश करती है। एलआईसी की कई स्कीमें काफी लोकप्रिय है, जिसमें लोग निवेश कर बढ़िया रिटर्न पा सकते हैं। अगर आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए निवेश करना चाहते हैं, तो एलआईसी की जीवन तरुण पॉलिसी में निवेश कर सकते हैं। एलआईसी जीवन तरुण पॉलिसी नॉन लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, इंडिविजुअल, लाइफ एश्योरेंस सेविंग प्लान है। पैरेंट्स बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों को ध्यान में रखकर इस प्लान में निवेश कर सकते हैं। एलआईसीअ जीवन तरुण पॉलिसी लेने के लिए बच्चों की उम्र कम से कम 90 दिन होनी चाहिए और 12 साल से अधिक की उम्र वाले बच्चों के लिए ये प्लान नहीं लिया जा सकता है।

मंजूरी — इंडसइंड बैंक में बढ़ा हिंदुजा ग्रुप का दखल

आरबीआई ने सैद्धांतिक रूप से दी मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने हिंदुजा ग्रुप की यूनिट इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड को इंडसइंड बैंक में स्टेक बढ़ाने की सैद्धांतिक और सशर्त मंजूरी दे दी है। इसके परिणामस्वरूप हिंदुजा समूह लेंडर में 1 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। बैंक में प्रमोटर की हिस्सेदारी 16.51 फीसदी है।

स्टॉक एक्सचेंज के खुलासे के अनुसार, 31 दिसंबर, 2022 को इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की 12.58 फीसदी और इंडसइंड लिमिटेड की 3.92 फीसदी थी। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों ने कहा कि बैंक में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए हिंदुजा ग्रुप को 10,000-11,000 करोड़ रुपए (1.2-1.3 अरब डॉलर) डालने की जरूरत पड़ सकती है। इंडसइंड बैंक के शेयर 83,388 करोड़ रुपए के मार्केट कैप के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 3.25 फीसदी की तेजी के साथ 1,075 रुपए पर बंद हुए। शुक्रवार को भी बैंक के शेयर में 2.56 फीसदी की तेजी देखने को मिल रही है और दाम 1,103.40 रुपए पर कारोबार कर रहा है। हिंदुजा ग्रुप, इंडसइंड बैंक और आरबीआई की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हिंदुजा परिवार का व्यवसाय बैंकिंग, कैमिकल, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और हेल्थ सेक्टर तक फैला हुआ है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने नवंबर 2021 में एक इंटरव्यू में कहा था कि केंद्रीय बैंक की मंजूरी मिलने के बाद प्रमोटर कई चरणों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 26 फीसदी कर लेंगे। भारतीय प्राइवेट सेक्टर के बैंकों से संबंधित ऑनरशिप गाइडलाइंस और कॉर्पोरेट स्ट्रक्चर की समीक्षा करने के लिए एक इंटरनल वर्किंग ग्रुप की सिफारिश के बाद, नवंबर 2021 में, आरबीआई ने प्रमोटर्स को अपनी हिस्सेदारी 15 फीसदी से बढ़ाकर 26 फीसदी करने की प्रमिशन दी थी। इसके बाद कोटक महिंद्रा बैंक के प्रमोटर उदय कोटक और आरबीआई के बीच कानूनी लड़ाई हुई थी।

अब सस्ते रेट में मिलेगा आटा सरकार का ऐलान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गेहूं के बढ़ते दाम से आम आदमी को राहत दिलाने के लिए बड़ा ऐलान किया है। सरकार ने फैसला किया है कि अब कम दाम पर आटा सरकारी आउटलेट जैसे- केंद्रीय भंडारों पर मिलेगा. केंद्रीय भंडार पर आटा महज 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम के रेट से उपलब्ध होगा. यह आटा, भारत आटा ब्रांड का होगा। बता दें कि खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की तरफ से आटे की बढ़ती कीमतों की समीक्षा की गई थी, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है और आटा सप्लाई को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सचिव ने ये भी कहा कि लोगों तक आटा मोबाइल वैन के जरिए भी पहुंचाया जाएगा। इसका इंतजाम होगा। खाद्य सचिव के अनुसार, बोल्ड में आटा का नाम व दाम लिखना होगा। 6 फरवरी से एनसीसीएफ और एनएएफईडी भी इसी दर पर आटा बेचेंगे।

रेलवे को मुनाफा : 10 महीने में बिके 54,733 करोड़ रुपये के टिकट

एजेंसी। नई दिल्ली

इंडियन रेलवे को पिछले साल अप्रैल से जनवरी 2023 तक जबरदस्त मुनाफा हुआ है। रेलवे ने इस अवधि के दौरान 73 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। भारतीय रेलवे ने गुरुवार 2 फरवरी को इसकी जानकारी दी है। रेल मंत्रालय ने बताया कि अप्रैल 2022 और जनवरी 2023 के बीच में टिकट बेचकर 54,733 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। रेलवे ने एक साल पहले इस अवधि के दौरान रेलवे ने टिकट बेचकर 31,634 करोड़ रुपये की कमाई की थी। मंत्रालय ने कहा कि इस वित्त वर्ष में रेलवे का राजस्व 73 फीसदी बढ़ा है। रिजर्वेशन कोटे से रेलवे का राजस्व 48 प्रतिशत बढ़कर 42,945 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2022 मं ये आंकड़ा 29,079 करोड़ रुपये था। एक अप्रैल 2022 से 31 जनवरी 2023 तक बुक किए गए यात्रियों की कुल अनुमानित संख्या 659 मिलियन है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान 618 मिलियन की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। वहीं एक अप्रैल 2022 और 31 जनवरी 2023 के बीच रिजर्व कोटे से पिछले वित्त वर्ष में राजस्व 2,555 करोड़ रुपये था। इस वित्त वर्ष में यह 361 प्रतिशत बढ़कर 11,788 करोड़ रुपये हो चुका है। 1 अप्रैल 2022 से 31 जनवरी 2023 तक रेलवे को बिना रिजर्वेशन वाले कोटे से बुक किए गए यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.98 बिलियन से 128 प्रतिशत बढ़कर 4.52 बिलियन हो गई है। बता दें कि रेलवे को इस बार के बजट में 2.40 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। रेल मंत्री ने इसे लेकर कहा है कि इन पैसों को रेलवे के विकास के लिए खर्च किया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

बुल्गारिया में 2 अप्रैल को चुनाव

सोफिया। बल्गेरियाई राष्ट्रपति रुमेन राडेव ने दो साल में पांचवीं बार, दो अप्रैल को देश में संसदीय चुनाव कराने का फैसला किया है। राष्ट्रपति के प्रेस कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि, इसी आदेश के तहत राडेव ने शुक्रवार से संसद को भी भंग कर दिया। राष्ट्रपति को यह कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि संसद में पार्टियां पिछले साल 2 अक्टूबर को हुए चुनावों के बाद एक नया मंत्रिमंडल बनाने में विफल रहीं। राडेव ने अंतरिम अवधि के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में गालब डोनेव को फिर से नियुक्त किया।

क्वाड समूह का साइबर सुरक्षा बढ़ाने पर जोर

वाशिंगटन। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का औपचारिक समूह 'क्वाड' साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'मशीन लर्निंग' और आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर सहमत हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने यहां जारी बयान में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि चारों देशों के आला अफसरों ने 30-31 जनवरी को नई दिल्ली में 'क्वाड सीनियर साइबर ग्रुप' की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपनी समावेशी और लचीली प्रतिबद्धता को दोहराया। बयान के मुताबिक इन देशों ने दीर्घकालिक रूप में समूह साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मशीन लर्निंग और संबंधित आधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने, कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम के लिए सुरक्षित चैनलों की स्थापना करने एवं निजी क्षेत्र के खतरे की जानकारी साझा करने पर सहमति जताई है।

कराची की अहमदिया मस्जिद पर हमला

कराची। पाकिस्तान में कराची की अहमदिया मस्जिद पर हमला हुआ है। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के सदस्यों ने तोड़फोड़ कर मस्जिद की मीनारों तक को तोड़ दिया है। पाक में आर्थिक एवं राजनीतिक संकट के साथ आतंकवाद और हिंसा भी चरम पर है। पाक के अल्पसंख्यकों पर भी जुल्म लगातार बढ़ रहा है। अब पाकिस्तान में अल्पसंख्यक माने जाने वाले अहमदिया मुस्लिमों को निशाने पर लेकर उनकी मस्जिद पर हमला बोला गया है। तहरीक-ए-लब्बैक पाक के सदस्यों ने कराची स्थित अहमदिया समाज की मस्जिद पर हमला कर दिया। भारी भीड़ ने मस्जिद में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उपद्रवी लोग कराची की मस्जिद की मीनारों को तोड़ते नजर आ रहे हैं।

9,600 करोड़ रुपये का भूमि घोटाला

सिद्दारमैया, वाड्रा के खिलाफ कर्नाटक में शिकायत दर्ज

एजेंसी। बेंगलुरू

कर्नाटक लोकायुक्त में विपक्ष के नेता सिद्दारमैया और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ बेंगलुरु और उसके आसपास की 1,100 एकड़ जमीन पर 9,600 करोड़ रुपये की अवैध कब्जा करने के मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। लोकायुक्त के सूत्रों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि जांच शुरू कर दी गई है।

बेंगलुरु दक्षिण जिला भाजपा इकाई के अध्यक्ष एन.आर. रमेश ने इस संबंध में 120 अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं। यह घोटाला सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के

दौरान हुआ था। उन्होंने सबूत के तौर पर 10 अलग-अलग शिकायतें जमा कीं और 3,728 पन्नों के दस्तावेज, 62 घंटे के वीडियो फुटेज और 900 से ज्यादा तस्वीरें जमा कीं। शिकायत में कहा गया है कि कांग्रेस सरकार (2013-18) के दौरान, डीएलएफ कंपनी, जिसमें रॉबर्ट वाड्रा भागीदार हैं, ने 1,100 एकड़ सरकारी भूमि के 9,600 करोड़ रुपये की हेराफेरी की।

शिकायत में कहा गया है कि भूमि बेंगलुरु दक्षिण तालुक के पेड्डनपल्या, वतुर्रु नरसीपुरा, वतुर्रु, गंगनहल्ली गांवों में स्थित है। विपक्ष के नेता सिद्दारमैया, वाड्रा, राज्य के पूर्व कांग्रेसी मंत्री के.जे. जॉर्ज, कृष्णा भयरेगौड़ा, यू.टी. खादर, जमीर अहमद खान, एम.बी. पाटिल, दिनेश गुंडू राव, विधायक कृष्णप्पा, एनए हैरिस को आरोपी व्यक्तियों के रूप में नामित किया गया है। शिकायत में 21 नौकरशाहों के नाम भी शामिल हैं, जिनमें नौ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, पांच केएएस अधिकारी शामिल हैं।

उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग, जालसाजी और सरकारी जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता एन.आर. रमेश ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से इस मामले को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंपने का भी आग्रह किया है।

शुभेंदु को हाई कोर्ट से राहत

एजेंसी। कोलकाता

भाजपा के वरिष्ठ विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को कलकत्ता हाईकोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। अपने एक ट्वीट में कोयला भतीजा और उनके बेटे को लेकर गंभीर आरोप लगाए जाने के मामले में राज्य महिला आयोग की नोटिस पर उच्च न्यायालय ने तीन हफ्ते के लिए रोक लगा दी है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति की मौसुमी भट्टाचार्य ने कहा कि एक ट्वीट के आधार पर किसी को बाल सुरक्षा आयोग का नोटिस मिले यह ठीक नहीं है। कोर्ट सही समय पर उचित फैसला लेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल शुभेंदु अधिकारी ने एक ट्वीट किया था जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी का नाम लिए बगैर दावा किया था कि कोलकाता के एक फाइव स्टार होटल में कोयला भतीजे के बेटे का जन्मदिन समारोह मनाया गया है।

इंजन में आग, एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी। नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के इंजन में आग लगने के बाद शुक्रवार को अबू धाबी हवाईअड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, अबू धाबी हवाईअड्डे से उड़ान भरने के बाद कालीकट जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस बी737-800 उड़ान अपनी चढ़ाई के दौरान 1,000 फीट की ऊंचाई पर थी, तभी यह घटना हुई। विमान में आपात स्थिति की घोषणा की गई, जिसके बाद विमान की सुरक्षित आपात लैंडिंग की गई। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार 184 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। 2021-22 के दौरान तकनीकी खराबी की कुल 1,090 घटनाएं दर्ज की गई थीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को लोकसभा में एक लिखित

जवाब में कहा था कि तकनीकी खराबी विमान में लगे सिस्टम या उपकरण या पुर्जो के अनुचित कामकाज/खराबी के कारण हो सकती है। मंत्रालय ने आगे कहा, ₹कुछ तकनीकी बाधाओं के लिए उड़ान के चालक दल को कार्रवाई करने की आवश्यकता हो सकती है जैसे एयर टर्न बैक, निरस्त टेक-ऑफ, या ऑपरेशन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर जाना और आमतौर पर गंभीर घटनाओं/दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिया जाता है। विमान के आगे संचालन से पहले निमार्ता द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के आधार पर ऑपरेटर तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए एक्शन लेते हैं।

अडानी के बचाव में आयी सरकार

क्या वित्त मंत्री, वित्त सचिव, डीआईपीएएम के बयान के बाद अडानी समूह पहले वाली स्थिति में आ जायेगा?

आरएनएम

नई दिल्ली। क्या गौतम अडानी व उनकी कंपनी समूह के बचाव में सरकार खुल कर सामने आ गयी? कुछ नेताओं व अर्थशास्त्रियों का कहना है कि वित्त मंत्री, वित्त सचिव व अन्य सरकारी बड़े अफसरों के बयान से तो यही लगता है। वित्त मंत्री से लेकर वित्त सचिव टीवी सोमनाथन व डीआईपीएएम सेक्रेटरी तुहिन कांत पांडेय तक ने इस मुद्दे पर बयान देकर लोगों को भरोसा दिलाया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

अडाणी समूह को हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद से ही लगातार झटके लग रहे हैं। कंपनी के करीब सभी शेयरों में लगातार गिरावट जारी है। यह मामला देश की संसद से लेकर आम लोगों के बीच चर्चा का अहम विषय बना हुआ है। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इस मामले को लेकर बयान दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि कि देश के बाजार 'अच्छी तरह विनियमित' हैं, और उन्हें उद्योगपति गौतम अडानी के व्यापारिक साम्राज्य के विवाद से निवेशकों के विश्वास को प्रभावित होने की उम्मीद नहीं थी। हिंडनबर्ग रिसर्च ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में समूह पर कई आरोप लगाए थे। इसमें अडानी समूह पर अकाउंट में धोखाधड़ी और बनावटी अंदाज में से शेयरों की कीमतों को बढ़ाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में इसे स्टॉक में हेरफेर, अकाउंट में धोखाधड़ी और कॉर्पोरेट इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया गया है।अडानी समूह ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को 'बदनाम करने वाली एक साजिश' कहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से लेकर वित्त सचिव टीवी सोमनाथन और डीआईपीएएम सेक्रेटरी तुहिन कांत पांडेय तक ने इस मुद्दे पर बयान देकर लोगों को भरोसा दिलाया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी बैंक और वित्तीय संस्थान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

मरू महोत्सव 2023 का शानदार आगाज

एजेंसी। जैसलमेर

पर्यटन विभाग और जैसलमेर जिला प्रशासन द्वारा विश्व विख्यात मरू महोत्सव का आगाज ऐतिहासिक, आधुनिक और काल्पनिक थीम के साथ शुरू हुआ। सोनार दुर्ग से स्थानीय विधायक रूपाराम धनदेव तथा जिला कलेक्टर टीना डाबी ने हरी झंडी दिखाकर शरूआत की। महोत्सव की औपचारिक शुरूआत पोखरण से हुई। मरू महोत्सव का आधिकारिक शुभारम्भ शुक्रवार को पीत पाषाणों के शहर जिसे दुनिया गोल्डन सिटी जैसलमेर के नाम से जानती है से हुआ। सुबह साढ़े आठ बजे नगर आराध्यदेव भगवान लक्ष्मीनाथ के मंदिर में आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसके बाद सोनारदुर्ग से शोभा यात्रा निकाली जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शहीद पूनम सिंह स्टेडियम पहुंची। बीएसएफ के सजे-धजे ऊंट व इन पर सवार बीएसएफ के जांबाज, केमल माउण्टेन बैंड वादकों का समूह, मंगलकलश लिए बालिकाएं, लोक कलाकारों का कारवां दुर्ग से निकल कर मुख्य मार्ग से होता हुआ शहीद पूनमसिंह स्टेडियम पहुंच कर शानदार समारोह में परिवर्तित हुआ।

स्नातक एमएलसी चुनाव

भाजपा के देवेंद्र प्रताप ने लहराया जीत का परचम

देवेंद्र प्रताप सिंह को मिले 51 हजार 699 वोट

एजेंसी। गोरखपुर

स्नातक एमएलसी चुनाव में भाजपा के देवेंद्र प्रताप ने चौथी बार जीत हासिल कर कीर्तिमान रच दिया है। देवेंद्र प्रताप को कुल 51 हजार 699 वोट मिले, जबकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदावार करुणाकांत को 34 हजार 244 मतों पर संतोष करना पड़ा। भाजपा उम्मीदावार देवेंद्र प्रताप को प्रथम वरीयता के अंतिम 8वें राउंड में विजय हसील हुई। एक लाख एक हजार 158 वैध वोटों की गिनती हुई। जीत के लिए 50 फीसदी और एक वोट यानी 50 हजार 580 वोट पाना जरूरी था। इधर, 05

हजार 655 वोट पाकर रजनीश पटेल तीसरे और दो हजार 912 वोट पाकर दिलीप कुमार गौतम चौथे नंबर पर रहे। पढ़े-लिखे आठ हजार 65 स्नातक ठीक से वोट नहीं डाल पाए, जिससे ये मत अवैध हो गए। 24 में से छह अप्रत्याशियों को 100 वोट भी नहीं मिल सके। उल्लेखनीय है कि 17 जिलों में इस चुनाव के लिए कुल 321 बूथ बनाये गये थे। निर्वाचन क्षेत्र के कुल 17 जिले में सिर्फ 43.19 प्रतिशत ही मतदान हो सका था।

आतंकी हमले की धमकी के बाद मुंबई पुलिस सतर्क

मुंबई। मुंबई में आतंकी हमले की धमकी मिलने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है और शहर के मुख्य ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुंबई पुलिस आतंकी धमकी देने वालों की छानबीन कर रही है। सूत्रों के अनुसार नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी की मेल आईडी पर आतंकी धमकी वाला ईमेल मिला था। इसके बाद एनआईए ने देश के सभी शहरों को अलर्ट कर दिया गया। एनआईए ने इस संबंध में मुंबई पुलिस के कंट्रोल रुम को गुरुवार को रात बारह बजे अलर्ट की सूचना भेज दिया था। एनआईए को मिले ईमेल करने वाले ने उल्लेख किया है कि वह तालिबान और तालिबान संगठन के मुख्य नेता सिराजुद्दीन हक्कानी के आदेश पर काम कर रहा है। ईमेल में मुंबई सहित कई शहरों में आतंकी हमले की धमकी दी गई है।

हुनर

बिहार से सीख कर अमेरिका लौटे शेफ बरनाथ

ईटन बरनाथ ने गेट्स के साथ बनायी रोटी

एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने सेलिब्रिटी शेफ ईटन बरनाथ के साथ रोटी बनाई, और इसे घी के साथ खाया। बता दें कि शेफ ईटन बरनाथ हाल ही में बिहार की यात्रा से अमेरिका लौटे हैं। गेट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह बरनाथ से रोटी बनाना सीखते नजर आ रहे हैं। गेट्स ने कैप्शन में लिखा, हमने एक साथ भारतीय रोटी

बनाकर खूब मस्ती की। ईटन अभी-अभी बिहार, भारत की यात्रा से वापस आए है, जहां वह गेहूं के किसानों से मिले, जिनकी पैदावार नई अगैती बुवाई तकनीकों की बदौलत नाटकीय रूप से बढ़ी है। उन्होंने 'दीदी की रसोई' कॉम्युनिटी कैंटीन की महिलाओं से भी मुलाकात की, जिन्होंने बड़ी विनम्रता से रोटी बनाने का तरीका समझाया। वीडियो में दोनों रोटियां बनाते हुए और उन पर घी लगाते हुए नजर आ रहे है। जब बरनाथ ने गेट्स से पूछा, आखिरी बार आपने खाना कब बनाया है? इस पर माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने जवाब दिया, अगर सूप को गर्म करना खाना बनाने में गिना जाता है, तो मैं नियमित रूप से खाना बनाता हूं। पिछले साल फरवरी में, गेट्स ने कोविड-19 टीकों के विकास, निर्माण और वितरण के लिए भारत की प्रशंसा की थी और देश के वैक्सीन कवरेज को बहुत प्रभावशाली करार दिया था।

हंसल मेहता की 'फराज' भारत में 100 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी

फिल्मकार हंसल मेहता निर्देशित फिल्म 'फराज' रियल लाइफ होस्टेज ड्रामा है, जो देश भर में चुनिंदा 100 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी। निमार्ता अनुभव सिन्हा का कहना है कि यह एक विशेष फिल्म है और चाहते हैं कि लोग पूरे भारत में प्रीमियम शो के अनुभव का हिस्सा बनें। सिन्हा ने साझा किया, 'फराज' एक ऐसी कहानी है, जिसे बड़े पर्दे पर अनुभव करने की आवश्यकता है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म अपने सही दर्शकों तक पहुंचे और इसलिए हमने चुनिंदा स्क्रीन पर प्रीमियम रिलीज करने का फैसला किया है। यह एक विशेष फिल्म है और हम चाहते हैं कि लोग पूरे भारत में प्रीमियम शो के अनुभव का हिस्सा बनें। जिस तरह से लोग कंटेंट का उपभोग करते हैं, वह पिछले कुछ वर्षों में बहुत विकसित हुआ है, चाहे वह ओटीटी पर घर पर फिल्में देखना हो या फिल्म देखने के लिए थिएटर जाना हो। फिल्म निमार्ता और निमार्ता के रूप में दर्शकों के व्यवहार के अनुकूल होना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमने फराज को चुनिंदा स्क्रीन्स पर रिलीज करने का फैसला किया है। ढाका कैफे को तबाह करने वाले वास्तविक जीवन के आतंकवादी हमले के आधार पर, 'फराज' एक युवा लड़के के बारे में एक अनकही वीरतापूर्ण कहानी है, जो सबसे बुरे समय में डटकर खड़ा रहा।

नयनतारा भी हुई थीं कास्टिंग काउच की शिकार

नयनतारा उन कुछ अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने एक ही समय में तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्म उद्योग पर राज किया है। वह दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योगों में सबसे अधिक पेमेंट पाने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। भारतीय फिल्म और टेलीविजन उद्योग में कई अभिनेत्रियों ने कास्टिंग काउच के साथ अपने अनुभव साझा किए हैं, और यहां तक कि नयनतारा ने भी अपने शुरूआती दिनों में इसका पहली बार अनुभव किया था। हाल ही में उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान इस बारे में खुलासा किया।

'पठान' ने दुनियाभर में 667 करोड़ कमाएं

सिद्धार्थ आनंद निर्देशित 'पठान' ने एक और मुकाम हासिल किया है। फिल्म पठान ने केवल आठ दिनों में दुनिया भर में 667 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। 25 जनवरी को रिलीज हुई 'पठान' ने अपने आठवें दिन भारत में 18.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें हिंदी में 17.50 करोड़ रुपये और डब वर्जन में 0.75 करोड़ रुपये की कमाई शामिल है। आठ दिनों में, 'पठान' ने अकेले विदेशी क्षेत्रों में 30.06 मिलियन डॉलर (250 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया है। जबकि भारत में कुल कलेक्शन 348.50 करोड़ रुपये है, जिसमें हिंदी में 336 करोड़ रुपये और डब वर्जन में 12.50 करोड़ रुपये की कमाई शामिल है। 'पठान' वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है, जिसमें 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है' और 'वॉर' भी शामिल हैं।

दिग्गज तेलुगू फिल्म निर्माता विश्वनाथ का निधन

प्रसिद्ध तेलुगु फिल्म निमार्ता के. विश्वनाथ, जिन्होंने कुछ तमिल फिल्मों में भी अभिनय किया, का निधन हो गया है। वह 92 वर्ष के थे। विशननाथ ने गुरुवार देर रात हैदराबाद के अपोलो अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित और पांच बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, आयु संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। 19 फरवरी, 1930 को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में जन्मे, उन्होंने 50 से अधिक फिल्मों

का निर्देशन किया। विश्वनाथ शंकरभरणम, सागर संगमम, स्वाति मुथ्यम और स्वर्ण कमलम जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों के लिए लोकप्रिय थे। उन्होंने यारादी नी मोहिनी, राजापत्तई, लिंगा और उत्तम विलेन जैसी तमिल फिल्मों में भी अभिनय किया और कमल हासन, आर पार्थिबन और अजीत जैसे कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया। 1992 में, उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया और 2016 में उन्हें फिल्म उद्योग के लिए भारत में सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।